www.navpradesh.com
दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस
RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, रविवार 5 मई 2024, वर्ष-10 अंक- 25 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

लोकसभा चुनाव: चौथे चरण में 476 करोड़पति और 170 महिला प्रत्याशी मैदान में...

226 प्रत्याशी की आयु 61 से 80 वर्ष के बीच

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। एसोसिएशन फॉन डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और द नेशनल इलेक्शन वॉच ने लोकसभा चुनाव 2024 में चौथे चरण में चुनाव लड़ रहे 1717 प्रत्याशियों द्वारा जमा किए हलफनामों में से 1710 प्रत्याशियों का विस्तृत रूप से विश्लेषण किया गया है जो प्रत्याशियों ने ने जमा किए है इसमें से 476 करोड़पति चौथे चरण में अपनी किस्मत अजमा रहे हैं। लोकसभा के चौथे चरण में 170 महिला उम्मीदवार भी चुनावी मैदान में है।

476 करोड़पति मैदान में

देश के प्रमुख दलों से लोकसभा के चौथे चरण में चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों में शिवसेना के 3, बीजेडी के 4, राजद के 4, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के 4, टीडीपी के 17, बीआरएस के 17, वाईएसआरसीपी के 24, बीजेपी के 65, कांग्रेस के 56, एआईटीसी के 7, एआईएमआईएम के 2 और सपा से विश्लेषण किए गए 19 उम्मीदवारों में से 11 प्रत्याशियों ने अपने दिए हलफनामों में संपत्ति घोषित की है। चौथे चरण में चुनाव लड़ रहे 1717 प्रत्याशियों का यदि संपत्ति औसत देखा जाए तो यह औसत हर एक प्रत्याशी 11.72 करोड़ रुपए की संपत्ति का मालिक है।

चन्द्र शेखर पेम्मासानी
आंध्र प्रदेश-गुंटूर लोकसभा
दल का नाम-तेदेपा
5705 करोड़+

कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी
तेलंगाना-चेवेल्ला लोकसभा
दल का नाम- भाजपा
4568 करोड़+

प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी
आंध्र प्रदेश नेल्लोर
दल का नाम- तेदेपा
716 करोड़+

प्रत्याशियों का शिक्षा

644 उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षणिक योग्यता 5 वीं से 12 वीं कक्षा के बीच घोषित की है। जबकि 944 प्रत्याशियों ने स्नातक या उससे ऊपर की शैक्षणिक योग्यता होने की घोषणा की है। 66 प्रत्याशी डिप्लोमा धारक हैं। 30 प्रत्याशियों ने खुद को सिर्फ साक्षर और 26 प्रत्याशियों को निरक्षर बताया है।

प्रत्याशियों की आयु

चौथे चरण में 642 प्रत्याशियों ने अपनी आयु 25 से 40 वर्ष के बीच घोषित की है जबकि 842 उम्मीदवारों ने अपनी आयु 41 से 60 वर्ष के बीच घोषित की है। 226 उम्मीदवार ऐसे हैं जिन्होंने अपनी आयु 61 से 80 वर्ष के बीच घोषित की है।

पार्टीवार औसत संपत्ति

देश के प्रमुख दल जिनके प्रत्याशियों ने अपने हलफनामों में घोषित संपत्ति का ब्यौरा दिया है। जिनमें प्रमुख दलों में 17 टीडीपी उम्मीदवारों की प्रति उम्मीदवार औसत संपत्ति रु. बीजेपी के 70 उम्मीदवार 416.42 करोड़ रु. 101.77 करोड़, 3 शिवसेना उम्मीदवार हैं रु. 54.49 करोड़, 17 बीआरएस उम्मीदवारों के पास 54.25 करोड़ रुपये, 25 वाईएसआरसीपी उम्मीदवारों के पास 39 करोड़ रुपये की औसत संपत्ति, 8 एआईटीसी उम्मीदवारों के पास 36 करोड़ रुपये की औसत संपत्ति, 61 कांग्रेस उम्मीदवारों के पास 23.65 करोड़ रुपये की औसत संपत्ति, 4 शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

चुनाव के दौरान आमतौर पर नेताओं का फूल माला से स्वागत किया जाता है। उनके जयकारे लगाए जाते है। ऐसे में किसी नेता को जूता मारने की कोशिश करना सनसनीखेज घटना बन जाती है। कुछ लतखोर टाइप नेता तो जनता की सहानुभूति पाने के लिए खुद पर जूता फेकवाते है। मुंह पर कालिख लगवाते है। यहां तक कि थप्पड़ खा जाते है। यह बहुत पुराना हथकंडा है। उत्तरप्रदेश में स्वनाम धन्य नेता स्वामी प्रसाद मौर्या पर किसी ने जूता फेंक मारा यह निंदनीय घटना है। साथ ही घोर अपमान भी है। नेता का भी और जूते का भी ।

फोर्ड कार हुई अनियंत्रित 5 लोगों की दर्दनाक मौत

मसूरी (ए.)। पहाड़ों की रानी मसूरी शनिवार तड़के दर्दनाक हादसे से दहल गई।

यहां झड़ीपानी मार्ग पर दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया कि फोर्ड कार में कुल छह लोग सवार थे। दुर्घटनाग्रस्त फोर्ड कार में चार पुरुष और दो महिलाएं सवार थे। बताया गया कि चूनाखाल झाड़ीपानी मार्ग पर शनिवार सुबह पांच बजे एक वाहन कमल कॉटेज के समीप अनियंत्रित होकर नीचे सड़क पर उल्टा होकर गिरा। अग्निशमन अधिकारी डीएस तड़ियाल ने बताया कि तीन कार सवारों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है और तीन घायलों को खाई से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया था। सभी कार सवार देहरादून के एक शिक्षण संस्थान के छात्र बताए जा रहे हैं। वहीं रुड़की में शनिवार की सुबह हरिद्वार से राजस्थान जा रही बस का नियंत्रण बिगड़ने के कारण बस नारसन बॉर्डर पर हाईवे के बीचों-बीच बनी पुलिस चेक पोस्ट के कमरे पर चढ़ गई। कमरे को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया।

मां की डांट से नाराज नाबालिग छात्रा ने लगा ली फांसी

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले के मोहन नगर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बालिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मामले को जांच में लिया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मां ने किसी बात पर बच्ची को डांट दिया, तो नाराज नाबालिग ने यह कदम उठाया। मोहन नगर थाना प्रभारी आकांक्षा पांडेय ने बताया कि 13 साल की संगीता नायक, निवासी तितुरडीह उड़िया मोहल्ला ने शुक्रवार को अपने घर में फांसी लगा ली। बच्ची की मां उर्मिला ने कल शुक्रवार को सुबह मृतिका सोई थी, तभी उसकी मां उर्मिला ने उसे उठाई और बोली कि इधर-उधर घूमने मत जाना। काम में जाओगी कि नहीं तब मृतिका काम में जाऊंगी बोली। इसके बाद मृतका की मां अपने काम पर चली गई थी। सुबह 10 बजे उसे कोई महिला आकर बताई कि उसकी पुत्री अपने घर में सीट में लगे लोहे के 6 फीट ऊंचे पाइप में दुपट्टा से फांसी लगा ली है।

आईपीएल सट्टा: सीजी पुलिस की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई

98 फोन के साथ 3 राज्यों से पकड़ लाए 26 सटोरिए

- पेपर वाला बनकर पुलिस ने पहले की रेकी, फिर एक साथ दबोचे गए सटोरिए
- महाराष्ट्र में बैठकर रेड्डी 67, महादेव पैनल 149 व लेजर 10 आईडी पैनल का संचालन

रायपुर/नवप्रदेश। आईपीएल सट्टे को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। मामले में छत्तीसगढ़ राज्य की अब तक की आईपीएल सट्टा मामले में सबसे बड़ी कार्रवाई की गई है। सीजी पुलिस ने पुणे (महाराष्ट्र) से 26 सटोरिए को गिरफ्तार किया है। आरोपी 3 राज्य मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। एण्टी क्राईम एण्ड साइबर यूनिट रायपुर ने संयुक्त कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार पुणे (महाराष्ट्र) में बैठकर रेड्डी 67, महादेव पैनल 149 एवं लेजर 10 आईडी पैनल से आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा का संचालन किया जा रहा था। बताया गया कि 35 से 50 लाख रुपए में एक-एक आईडी ली गई थी।

आरोपियों को पकड़ने सीजी पुलिस ने बनाई बड़ी योजना

गिरफ्तार सटोरियों से पूछताछ एवं विवेचना में पाया गया कि उनके अन्य साथी महाराष्ट्र के पुणे में बैठकर महादेव एप पैनल के माध्यम से सट्टा संचालित कर रहे हैं। चूंकि एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट रायपुर की टीम थाना माना के प्रकरण में आरोपी पतासाजी के लिए पूर्व से महाराष्ट्र में उपस्थित थे। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पूर्व से उपस्थित एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट टीम की सहायता के लिए एक अन्य टीम का गठन कर पुणे महाराष्ट्र रवाना किया गया। टीम के सदस्यों ने पुणे पहुंच कर सटोरियों की पतासाजी करते हुए सटोरियों को लोकेट किया गया, जो कि पुणे के भारती विद्यापीठ क्षेत्र ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आरोपियों से ये चीजें जप्त

प्रकरण में 26 सटोरियों के साथ अब तक कुल 34 सटोरिए को गिरफ्तार कर लिया गया है। सटोरियों के कब्जे से लैपटॉप 11 नग, मोबाईल फोन 98 नग, कैल्कुलेटर 1 नग, वाईफाई 2 नग, रजिस्टर 3 नग, पास बुक 30 नग, चेक बुक 9 नग, एटीएम 81 नग तथा सिम कार्ड 50 नग जप्त किया गया है। छत्तीसगढ़ में रायपुर निवासी नवीन वैद्य, कोरबा निवासी पिंटू एवं चांपा निवासी नयन तीनों मुरली से जुड़े हुए हैं तथा इसी से आईडी लेते हैं। मुरली एवं पिंटू के दुबई में होने की संभावना है।

30 करोड़ से अधिक लेनदेन

जप्त मशरूका की कुल कीमत लगभग 25 लाख रुपए है। सटोरियों से जप्त लैपटॉप एवं मोबाईल फोन में लगभग 30 करोड़ रुपए से अधिक के लेन-देन की जानकारी प्राप्त हुई है। मोबाईल एवं बैंक खातों से हजारों प्लेयर की जानकारी भी प्राप्त हुई है। वर्ष 2024 के आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम ने अब तक 9 प्रकरण में कुल 57 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

भाजपा के रहते संविधान को कोई खतरा नहीं: सीएम साय

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नवागढ़ में की चुनावी सभा

बेमेतरा/नवप्रदेश। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बेमेतरा जिले के तीनों विधानसभा साजा, बेमेतरा व नवागढ़ में 7 मई को मतदान होना है। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की ओर से वर्तमान सांसद विजय बघेल चुनावी मैदान में है। इनके प्रचार को लेकर शनिवार 4 मई को सीएम विष्णुदेव साय जिले के दौरे पर रहे। उन्होंने जिले के नवागढ़ में जनसभा को दोपहर 1.30 बजे संबोधित करते हुए कांग्रेस को जमकर आड़े हाथों लिया।

सीएम साय ने कहा कि चुनाव के दौरान कांग्रेस कई तरह के अफवाह फैला रही है, जिसमें कहा जा रहा है कि भाजपा की 400 सीट आने पर संविधान को खतरा है, आरक्षण खत्म हो जाएगा। साय ने कहा लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है। भाजपा के रहते न तो संविधान को खतरा है और न ही एसटी, एससी व ओबीसी आरक्षण खत्म किया जाएगा।

सभी सीट जीतेगी भाजपा

प्रदेश की सभी 11 सीट भाजपा जीत रहीं है। कांग्रेस ने अपने कार्यकाल के दौरान प्रदेश के लोगों के साथ छल किया है। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने कई वादे किए थे, जो 5 साल बाद भी पूरे नहीं हुए। उल्टे भूपेश बघेल के कार्यकाल के दौरान जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। यही कारण है कि उनके कई नेता आज जेल में बंद है।

पूर्व सीएम के खिलाफ भी मामला दर्ज हुआ है

सीएम ने कहा कि खुद पूर्व सीएम भूपेश बघेल के खिलाफ महादेव सट्टा एप मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में जो काम किया है, वो काम कोई भी दूसरी सरकार नहीं कर सकती। उनके कार्यकाल के दौरान राम मंदिर का निर्माण, जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इधर राहुल ने नामांकन दाखिल किया, उधर दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष लवली सहित 4 नेता भाजपा में

नई दिल्ली, (वार्ता)। दिल्ली कांग्रेस से इस्तीफा देने वाले पूर्व मंत्री अरविंदर सिंह लवली और राजकुमार चौहान तथा वरिष्ठ नेता नीरज बसोया एवं अमित मलिक शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए।

भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के महासचिव विनोद तावड़े, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी एवं सह प्रभारी संजय मयूख की उपस्थिति में चारों नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर तावड़े ने चारों नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि एक ओर जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी रायबरेली से नामांकन पत्र दाखिल कर रहे हैं, उस समय दिल्ली के ये दिग्गज कांग्रेस छोड़ कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत अभियान में शामिल हो रहे हैं। गांधी एक ओर वायनाड को अपना परिवार बताते हैं। फिर रायबरेली में यही दोहराते हैं। हकीकत यह है कि उनका परिवार सिर्फ वोट है, लोग नहीं।

यह निर्णय दिल्ली के हित में : पुरी ने कहा कि चारों नेताओं ने दिल्ली में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जिला पंचायत अध्यक्ष यानिता यशवंत ने छोड़ दी कांग्रेस

जांजगीर चांपा/नवप्रदेश। जांजगीर चांपा में लोकसभा चुनाव के लिए सात मई को मतदान होना है। कांग्रेस पार्टी को चुनाव के 4 दिनों पहले बड़ा झटका लगा है।

जांजगीर चांपा जिला पंचायत अध्यक्ष यानिता यशवंत चंद्रा ने कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा पीसीसी चीफ दीपक बैज को लिखित में भेजा है। उन्होंने कहा की 20 वर्षों से कांग्रेस पार्टी में काम करते आई हूं, लेकिन कांग्रेस पार्टी का सिद्धांत और विचार से भटक चुकी है। जिला पंचायत जांजगीर चांपा की अध्यक्ष यनिता यशवंत चंद्रा ने चुनाव के वोटिंग से पहले अपना इस्तीफा पीसीसी चीफ दीपक बैज को 2 मई को भेजा है। जिला पंचायत अध्यक्ष यानिता यशवंत चंद्रा जोकि नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत की खेमे की नेत्री हैं, जिन्हें ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हॉस्टल गेट तोड़ छात्राओं का प्रदर्शन वार्डन के व्यवहार से नाराजगी

- गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी छात्रावास की छात्राओं का आरोप, हिटलर जैसा बर्ताव

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन के स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में जाने से वार्डन ने हॉस्टल की छात्राओं को रोक दिया, जिससे वहां की छात्राएं नाराज हो गईं। उसके बाद मामला बिगड़ गया और गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी की छात्राओं ने शुक्रवार की रात एबीवीपी कार्यकर्ताओं के

साथ मिलकर जमकर हंगामा मचाया। छात्राएं हॉस्टल के बाहर अव्यवस्था सहित अपनी लंबित मांगों को तत्काल पूरा करने की मांग करते हुए हंगामा मचाने लगी। नाराज छात्राओं ने हॉस्टल का गेट तोड़ दिया और नारेबाजी करती हुई बाहर निकल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अनवर ढेबर की जमानत याचिका खारिज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले मामले में न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद अनवर ढेबर की जमानत याचिका को एसीबी स्पेशल कोर्ट ने खारिज कर कर दिया है। दोनों पक्षों के बीच लंबी बहस के बाद कोर्ट ने कोर्ट ने ये फैसला दिया है। बता दें कि पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने अनवर ढेबर, अरविंद सिंह और अरुणपति त्रिपाठी को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। 16 मई तक तीनों आरोपी जेल में रहेंगे। शराब घोटाले पर ईओडब्ल्यू और ईडी शराब घोटाला मामले में जांच कर रही है। वहीं ईडी ने आबकारी मामले में रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा को हिरासत में लेकर पूछताछ की है।

गरमा-गरम

उपलब्धि.. किसी राजनीतिक दल के मेनेजमेंट को समझने विदेश से दल पहुंचना अपने आप में बड़ी बात

बीजेपी के चुनावी प्रचार को देखने छत्तीसगढ़ पहुंचे विदेशी राजनयिक

- नेपाल, बांग्लादेश, मॉरीशस और रूस से आए सदस्य मिले सीएम साय से

रायपुर/नवप्रदेश। भारत में लोकतंत्र के सबसे बड़े त्योहार आम चुनाव के चर्चे पूरी दुनिया में होती है। इसी के तहत इसकी प्रक्रिया, प्रतिक्रिया, जनता के बीच उत्साह, पार्टियों की सक्रियता और मतदान को समझने के लिए विदेशी राजनयिकों का एक सात सदस्यीय दल छत्तीसगढ़ पहुंचा है। बता दें कि किसी राजनीतिक दल के मेनेजमेंट को समझने विदेश से दल पहुंचना अपने आप में बड़ी बात है।

इसी के तहत विदेशी राजनयिकों के दल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात करने सीएम हाउस पहुंचा। इस दौरान सीएम साय ने उनसे चुनाव प्रक्रिया को लेकर लंबी चर्चा की और चुनाव प्रक्रिया की बारीकियां बताई। विदेशी मेहमानों ने भी मुख्यमंत्री से पिछले तीन दिन के अपने अनुभव साझा किए।

पीएम मोदी का माना आभार

नेपाल, बांग्लादेश, मॉरीशस और रूस से आए सदस्यों ने मुख्यमंत्री से चुनाव के अनुभव साझा किए। छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, खानपान, मेहमान नवाजी और यहां हो रहे विकास कार्यों की जम कर तारीफ भी की। विदेशी मेहमानों ने बताया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आभारी हैं, जिन्होंने 25 वैश्विक पार्टियों को लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान को देखने-समझने के लिए आमंत्रित किया।

यहां उन्हें दुनिया की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी भाजपा के चुनावी अभियान को समझने का मौका मिला, साथ ही विश्व के सबसे बड़े नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह पार्टी किस तरह चुनाव लड़ती है उन्होंने यह भी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ की आदिवासी संस्कृति, कला को जाना

इस दौरान सीएम साय ने सभी अतिथियों को बस्तर, सरगुजा और जशपुर के प्राकृतिक पर्यटन स्थलों के बारे में अवगत कराया। वहां की आदिवासी संस्कृति, कला, वेशभूषा और खानपान के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने अतिथियों को मात्र 3 महीने की उनकी सरकार में जनहित के किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। एक-एक जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और उसके लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

लोस चुनाव देखने 23 देशों के पर्यवेक्षक भारत में

नई दिल्ली, (वार्ता)। चुनाव आयोग के आमंत्रण पर 23 देशों के निर्वाचन निकायों के 75 पर्यवेक्षक देश में 18वीं लोकसभा चुनाव प्रक्रिया को देखने के लिए भारत पहुंचे हैं। आयोग की ओर से शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षों का यह कार्यक्रम शुक्रवार से शुरू हुआ है। आयोग के मुताबिक विदेशी पर्यवेक्षक एवं प्रतिनिधि इस दौरान विभिन्न राज्यों का दौरा करेंगे। आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार, चार मई से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य विदेशी प्रबंधन निकायों (ईएमबी) को भारत की चुनावी प्रणाली की बारीकियों के साथ-साथ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चौथे चरण में 1717 प्रत्याशियों में से 360 प्रत्याशियों पर अपराधिक मामले, 5 पर बलात्कार का केस

■ **11 प्रत्याशी जिनके खिलाफ आईपीसी धारा-302 से संबंधित मामले घोषित**

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। एसोसिएशन फॉन डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और द नेशनल इलेक्शन वॉच ने लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण में चुनाव लड़ रहे 1717 प्रत्याशियों द्वारा जमा किए हलफनामों में से 1710 प्रत्याशियों का विस्तृत रूप से विश्लेषण किया है। जो इस लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण में चुनाव लड़ रहे हैं।

लोकसभा के चौथे चरण में कुल 1717 प्रत्याशियों में से 360 प्रत्याशियों के खिलाफ अपराधिक मामले अपने हलफनामों में घोषित किए है। इस रिपोर्ट में 1710 में से 360 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले, वहीं गंभीर आपराधिक मामले वाले 274 प्रत्याशियों ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। दोषसिद्ध वाले 17 प्रत्याशी भी चुनावी मैदान में है। हत्या से संबंधित मामलों वाले 11 प्रत्याशी जिनके खिलाफ आईपीसी धारा-302 से संबंधित मामले घोषित किए हैं। हत्या के प्रयास वाले 30 प्रत्याशी है। इस लोकसभा चुनाव में महिलाओं के खिलाफ अपराध वाले 50 प्रत्याशी और 5 प्रत्याशियों पर बलात्कार (आईपीसी की धारा-376) से संबंधित आरोपों की घोषणा की है। हेट स्पीच से संबंधित मामले वाले 44 भी चुनावी मैदान में अपनी किस्मत अजमा रहे हैं।

ADR
Association for Democratic Reforms

आपराधिक मामलों वाले पार्टीवार उम्मीदवार

देश के प्रमुख दलों से चुनाव लड़ रहे कुल प्रत्याशियों में से कितने प्रत्याशियों पर अपराध दर्ज है उनका छोटा विवरण इस प्रकार है। एआईएमआईएम के 3 प्रत्याशियों में से 3, शिव सेना के 3 प्रत्याशियों में से 2, बीआरएस के 17 प्रत्याशियों में से 10, कांग्रेस के 61 प्रत्याशियों में से 35, बीजेपी के 70 प्रत्याशियों में से 40, टीडीपी के 17 प्रत्याशियों में से 9, बीजेडी के 4 प्रत्याशियों में से 2, राजद के 4 प्रत्याशियों में से 2, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) 4 उम्मीदवारों में से 2, वाईएसआरसीपी के 25 उम्मीदवारों में से 12, एआईटीसी के 8 उम्मीदवारों में से 3 और समाजवादी पार्टी के 19 उम्मीदवारों में से 7 ने अपने खिलाफआपराधिक मामले घोषित किए हैं।

रेड अलर्ट निर्वाचन क्षेत्र

लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण में 96 निर्वाचन क्षेत्रों में से 58 रेड अलर्ट निर्वाचन क्षेत्र हैं। रेड अलर्ट निर्वाचन क्षेत्र वे निर्वाचन क्षेत्र हैं जहां 3 या अधिक चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों ने अपने खिलाफआपराधिक मामले घोषित किए हैं। लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण में उम्मीदवारों के चयन में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का राजनीतिक दलों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है क्योंकि उन्होंने आपराधिक मामलों वाले लगभग 21 प्रतिशत प्रत्याशियों को टिकट देने की अपनी पुरानी परंपरा को फिर से अपना लिया है। लोकसभा चुनाव चौथे चरण में लड़ रहे सभी प्रमुख दलों ने 37 प्रतिशत से लेकर 100प्रतिशत तक ऐसे उम्मीदवारों को टिकट दिया है, जिन्होंने अपने खिलाफआपराधिक मामले घोषित किए हैं।

राजनीतिक दलों को चुनावी प्रणाली में सुधार करने में कोई दिलचस्पी नहीं

हाल ही में 2023 में हुए 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों के दौरान, यह देखा गया कि राजनीतिक दलों ने व्यक्ति की लोकप्रियता, अच्छे सामाजिक कार्य करना, मामले राजनीति से प्रेरित होना आदि जैसे निराधार और निराधार कारण बताए। ये उम्मीदवार खड़ा करने के लिए ठोस और ठोस कारण नहीं हैं। दागदार पृष्ठभूमि यह डेटा स्पष्ट रूप से दिखाता है कि राजनीतिक दलों को चुनावी प्रणाली में सुधार करने में कोई दिलचस्पी नहीं है और हमारा लोकतंत्र कानून तोड़ने वालों के हाथों, जो कानून निर्माता बन जाते हैं, नुकसान उठाना जारी रखेगा।

आधे जेल में और आधे बेल पर...

जेपी नड्डा का लालू परिवार और इंडिया गठबंधन पर हमला

अररिया. भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक बार फिर लालू परिवार को निशाने पर लिया और करारा हमला बोला. अररिया के धर्मगंज मेला मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने पीएम मोदी के 10 साल के कार्यकाल को सेवा, गरीब कल्याण और सुशासन वाला बताया तो दूसरी ओर लालू परिवार को बिहार का खजाना लूटने वाला कहा. अररिया में बाबा मदनेश्वर और बाबा सुंदरनाथ को नमन करने के बाद जनसभा में पहुंचे जेपी नड्डा ने अररिया सीट पर एक बार फिर भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह की जीत का दावा किया. जेपी नड्डा ने भ्रष्टाचार और परिवारवाद पर निशाना साधते हुए कहा कि ममता के मंत्रियों ने घोटाला किया, अरविंद केजरीवाल ने घोटाला किया, सभी महागठबंधन के नेता जमानत पर हैं या जेल में हैं.

आधे जेल में या बेल पर हैं. लालू और राहुल की मटन वाली दोस्ती, फारुख अब्दुल्ला, लालू यादव, मुलायम, बादल, केसीआर, करूणानिधि, शरद पवार, उद्धव ठाकरे सभी परिवार की पार्टी है. मैं और मेरा परिवारवाद बाकी सभी बजाओ झुनझुना।नड्डा ने अररिया में अपने संबोधन में कहा, बीते 10वर्षों में 11 से हम 5 वें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गए हैं. पेट्रोकेमिकल, मेडिसिन, मोबाइल फोन निर्माण में हम आगे हैं. अब मेड इन इंडिया का दौर है और ये भारत की बदलती हुई अर्थव्यवस्था है. नड्डा ने दावा किया कि 26 चरू प्रतिदिन रेलवे ट्रैक बिछाए जा रहे हैं. सड़कें भी तेज गति से बन रहीं हैं. नड्डा ने कहा कि कोरोना आपदा में जहां अमेरिका, जापान और रसिया (रूस) फेल हो गए, वहीं मोदी जी ने 140 करोड़ देशवासियों को बचाने का काम किया. हमने लॉकडाउन लगाया क्योंकि जान है तो जहान है. नड्डा ने आगे कहा कि इस देश में टेटनस सहित अन्य बीमारियों की दवाई आने में 27 साल लग गए, लेकिन 24 जनवरी 2020 को 20 अप्रैल को टास्क फोर्स बिठाया और 9 महीने के अंडर वेक्सिन बना दिया. वैक्सीन का विरोध करने वाले लोगों ने भी छुपके टीका लगवाया. मोदी जी के नेतृत्व में भारत सिर्फ मांगने वाला नहीं देने वाला भारत बन गया है.

जेपी नड्डा ने कहा कि मुफ्त अनाज स्कीम से लोग गरीबी रेखा से नीचे आए हैं. पीएम मोदी ने तय किया है कि आगे भी पांच वर्षों तक अनाज दिया जाएगा, वहीं किसान सम्मान निधि, उज्वला योजना, सौभाग्य योजना का लाभ मिला. सौर ऊर्जा के माध्यम से हर घर के छत पर सौर्य ऊर्जा उपकरण लगेगा, इससे बिजली बिल जीरो हो जाएगी।

अलायंस भ्रष्टाचारियों का अड्डा

जेपी नड्डा ने कहा इंडी अलायंस भ्रष्टाचारियों का अड्डा है और इस कुनबे में आधे जेल में हैं आधे बेल पर हैं. उन्होंने सवालिया लहजे में पूछा, लालू जी ने चारा घोटाला किया कि नहीं, अलकतरा घोटाला किया कि नहीं, नौकरी के नाम पर जमीन हड़पी कि नहीं, लालू जमानत पर हैं या नहीं हैं, तेजस्वी जमानत पर हैं या नहीं हैं, मीसा जमानत पर हैं या नहीं हैं, ये ऐसा कुनबा है जिसमें आधे जेल में हैं आधे बेल पर हैं. लालू, तेजस्वी, तेजप्रताप परिवार की पार्टी है या नहीं है.

राहुल के रायबरेली से चुनाव लड़ने पर आक्रामक हुई कांग्रेस भाजपा के नेताओं को घेरा

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण को लेकर राजनीतिक दलों की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी के मद्देनजर कई बड़े नेता प्रचार में पूरा जोर लगा रहे हैं। पीएम मोदी आज यूपी के कानपुर में सभा को संबोधित करेंगे। वहीं, कई और बड़े नेता अपने-अपने लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार पर जोर दे रहे हैं। यहां पढ़ें चुनाव से जुड़े सभी बड़े अपडेट्स...

कांग्रेस का एक और विभाजन तय: आचार्य प्रमोद कृष्णम : कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को टिकट न मिलने पर पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा, ÷राहुल गांधी की जो पलायन वाली नीति है, जिस तरह से उन्होंने अमेठी को छोड़ा है, उसके बाद पूरे देश के कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का मनोबल गिर गया है। प्रियंका गांधी के चुनाव ना लड़ने से धीरे-धीरे कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं में एक ज्वालामुखी धधक रहा है जो 4 जून के बाद फटेगा। देश की आजादी के बाद कांग्रेस का एक और विभाजन होना सुनिश्चित है। 4 जून के बाद कांग्रेस दो धड़ों में बंट जाएगी। एक धड़ा होगा राहुल गांधी का और एक धड़ा होगा प्रियंका गांधी का।

केएल शर्मा के पीछे कांग्रेस ने लगाया जोर : कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, ''केएल. शर्मा हमारी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता हैं। वे 40 साल से अमेठी और रायबरेली में काम कर रहे हैं। स्मृति ईरानी तो पांच साल से हैं लेकिन केएल शर्मा पिछले 40 साल से वहीं हैं। के एल शर्मा स्पष्ट बहुमत से जीतेंगे और राहुल गांधी भी निश्चित रूप से रायबरेली से जीतेंगे। 4 जून को INDIA गठबंधन को स्पष्ट और निर्णायक जनादेश मिलेगा।

'राहुल गांधी ने स्मृति ईरानी के डर से अमेठी छोड़ दिया'

कांग्रेस के यूपी प्लान को बीजेपी कैसे करेगी पंक्चर

नई दिल्ली। अमेठी और रायबरेली के लिए भाजपा की प्रचार लाइन अब तय हो गई है, जिसमें राहुल गांधी ने अपनी सीट बदल ली है और कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के खिलाफ अमेठी से अपने परिवार के विश्वासपात्र को मैदान में उतारा है. बीजेपी सूत्रों का कहना है कि पार्टी लोगों के बीच यह कहेगी कि राहुल गांधी ने ईरानी से हारने के डर से अमेठी छोड़ दिया और अब अमेठी से उनकी रिकॉर्ड जीत को कोई रोक नहीं सकता है।

भाजपा सूत्रों ने बताया कि केएल शर्मा अमेठी के लिए एक बाहरी व्यक्ति हैं और दो दशकों से अधिक समय से रायबरेली में सोनिया गांधी के प्रबंधक रहे हैं. सूत्रों ने बताया कि बीजेपी मतदाताओं से यह भी कहेगी कि रायबरेली में राहुल गांधी को वोट देने का कोई मतलब नहीं है क्योंकि अगर वह दोनों सीटें जीतते हैं तो वह यह सीट भी छोड़ देंगे और वायनाड को बरकरार रखेंगे. एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने को बताया कि 'विलंब ने अंतिम क्षण तक अनिर्णय और कमजोरी दिखाई है; यही हाल है कांग्रेस पार्टी का. मतदाताओं के लिए भी यह स्पष्ट है कि राहुल गांधी चुनाव लड़ने के लिए अनिच्छुक थे और वह रायबरेली भी छोड़ देंगे क्योंकि वह वायनाड छोड़ने के मूड में नहीं हैं.' भाजपा उम्मीद कर रही है कि सिंह रायबरेली में बड़ा उलटफेर कर सकते हैं क्योंकि लोकसभा क्षेत्र के दो प्रमुख विधायकों, अदिति सिंह और मनोज पांडे को उनके पीछे अपना जोर लगाने के लिए कहा जाएगा.

उपचुनाव में उतरेंगी प्रियंका- बीजेपी

बीजेपी एक अभियान भी चलाएगी जिसमें लोगों से कहा जाएगा कि वे रायबरेली में बीजेपी उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह जैसे स्थानीय व्यक्ति को वोट दें जो सांसद के रूप में हमेशा उपलब्ध रहेंगे और राहुल गांधी पर दांव नहीं लगाएं. क्योंकि अगर राहुल जीतते हैं तो उपचुनाव की जरूरत होगी. एक भाजपा नेता ने पूछा कि 'क्या प्रियंका गांधी वाड्रा फिर उपचुनाव में मैदान में उतरेंगी?'

शिवमोगा में वंशवाद-बगावत का त्रिकोण, येदियुरप्पा के बड़े बेटे राघवेंद्र बीजेपी से फिर मैदान में

शिवमोगा । वंशवाद की बेल पर चढ़ी कर्नाटक की सियासत में बीएस येदियुरप्पा के गृहनगर शिवमोगा में इसकी जड़ें और गहरी हैं। भाजपा ने एक उपचुनाव मिलाकर लगातार तीसरी बार येदियुरप्पा के बड़े बेटे और सांसद बीवाई राघवेंद्र को मैदान में उतारा है। उनके खिलाफ पार्टी के बागी नेता ईश्वरप्पा निर्दलीय ताल ठोक रहे हैं। चुनाव से पहले तक येदियुरप्पा के करीबी रहे ईश्वरप्पा ने बेटे को टिकट न मिलने पर बगावत की है।

कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री एस बंगारप्पा की बेटी गीता शिव राजकुमार को टिकट देकर वंशवाद के मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। कर्नाटक में भाजपा की धुरी कहे जाने वाले येदियुरप्पा अपने गढ़ में ईश्वरप्पा की बगावत से भले ही दो-चार हो रहे हों, पर चुनाव दर चुनाव बढ़ा पार्टी का जनाधार उनसे दूर जाता नहीं नजर आ रहा। इस सीट पर दो उपचुनाव समेत कुल छह चुनावों में लगातार हार का सामना करने वाली कांग्रेस येदियुरप्पा-ईश्वरप्पा की लड़ाई का फायदा उठाने के लिए जातिगत समीकरणों को साधने में जुटी है।

इडिगा समुदाय की गीता के पति शिव राजकुमार कन्नड़ फिल्मों के अभिनेता हैं। उनके ससुर मशहूर कन्नड़ अभिनेता राजकुमार का चंदन तस्कर वीरप्पन ने कभी अपहरण किया था। वह क्षेत्र में ससुराल पक्ष की लोकप्रियता को भी भुनाने की कोशिश में हैं।

अजय निषाद बोले- इंडिया गठबंधन भाजपा की करवाएगा जमानत जप्त

मुजफ्फरपुर। बिहार में लोकसभा चुनाव के अगले चरण में होने वाले मतदान के पूर्व आरोप-प्रत्यारोप का दौर और तेज हो गया है। बीजेपी को छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए निवर्तमान सांसद अजय निषाद ने कहा कि अब बिहार में चुनाव का समीकरण बदलने लगा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सम्राट चौधरी अज्ञानी हैं, उन्हें कुछ नहीं पता है कि जमीन पर क्या होता है। कार्यकर्ताओं से मीटिंग कर लेने से कोई जनता साथ नहीं आती है। अभी-अभी तो प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है, अभी उन्हें बहुत कुछ सीखना बाकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता की पार्टी है। एसी में बैठकर चुनाव की रणनीति बनाने से कुछ नहीं होता।

दरअसल, मुजफ्फरपुर में सांसद और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अजय निषाद कांग्रेस, राजद और अन्य घटक दलों के कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि बिहार में बीजेपी के बड़े-बड़े स्टार प्रचारक तो भेजे जा रहे हैं, लेकिन भीड़ का कोई अता-पता नहीं चल नहीं रहा है। हमारे यहां कार्यकर्ताओं की इतनी भीड़ उमड़ पड़ रही है कि कुर्सियां कम पड़ जा रही हैं। हमारे यहां तो मंच तक टूट जाया करते हैं। बीजेपी तो खुद प्लांटेड भीड़ जुटाने का काम करती है। हमारे यहां आकर देखें भीड़ से समर्थन का एहसास हो जाएगा।

अजय निषाद ने डिप्टी सीएम और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी को लेकर के कहा कि उनकी खुद जमानत जब्त होने जा रही है। इंडिया गठबंधन भाजपा की जमानत जब्त करवाएगा, अभी तो ताजे-ताजे अध्यक्ष बने हैं। ये लोग कब जनता के बीच जाते हैं। जमीनी स्तर पर ज्ञान का अभाव है, इनके बोलने से कुछ नहीं होता है। बस दो चीज का रट्टा लगाए हुए हैं कि 2014 में गरीब लोग को मुफ्त अनाज देने की योजना और उज्वला योजना का ढिंढोरा पीट रहे हैं। अब इनके जाने का समय आ गया है। 10 साल बीजेपी में रहने के बाद इन लोगों को हमने करीब से देखा है। हमने इनके साथ के डेटा को परमानेंट डिलीट कर दिया है, जिसकी रिकवरी करने की कोई भी संभावना खत्म हो गई है।

'पहले आपको रायबरेली से जीतना होगा'

पूर्व शतरंज चैंपियन गैरी कास्परोव ने किया राहुल को ट्रोल

नई दिल्ली। रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ रहे राहुल गांधी को सोशल मीडिया पर आमतौर पर भाजपा समर्थकों की ओर से ट्रोल किया जाता है, लेकिन शुक्रवार को शतरंज के पूर्व चैंपियन गैरी कास्परोव ने भी उन्हें मजाक-मजाक में ट्रोल कर दिया। कास्परोव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में लिखा, परंपरावादी कहते हैं कि शीर्ष स्तर के लिए चुनौती पेश करने से पहले आपको पहले रायबरेली से जीतना होगा। शीर्ष स्तर से कास्परोव का परोक्ष इशारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर था।

दरअसल, राहुल की रायबरेली से उम्मीदवारी को कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने राजनीति की शतरंज की गहरी चाल बताया। दरअसल, कांग्रेस ने हाल ही में लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान अपने मोबाइल फोन पर शतरंज खेलते हुए राहुल गांधी का एक वीडियो को पोस्ट किया था। इस वीडियो में गांधी ने कास्परोव को अपना पसंदीदा शतरंज खिलाड़ी बताया और खेल और राजनीति के बीच समानताएं बताईं थीं।इसके साथ ही उन्होंने खुद को राजनेताओं में सबसे अच्छा शतरंज खिलाड़ी बताया था। उनके इसी वीडियो पर पत्रकार-लेखक संदीप घोष ने सोशल मीडिया पर लिखा, शुक्र है कास्परोव व विश्वनाथन आनंद जल्द रिटायर हो गए और उन्हें हमारे समय के सबसे महान शतरंज जीनियस का सामना नहीं करना पड़ा। घोष ने इस पोस्ट में कास्परोव व आनंद को टैग भी किया। इसी के जवाब ने कास्परोव ने यह पोस्ट किया।

चिंता मत करना दिल्ली जा रहा हूं.. पिक्चर अभी बाकी है : शिवराज

विदिशा। शिवराज ने कहा मैं नेता और आप जनता नहीं हैं, हम सब एक परिवार है। तुमसे ही मेरा अस्तित्व है और मैंने पूरे हिंदुस्तान में तुम्हारी पहचान बनाने की कोशिश की है। मेरे लिए जनता की सेवा ही भगवान की पूजा है। यहां रहकर मैंने आप लोगों की एक-एक तकलीफ दूर करने की कोशिश की है। अब पार्टी ने तय किया है कि मैं दिल्ली जाऊं। अब विधायक के नाते मेरा विदाई का समय है। इसलिए आज मैं आपसे कहने आया हूँ, कि अगर मैंने अच्छा काम किया है, तो ऐसी विदा देना कि पूरे देश में मेरा काम दिखे। मैं भारी मन से कह रहा हूं कि, आपको छोड़ नहीं सकता। मैं जिऊंगा तो आपके लिए और मरूँगा तो आपके लिए। ये चुनाव परिवार का चुनाव है। इस चुनाव में सांसद का फैसला नही होना बल्कि इस चुनाव में फैसला होना है कि कोई अच्छा काम करता है तो जनता उसे उठाकर कैसे ऊपर ले जाती है।

पिक्चर अभी बाकी है

पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, तुम ही शिवराज हो, तुम ही विदिशा से उम्मीदवार हो, सभी भाई, सभी बहनें और भांजे-भांजियां घरों से निकलें और चार दिन बचे हैं, ये चार दिन मुझे दे दीजिए और चुनाव प्रचार में जुट जाएं। घर-घर संपर्क करें और भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करें। गर्मी के दिन हैं लेकिन ये राष्ट्र के भविष्य और निर्माण का चुनाव है। इसलिए 100 प्रतिशत मतदान होना चाहिए। वहीं शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैंने विधायक रहते भी इस क्षेत्र की जनता की दिन-रात सेवा की है और आगे भी जितना जीवन बचा है वो जनता की सेवा में ही न्यौछावर करूंगा। तुम चिंता मत करना अब मैं दिल्ली जा रहा हूं, पिक्कर अभी बाकी है, और अपनी जनता-जनार्दन की जिंदगी बेहतर बनाने के लिए वहां से भी काम करना है। अब विदिशा में विकास कार्यों को आगे बढ़ाना है, चाहे सिंचाई की व्यवस्था हो, चाहे शिक्षा हो, बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए सीएम राइज़ स्कूल खोले गए हैं। गरीब के बेटा-बेटी के लिए मेडिकल और इंजीनियरिंग की फीस माता-पिता नहीं बल्कि राज्य सरकार भरेगी।

लखपति बहना मेरे जीवन का मिशन

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, मैं हर कार्यक्रम का शुभारंभ बहन-बेटियों की पूजा कर करता हूं। बहनें मेरे लिए देवी की मूर्तियां हैं और बेटियां साक्षात देवी हैं। मैं बहन-बेटियों के पैर धोकर पानी माथे से लगाता हूं तो मेरे काम करने की ऊर्जा कई गुना बढ़ जाती है। बचपन में मैंने बेटा-बेटी में भेदभाव होते देखा था, बहनों के दुख-दर्द और तकलीफदेखी थी।

दुनिया को दिशा दिखाएगा भारत

पूर्व सीएम ने कहा कि, मोदी जी युगपुरूष, युगदृष्टा हैं। मोदी जी के नेतृत्व में एक सम्पन्न और समृद्ध भारत का निर्माण हो रहा है। कांग्रेस की सरकार में दुनिया में कहीं भी भारत का कोई मान-सम्मान नहीं था। भारत को घोटालों का देश कहा जाता था लेकिन 2014 के बाद से पूरी दुनिया में भारत की जय-जयकार हुई है। दुनिया के कोने-कोने में मोदी-मोदी के नारे लगे हैं। ये सम्मान केवल मोदी जी का नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतवासियों का है। पहले छोटे-छोटे से देश हमें डराते थे।

थरूर का भाजपा पर तंज, बोले- 400 पार एक मजाक, 300 पार तो असंभव

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने भाजपा पर तंज करते हुए उनके 400 पार के दावे का मजाक उड़ाया। उन्होंने का 400 पार एक मजाक है, 300 पार असंभव यहांत तक कि 200 पर भी उनके लिए चुनौतीपूर्ण है। इस बार उनकी हार तय है। इन दिनों देश में चुनावी हलचल हो रही है। भाजपा का दावा है कि इस बार वह 400 से अधिक सीटों पर अपना कब्जा जमाएगी। वही अन्य पार्टियां भी अपने अस्तित्व को बचाने के लिए पूरा जोर लगा रही हैं। शशि थरूर जो कि तिरुवनंतपुरम से चुनाव लड़ रहे हैं। 26 अप्रैल को यहां मतदान हो चुका है। उन्होंने कहा कि वह अपनी सीट पर बहुत ही आराम से जीत जाएंगे। उन्होंने भाजपा पर तंज करते हुए कहा कि केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश में भाजपा को कोई सीट नहीं मिलने वाली। इन प्रदेश में उनका प्रदर्शन 2019 से भी खराब रहेगा।

शशि थरूर ने पिछले दो महीने अपनी लोकसभा सीट पर पूरी दम लगाकर चुनाव प्रचार किया था। अब वे वापस दिल्ली आ चुके हैं। अब वे देश के अन्य हिस्सों में चुनाव प्रचार करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि अब तक 190 सीटों पर चुनाव हो चुका है। अभी तक के रुझान को देखते हुए यही कह सकता हूं कि उस पार्टी की इस बार कोई लहर नहीं है। लोग हमारे पक्ष मे हैं। शशि थरूर ने कहा, ÷मैं कहूंगा कि संतुलन के तौर पर, हम इस समय अपनी अपेक्षा से कहीं अधिक आगे हैं। बेशक, अनावश्यक रूप से लंबे समय तक खिंचे इस चुनाव में अभी पांच चरण और बाकी हैं।÷ उन्होंने कहा कि हमारी जीत की संभावना बढ़ती जा रही है। भाजपा-एनडीए सरकार इस बार बहुमत खो देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का दावा 400 पार एक मजाक है, 300 पार असंभव है और (यहां तक कि) 200 पार भी उनके (भाजपा) लिए एक चुनौती हो सकती है।

■ न्यूज गैलरी

डॉ. गौरव सिंह पहुंचे कलेक्टर की पाती लेकर वरिष्ठ पत्रकारों के घर

रायपुर/नवप्रदेश। जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर गौरव सिंह आज वरिष्ठ पत्रकारों के यहां पहुँचे और मतदान के लिए आग्रह किया। कलेक्टर आज सुबह वरिष्ठ पत्रकार एवं सांध्य दैनिक समाचार पत्र छत्तीसगढ़ के प्रधान संपादक श्री सुनील कुमार के घर गए और उन्हे और उनकी श्रीमती पत्नी रेणु महेश्वरी को कलेक्टर की पाती और पीला चावल देकर मतदान का आग्रह किया। श्री सुनील कुमार ने कलेल्टर की इस पहल की सराहना की। वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार श्री गिरीश पंकज के घर भी कलेक्टर श्री सिंह गए और कलेक्टर की पाती और पीला चावल देकर मतदान का आग्रह किया। श्री गिरीश पंकज ने कहा यह सराहनीय पहल है। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त से अविनाश मिश्रा जिला पंचायत सीइओ श्री विश्वदीप जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री मति निशा मिश्रा और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

नाबालिग के साथ जबरदस्ती, दरिंदा हुआ गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। आरंग थाना क्षेत्र में एक दरिंदे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह नाबालिग का शारीरिक शोषण किया है। शिकायत पर कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार पीड़ित प्रार्थी थाना आकर लिखित आवेदन पेसकर रिपोर्ट दर्ज कराया की आरोपी सुरेंद्र लोधी से इंस्टाग्राम में परिचय हुआ।

उसके बाद मोबाइल से बातचीत करते थे आरोपी सुरेंद्र लोधी सड़क निर्माण कार्य पर काम करने आया था जो मुलाकात होने पर सुरेंद्र लोधी प्यार करता हूं शादी करना चाहता हूं करके प्रेम जाल में फंसा कर माह दिसंबर 2023 से 2 मई 2024 तक लगातार शारीरिक संबंध करते रहा है। जिस पर अपराध धारा 361/2024 धारा 376 (2)ढ भादवी 6 श्व्डुष्ह्वाश एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी सुरेंद्र लोधी उर्फसोनू पिता मिलन लोधी उम्र 23 साल ग्राम कलाई थाना आरंग जिला रायपुर को 4 मई 2024 को गिरफ्तार कर 15 दिनों के न्यायिक हिरासत में माननीय न्यायालय भेजा गया है! संपूर्ण कार्यवाही थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम के मार्गदर्शन में सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार बघेल आरक्षक जूगेश पोरते महिला आरक्षक चंद्र किरण सोनकर के द्वारा किया गया है।

भीषण गर्मी से राहत देने के लिए चलित प्याऊ शुरू

बालोद/नवप्रदेश। समता युवा संघ बालोद की ओर से शुक्रवार को भीषण गर्मी को देखते हुए चलित प्याऊ एवं स्थाई प्याऊ का उद्घाटन किया गया। स्थानीय समता भवन में सर्वप्रथम नवकार महामंत्र का जाप कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस मौके पर उपस्थित वरिष्ठ जनों का कुमकुम लगाकर समता युवा संघ के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। मुकेश श्री श्रीमाल के द्वारा समता युवा संघ के सदस्यों को प्रेरणादायक उद्बोधन दिया गया। अमृतम समता जल सेवा प्रकल्प के तहत मानव सेवा माधव सेवा का कार्य किया जा रहा है इस जल सेवा के लाभार्थी परिवार नाहटा परिवार है। मोक्ष गामी स्मृतिशेष सदस्यों के स्मृति में पारिवारिक जन मगराज, हमीरमल, तनसुख लाल, निर्मल कुमार नाहटा द्वारा यह सेवा प्रदत्त की गई है।इस सेवा का संचालन समता युवा संघ बालोद द्वारा किया जा रहा है। चलित प्याऊ बालोद शहर में निरंतर घूम-घूम कर आम जनता के बीच पेयजल की व्यवस्था कर रहा है वहीं एक स्थाई प्याऊ मरारपारा में शुभारंभ किया गया है।कार्यक्रम में आशीर्वचन सुश्रावक मुकेश श्रीश्रीमाल, कार्यक्रम का संचालन विजय पारख एवं आभार प्रदर्शन मंत्री कमल पारख ने किया।

मोदी के राज में आम आदमी और गरीब हुआ, पूंजीपति और अमीर

■ **बेरोजगारी बढ़ी देश पर कर्जा बढ़ा छोटे उद्योग बंद**

रायपुर/नवप्रदेश। मोदी के राज में आम आदमी और गरीब हुआ पूंजीपति और गरीब हुये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मोदी सरकार गरीबों के लिये घातक साबित हुई है। मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों में देश में आर्थिक असमानता बढ़ी है। आम जनता को लूटकर अपने मित्रों की तिजोरिया भरी गयी है। आटा, दही, पनीर, दवाई, खाद, बीज, कीटनाशक, कृषि उपकरण, कॉपी किताब और कफ़न के कपड़े तक पर जीएसटी लगाया। देश के सबसे गरीब 50 प्रतिशत आबादी जीएसटी का 64 प्रतिशत दे रहा है, लेकिन तमाम राहत, रियायत और सब्सिडी पूंजीपति मित्रों को दी जा रही है। क्रूड मिल 2014 की तुलना में 40 प्रतिशत कम होने के बावजूद डीजल पेट्रोल के दाम डेढ़ गुना अधिक है। 38 लाख करोड़ से अधिक की राशि केंद्र की मोदी सरकार ने केवल डीजल पेट्रोल से अतिरिक्त मुनाफाखोरी करके देश की जनता के जेब में डकैती डालकर वसूला है। देश की 20 प्रतिशत आबादी मात्र 46 रू. रोजाना पर गुजर बसर करने मजबूर है, लेकिन मोदी के मित्र हजार करोड़ से अधिक रोज का कमा रहे हैं। मोदी की वादाखिलाफी और जन विरोधी नीतियां उजागर हो चुकी है, इस लोकसभा चुनाव में जनता, मोदी के कुशासन से मुक्ति पाएगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पिछले 10 साल से आम जनता को राहत मिलने की बजाय जब बेरोजगारी, महंगाई आर्थिक तंगी का बोझ बढ़ता ही जा रहा है तो भला भाजपा सरकार जनता को कर्ज में क्यों डुबो रही है? आजादी के बाद से वर्ष 2014 तक, 67 सालों में देश पर कुल कर्ज 55 लाख करोड़ था। पिछले 10 वर्ष में अकेले मोदी जी ने इसे बढ़ाकर 205 लाख करोड़ पहुंचा दिया। मोदी सरकार ने लगभग 150 लाख करोड़ कर्ज लिया बीते 10 साल में। आज देश के हर नागरिक पर लगभग डेढ़ लाख का औसत कर्ज बनता है। मोदी सरकार बताये कि इतने बड़े कर्ज का यह पैसा राष्ट्रनिर्माण के किस काम में लगा?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जिस बड़े पैमाने पर कर्जा लिया गया उसी बड़े पैमाने पर नौकरियाँ पैदा नहीं हुई? हकीकत में 10 सालों में दरअसल नौकरियाँ तो गायब हो गईं? न किसानों की आमदनी दोगुनी हो गई? न स्कूल और अस्पताल चमक उठे? इसके अलावा पब्लिक सेक्टर कमजोर कर दिया गया? न ही बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियाँ और उद्योग लगाये गये? फिर मोदी सरकार ने कर्जा क्यों लिया? अर्थव्यवस्था के कोर सेक्टर्स में बदहाली देखी जा रही है, अगर श्रम शक्ति में गिरावट आई है, अगर छोटे-मध्यम कारोबार तबाह कर दिए गए - तो आखिर यह पैसा गया कहाँ? किसके ऊपर खर्च हुआ? इसमें कितना पैसा बट्टे खाते में गया? बड़े-बड़े खरबपतियों की कर्जमाफी में कितना पैसा गया? मोदी सरकार जवाब देने की स्थिति में नहीं है।

आज आईटी कालेज से कटघोरा भेजी जायेगी ईवीएम

कोरबा/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कोरबा जिले में मतदान कराने आवश्यक तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। मतदान दलों को 06 मई को सामग्री का वितरण किया जायेगा। चूंकि इस वर्ष कटघोरा तथा पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों को सामग्री का वितरण शासकीय मुकुटधर महाविद्यालय कटघोरा से किया जायेगा। इसके मद्देनजर 04 मई को प्रातः 08 बजे आईटी कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम से कटघोरा के मुकुटधर कॉलेज के अस्थाई स्ट्रांग रूम में रखी जायेगी। इसके पश्चात 06 मई को मशीनों का वितरण मतदान केन्द्रों के लिए किया जाएगा।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्त आलोक शर्मा की पत्रकार वार्ता

नकारात्मक मुद्दों पर लोकसभा चुनाव लड़ रही बीजपी : आलोक शर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता आलोक शर्मा ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय रायपुर में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि लोकतंत्र का पावन पर्व चल रहा है और छत्तीसगढ़ में उसका तीसरे चरण के लोकसभा के चुनाव होने जा रहा है। जिस तरह से रायपुर छत्तीसगढ़ में मौसम का पारा बढ़ रहा है, उसी तरह से चुनाव का पारा भी बढ़ रहा है। प्रदेश में 9 में से 7 सांसद की टिकट काटकर भाजपा ने सबसे पहले ही हार मान ली थी, कि छत्तीसगढ़ के भाजपा सांसदों ने संसद में कभी आवाज नहीं उठाई। टिकट काटने से यह सिद्ध कर दिया। छत्तीसगढ़ से संसद तक नकारा थे। इसलिये छत्तीसगढ़ के 9 में से 7 सांसदो का टिकट काट दिया गया। कांग्रेस पार्टी का चुनाव का प्रचार सकारात्मक मोड पर है और छत्तीसगढ़ में विधानसभा का चुनाव भी हमने सकारात्मक मोड पर लड़ा था। प्रधानमंत्री जो वायदे दिसंबर के चुनाव में

किये उसमें से कितने वादे पूरे हुये है? 3100 रू. एमएसपी एकमुश्त देने की बात की नहीं दिये। कांग्रेस सरकार के ऊपर तमाम आरोप लगाये थे कोई भी वाइट पेपर या किसी भी तरह के कार्यवाही जांच कही भी शुरू किया था और अभी तक कुछ भी नहीं किया। भारतीय जनता पार्टी को छत्तीसगढ़ की जनता से माफी मांगना चाहिये। झूठ बोलकर विकास शील छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार को षडयंत्र पूर्वक हटाने का काम किया। भाजपा की 15 साल की सरकार में नक्सलवाद बढ़ा। नक्सलवाद बढ़ते-बढ़ते एक दर्जन से ज्यादा जिलों में फैलता चला गया। वर्तमान में भाजपा के लीडर स्वंय सुरक्षित नहीं है। कई बड़े नेताओं की हत्या नक्सलवाद के चलते हुयी। 2013 में कांग्रेस के कई दिग्गज बड़े-बड़े नेताओं हमारे कुनबे का बहुत बड़ा हिस्सा नक्सलवाद से लड़ाई करते हुये भेट चढ़ा। फिर छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार आने के बाद नक्सलवाद और अपराध दोनो चीजे बढ़ती जा रही है। अपराध और नक्सलवाद दोनों को एक रिमोर्ट कंट्रोल सरकार कहीं न कहीं से बढ़ावा दे रही है और उसको रोक नहीं पा रही है। कांग्रेस आरोप लगाती है कि इसकी जांच होनी चाहिये कि नक्सली घटनायें क्यों बढ़ रही है।

जिला प्रशासन व प्रेस क्लब कोरबा के मध्य खेला गया स्वीप सद्भावना मैच

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने हेतु जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला प्रशासन एवं प्रेस क्लब के मध्य स्वीप क्रिकेट सद्भावना मैच का आयोजन प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम में आयोजित किया गया। जिला प्रशासन टीम के कप्तान सीईओ जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में खेले गए रोमांचक मैच में प्रेस क्लब की टीम विजयी हुई। मैच समाप्ति के पश्चात कलेक्टर द्वारा विजेता टीम प्रेस क्लब के कप्तान एवं उपविजेता टीम के कप्तान को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विजेता व उप विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

प्रशिक्षण में बताई गई बातों को बारिकी से समझें : रोहनचंद

■ **पं. दीनदयाल आडिटोरियम में हुआ माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण**

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव 2024 के परिप्रेक्ष्य में पं. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में आज माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण हुआ। सामान्य प्रेक्षक श्री रोहनचंद ठाकुर, ने कहा कि जो प्रशिक्षण में बातें बताई गई उसे बारिकी से समझें और सजग होकर निर्वाचन कार्य संपन्न करायें। उन्होंने माइक्रो आब्जर्वर को अपना मोबाईल नम्बर साझा करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार का समस्या होने पर संपर्क करें। साथ ही उन्होंने कहा किअपने मास्टर ट्रेनर का भी नम्बर रखें और उनसे भी मार्गदर्शन लें। प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर निर्वाचन कार्य की हर बारिकियों को बेहतर ढंग से समझें और सफल तरीके से चुनाव कराएं। उन्होंने कहा कि मॉकपॉल की प्रक्रिया और मतदान की प्रकिया को बेहतर तरीके से समझा जाएं। पीपीटी के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया को मास्टर ट्रेनर द्वारा बताए गए हैं, जिसकी बारिकियों को समझें। माइक्रो आब्जर्वर को मास्टर ट्रेनर श्री अजीत हुडैंत ने पीपीटी के माध्यम से निर्वाचन संबंधी जानकारी दी। मॉकपॉल से संबंधी विस्तृत जानकारी भी दी गई।

बालकनी में साड़ी बांधकर फ्लैट में घुसे चोर

आलमारी तोड़कर चुराए गहने कार से पहुंचे थे आरोपी

■ **उज्जैन गया था परिवार**

■ **मोहम्मद यूसुफ और मोहम्मद उस्बा गिरफ्तार**

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में एक फ्लैट की बालकनी में चोर साड़ी के सहारे अंदर घुसे फिर आलमारी से गहनों की चोरी कर ली। इस वारदात को अंजाम देने चोर कार से पहुंचे थे। फ्लैट में रहने वाला परिवार उज्जैन गया हुआ था। इस मामले में पुलिस ने दोनों चोरों को अरेस्ट कर लिया है।

दामिनी साहू ने सिविल लाइन थाने में एफआईआर दर्ज करवाई कि वह संतोषी चौक के पास रहती है। 23 मार्च को वह अपने परिवार के साथ उज्जैन चली गई थी। 28 मार्च को वह वापस लौटी। तो उसने देखा की बालकनी की रेलिंग में साड़ी बंधी हुई थी। इसके अलावा रूम के स्लाइडर वाली खिड़की खुली हुई थी। इस मामले में पुलिस अब आगे की कार्रवाई कर रही है।इस मामले में पुलिस अब आगे की कार्रवाई कर रही है।जब उन्होंने कमरे को देखा तो अलमारी का लॉक टूटा हुआ था। इसके अलावा लॉकर में रखे गहने-जेवरात गायब थे। चोर ने फर्स्ट फ्लोर स्थित फ्लैट में साड़ी के सहारे अंदर घुसकर चोरी कर ली थी। इस घटना को लेकर महिला ने सिविल लाइन

थाने जाकर शिकायत दर्ज करवाई।

पुलिस ने इस मामले में जांच पड़ताल और पूछताछ की। इस दौरान पुलिस ने मोहम्मद यूसुफ और मोहम्मद उस्बा को गिरफ्तार किया। इनमें से युसूफ मूल रूप से रायबरेली उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। इसका गिरफ्तार एक अन्य साथी बैजनाथ पारा में रहता है। दोनों के पास से पुलिस ने एक कार और एक्टिवा भी बरामद की है जिससे ये चोरी करने पहुंचे थे। जिसकी कीमत करीब साढ़े 4 लाख रुपए हैं। इस मामले में पुलिस अब आगे की कार्रवाई कर रही है।

संत ज्ञानेश्वर स्कूल में सर्व सुविधायुक्त पिंक मतदान केंद्र की तैयारी पूरी

■ **मतदान दल के साथ मतदाताओं के लिए भी उपलब्ध होंगी कई सुविधाएं**

■ **जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों का किया जा रहा पालन**

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल में पिंक मतदान केंद्र की तैयारियां लगभग पूरी की जा चुकी हैं। इस मतदान केंद्र के नौ बूथों पर राजेंद्र नगर, न्यू राजेंद्र नगर, महावीर नगर, प्रियदर्शनी नगर, वल्लभनगर, टैगोर नगर, शैलेंद्र नगर जैसे अनेक कॉलोनी के हजारों मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए पहुंचेंगे।

प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने बताया कि संत ज्ञानेश्वर स्कूल को जिला निर्वाचन अधिकारी ने पिंक मतदान केंद्र घोषित किया है। इसका आशय यह है कि इस मतदान केंद्र में मतदान करवाने की समुचित प्रक्रिया महिला कर्मचारी- अधिकारी पूरी करेंगे। नौ बूथों के लिए मतदान दल में सदस्यों और सुरक्षा जवानों की संख्या लगभग 60 होगी। इनके आवास, भोजन, चाय- नाश्ता सहित हर तरह की सुविधाओं की व्यवस्था महाराष्ट्र मंडल की ओर से की जा रही है।

महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले ने बताया की संत ज्ञानेश्वर स्कूल में न केवल मतदान दल के लिए दो दिन की सर्व सुविधायुक्त व्यवस्था की गई है, बल्कि सात मई को वोट डालने के लिए यहां आने वाले प्रत्येक मतदाता के लिए संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल की ओर से शीतल जल और नींबू पानी की व्यवस्था भी की जा रही है। इस मतदान् केंद्र पर छह हजार से अधिक मतदाताओं के आने की संभावना है। इनके लिए शीतल जल और नींबू पानी की व्यवस्था के साथ ही मतदाताओं को धूप से बचाने के लिए पंडाल की व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा कुर्सी- बेंच की व्यवस्था भी की जा रही है। काले के मुताबिक जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव सिंह के मतदान केंद्र को लेकर दिए गए दिशा- निर्देशों का शब्दशः पालन किया जा रहा है।

स्वीप बाइक रैली में मतदान के लिए कलेक्टर-एसपी का संदेश

शहर भर में भ्रमण बाद मतदाता जागरूकता की दिलाई गई शपथ

सिक्योरिटी गार्ड ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना

रायपुर/नवप्रदेश। आपकी रक्षा करते हैं हम, लोकतंत्र की रक्षा करें आप स्लोगन के साथ लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आज कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह और एसएसपी श्री संतोष सिंह ने मतदाता जागरूकता के तहत स्वीप बाइक रैली निकाली। इस रैली को सिक्योरिटी गार्ड ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें यातायात, जिला बल और केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान मौजूद थे। सभी बाइक रैली में हेलमेट पहनकर कलेक्ट्रेट परिसर से निकले और यह रैली रेलवे स्टेशन में समाप्त हुई। रेलवे स्टेशन में बाइक रैली के समापन के पश्चात कुली नम्बर 158 श्री धनीराम साहू ने सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। इस रैली में जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप और बड़ी संख्या में सुरक्षा बल के जवान उपस्थित थे।

आज की यह रैली छत्तीसगढ़ महतारी चौक से प्रारंभ हुई और राजभवन चौक, कालीमाता तिराहा, पीडब्ल्यूडी चौक-नेताजी चौक-संतकंवर राम चौक-रिंग रोड के पहले टर्न-टैगोर नगर मार्ग-पुजारी पार्क-सिद्धार्थ चौक-हरदेवलाल मंदिर के पास से आरडीए कॉलोनी चौक-मठपारा मार्ग-दूधाधारी मठ-महाराजबंद तालाब मार्ग-गोपियापारा दंतेश्वरी मंदिर मार्ग-पंकज गार्डन-लाखेनगर चौक-आमापारा-तात्यापारा चौक-राठौर चौक-तेलघानी नाका से स्टेशन चौक में समाप्त हुई।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी का लोकतंत्र पर्व पर

7 मई को प्रदेश के व्यापारिक प्रतिष्ठानों को दोपहर 1 बजे के बाद खोलने का आग्रह

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष- राजेन्द्र जग्गी ,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि लोकतंत्र के महापर्व में जागरूकता अभियान के अंतर्गत मंगलवार, दिनांक 7 मई 2024 को होने जा रहे लोकसभा चुनाव में ÷पहले मतदान-फिर दुकान÷ के तहत शत् प्रतिशत मतदान हेतु चेम्बर द्वारा सभी व्यापारिक संगठनों, इकाइयों के पदाधिकारियों एवं समस्त व्यापारी बंधुओं से अपील की गई कि वे अपना, अपने परिवार का, कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य एवे आसपास के लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु अवश्य ही प्रेरित करें।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री पारवानी ने बताया कि मंगलवार, 7 मई 2024 को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में रायपुर, सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर एवं दुर्ग लोकसभा हेतु प्रदेश के 7 लोकसभा सीटों के लिये मतदान किया जाना है। श्री पारवानी ने प्रदेश के समस्त मतदाताओं से निवेदन किया कि मताधिकार का उपयोग प्रजातंत्र के लिये अनिवार्य है, अतः लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने के लिये अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें । उन्होंने प्रदेश के समस्त व्यापारी बंधुओं से भी अपील की कि मंगलवार, 7 मई 2024 को मतदान दिवस के दिन सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान दोपहर 1 बजे के बाद ही खोले जावें ताकि उक्त लोकसभा सीटों पर शत्-प्रतिशत मतदान हो सके।

सुनो भाई उधो

चुनाव : नारद जी के भारत दौरा

परमानंद वर्मा

धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे समवेत्ता युयुत्सवः।
मामकाः पांडवाश्चैव, किम कुर्वत संजयः।।

कुरुक्षेत्र के मैदान में जिस प्रकार चुनाव रिपोर्टिंग संजय नामक पत्रकार करते थे और प्रतिदिन की खबर धृतराष्ट्र को सुनाया करते थे। उसी प्रकार की रिपोर्टिंग देवर्षि नारद जी अभी कर रहे हैं। भारत और अमेरिका में हो रहे चुनाव और नेताओं की गतिविधियों की जानकारी भगवान शिव और लक्ष्मीनारायण को दे रहे हैं। उनके निर्देश पर ही भारत भ्रमण कर रहे हैं और जिन निर्वाचन क्षेत्रों में विशेष दंगल व टकराहट की स्थिति है वहां उनके कैमरामेन और रिपोर्टर तैनात है। इसी संदर्भ में पढ़िये यह छत्तीसगढ़ी आलेख...

बोलो सटक नरायण बोलो सटक नरायण
गोविन्द के गुन गाना जी बोलो सटक नरायण
गोविन्द बोलो हरि गोपाल बोलो राधा रमन हरि गोपाल बोलो...

नारद मुनि महाराज हाथ मं करताल अउ बीना धरे, बजावत झुलपाहा बड़े-बड़े चूंदी अउ बीता भर दाढ़ी, मुड़ी ल मटकावत, पांव में खड़ऊ पहिने, पता नहीं, कोन कोती ले किंजरत मोर दुकान कोती आवत रिहिसे। जनम के बड़ा गियानी अउ भक्त सही जब ओ महराज मोर दुआरी मेर अइस तब घोलन के साष्टांग, दंडासरन पांव परेंव।

खुसी राह बेटा, चिरंजीवी भव काहत आसिरवाद दीस। ओला मोर दुकान मं गद्दी मं बइठारेंव। ओहर पूछथे- तोर सियनहा, नइ दीखत हे बाबू, कहूं गेहे का?

ओला बताथौं- महाराज के बछर होगे ओला गुजरे। मोला सुरता आवत हे, नानपन के रेहेंव, पढ़े बर इस्कूल जात रेहेंव तबके तोला देखें हौं। के बछर बाद तोर आगमन होवथे?

हां बेटा, तैं सही काहत हस। कइसे करबे साधु-जोगी मन तो नदिया-नरवा के पानी कस तो आन, आज इहां तो काल उहां। का ठिकान हमर मन के?

सियान गुजरगे कइके बतावत हस तउन ल सुनके बड़ दुख लगिसे। संत बरोबर रिहिसे हे सेठ हा।

त पहाटिया ल बलावौं महाराज जेवन पानी के बेवस्था करही। तैं ठहरथस तउन खोली खाली हे?

गरमी बहुत परत हे बेटा, लस्सी, नइते अउ कोनो ठंडई के बेवस्था हो जाए, तेला कर दे। हौ महराज काहत सतानंद ल हुद कराके बलाथौं अउ मोला बड़े गिलासभर लस्सी बनाके लाय बर केहेंव।

पूछथौं- कोन कोती ले तोर आगमन होवत हे महराज, धन हमर भाग, कोन कोती के पुन्न जागिस हे के हमर गांव मं, हमर घर-दुकान मं तोर चरन परिस हे।

नौकर सुदामा ल कहिथौं- अरे जा तोर भउजी अउ बहू हा लोटा मं पानी अउ थारी धर के आही। महाराज के पांव पखारबो, चरनामृत लेबो। मुड़ ढाके सेठानी अउ मोर बहू आथे, सबो झन पांव पखारेन, चरनामृत लेन अउ दछिना घला देना।

सतानंद गिलास भर ठंडई डार के लाय रिहिसे तउन लस्सी ल खखाय, भुखाय बरोबर नारद मुनि सपा-सप गटकगे। दाढ़ी अउ मेंछा मं हाथ फेरत कहिथे- आह... अब थोकिन शांत लगिस बेटा।

पूछथौं- कोन कोती ले आवत हस महाराज, कइसे हमर गांव कोती के तोला सुधि अइस?

देख बेटा- साधु, महात्मा अउ भगवान के तो एक ओकर से आय-जाय के कारन नइ पूछे जाय, ओमन आथे तेमा कलियान के बात समाय होथे?

-गलती होगे महराज- छोटे बुद्धि के हौं, क्षमा कर देहौ, अक्कल नइ पुरिस त पूछ परेंव।

कोनो बात नहीं बेटा- अब तैं जब पूछ परे हस तब तोला बतई देथौं। मंय कैलाश परवत ले बाबा भोलेनाथ अउ माई पारबती करा ले आवत हौं। ओकर पहिली बिसनूपुरी में रेहेंव, तिहां भगवान लक्ष्मी-नारायण संग भेंट करेंव। तब उहू हा तोरे सही पूछ परिस- कहां ले आवत हौ नारद जी। बताएंव भोले बबा करा ले आवत हौं।

भगवान बिसनु ओकर मन के कुशलक्षेम पूछिस तब बताएंव- हां बने-बने हे महराज, फेर ओकर मन के चिंता धरती लोक में बढ़त दुख-करलेस, अउ परेशानी मं जादा दिखिस।

- कइसे दुख, काकर परेशानी?

- कई ठन देश मं युद्ध माते हे, मरत-कटत हे। रूस, यूक्रेन, इजराइल, ईरान, लेबनान। नान-नान लोग लइका, माईलोगिन बिना मौत के मौत मारे जात हे।

भारत मं तो गदर माते हे, चुनावी युद्ध चलत हे। अइसे लगत हे जइसे कुरुक्षेत्र के मैदान हे, अउ दूनो भाई कौरव-पांडव असन लड़त हे। समझ नइ परत हे कोन कौरव हे अउ कोन पांडव?

उहां तो सत ईमान, धरम, इज्जत खुलेआम दांव मं लगत हे। कोन सती-सतवंतीन हे, तब कोन कोठा मं, चकलाघर मं बइठे किसबिन हे तइसे कस चरित्तर विधायक, सांसद, प्रतिनिधि अउ पारटी कार्यकर्ता मन होगे हे। सब बिकत हे, लड़त हे, मरत हें।

- अइसन नइ हो सकय नारद जी तैं मोर भारत देश के अपमान करत हस, जिहां निस-दिन गंगा-जमुना के निरमल धारा बोहावत हे, जेन भूमि मं श्रीकृष्ण जी गीता के गियान सुनइस ओ धरती के वासी मन के अतेक पतन हो जही, गिर जही- ये बात ल तोर पतियावौं नहीं। देवी लक्ष्मी नारादजी के बात ल सुनके खखुवागे अउ भगवान बिसनु ओकर तमतमाय तेवर ल देखिस तहां ले कहिथे- शांत हो देवी... शांत...।

एडवांस बुकिंग

डॉ किशोर अग्रवाल

÷यार प्रकाश, दद्दा बीमार चल रहे हैं ,इधर अपन नए नए आए हैं, ज्यादा किसी को जानते नहीं, क्या करें?

किसी को क्या, बढ़िया डॉक्टर को दिखाओ। दिखा रहे हैं यार, पर नब्बे साल के धरे हैं ,डॉक्टर व दवाई दोनों ही नहीं लग रहे तन को ।

यार कहीं बाहर ले चलो, पैसे तो खूब हैं तुम लोगों के कने। हैं तो यार ,दद्दा के ही होंगे पच्चीस तीस लाख, पेंशन अलग जमा हो रही है ।

तब तो यार बाहर ही दिखाओ भाई, सुना है उनने वसीयत तो तुम्हारे ही नाम की बनवा दी है, उस दिन तुम्हारी अम्मा हमारी अम्मा से बता रही थी।

हां हम एक ही तो मोड़ा हैं घर में सो हमई के नाम से बनवाई है। बहुत अच्छा !, आजकल हर चीज का बड़ा आनंद लेने का रिवाज है ,शादी के पहले प्रीवेडिंग शूट कराते हैं । सगाई में ही दूल्हा दुल्हन की आधी सुहागरात का सीन हो जाता है , बच्चों के जन्मदिन के सेलिब्रेशन वगैरह इतने जोर के मन रहे हैं कि मन करता है फिर से हमारी शादी हो जाए तो सूट करावे।

यार हमारे दद्दा बीमार पड़े हैं और तुम्हें प्रीवेडिंग की पड़ी है। कोई मौका भी देखना चाहिए । वही तो मौका यह सही है, देखो यार! दद्दा हैं अपने, जैसा तुम बता रहे हो उससे लग रहा है कि महीना पंद्रा दिन पकड़ेंगे । तो यार आखरी काम तो करना पड़ेगा ना।

क्या भाई हम इलाज की कह रहे हैं और तुम्हें क्रिया कर्म की सूझी है , कैसे हो यार, तुम दोस्त हो कि दुश्मन?

दोस्त हैं तभी तो समय पर सही सलाह दे रहे हैं, एक बात बताओ, दद्दा अपने जमाने में क्या काम करते थे?

कटनी वाले रमाशंकर चतुर्वेदी है यार, सारे इलाके में नाम चलता है उनका, यह तो बाबूजी के साथ ट्रांसफर पर जबरन आना पड़ गया, दादी नहीं रही इसलिए ,नहीं तो यहां कहां आते यह। तब यह बताओ इनकी अंत्येष्टि धूमधाम से होनी चाहिए कि नहीं?

फिर यार प्रकाश तुम वही फालतू वाली बात कर रहे हो अभी तो दद्दा अच्छे बीछे हैं।तुम फालतू की बातें तो करो मती। यार परंतु पिलानिंग तो करनी परिहै कि नहीं? अचानक जे कछु है गव तो फिर बाबू जी तुम्हारे क्या कर लेंगे? उन्हें तो इतैं कोऊ जानत भी नहीं है। हम जानत हैं, एक फ्रेंड है, हर काम टॉप को करतो है। क्या शादी ब्याह, क्या मुंडन ,क्या श्राद्ध सब में मजा ला देतो है ।

श्राद्ध में क्या मज़ा यह भी कोई मजे लेने का अवसर है ?

हां यार ,जमाना बदल गया है ,मुर्दे का भी फोटो शूट होता है भाई । अभी वह पिंकी रंगीली की दादी मरी तो मरी दादी के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर डाली थी। क्या जोर की लग रही थी।

कौन पिंकी?

अरे नहीं दादी । उन लोगों ने मरी दादी का भी मेकअप कराया था । उनके चाचा चाची फॉरेन से आए थे। दादी की देखरेख सही साट हो रही है यह लगना चाहिए कि नहीं? अच्छा तो चलो तुम्हें मिलवाता हूं रमाकांत से ।

यह कौन है?

यही तो कराता है सेलिब्रिटी अंतिम संस्कार। आओ आओ जटाशंकर परेशान मत हो यह है रमाकांत का ऑफिस चलो अंदर चलते हैं ,नमस्कार रमाकांत भैया ! यह हमारे मित्र जटाशंकर हैं, इनके दादा का समय नजदीक है बहुत बड़े रसूखदार रहे हैं अपने वक्त के ,तो हम चाहते हैं कि उनका क्रिया कर्म बड़ी जोर का और बड़ी धूमधाम से होना चाहिए ।अपना इस तरह का कोई पैकेज हो तो बताओ ।

अरे प्रकाश भाई पैकेज ही पैकेज है, जैसा चाहो वैसा बन जाएगा ,एकदम कस्टमाइज्ड, यानी आप की मनमर्जी का। हां पैसे थोड़े फालतू लग जाएंगे। परंतु रमाकांत जी क्या मृत्यु पर यह सब ठीक होगा? जटाशंकर ने पूछा । देखो जटाशंकर जी ,संतो ने कहा है आत्मा अजर अमर है ,वह सिर्फ शरीर बदलती है, मृत्यु तो इसे हम कहते हैं ।यह तो बस एक परिवर्तन का अवसर है इसे समारोह पूर्वक उत्सव बना लेना चाहिए। आजकल अमीरों में तो इसका खूब चलन है।

ठीक है तो कैसा पैकेज है समझाओ।

यह कैटलॉग देखो , मैं इसका यह लीफ्लेट देता हूं आपको।इसमें विस्तार से लिखा है और जबानी भी समझाता हूं, जैसा बोलोगे वैसा हो जाएगा आप इतने पर ही बस मत समझो भैया अब तो श्रद्धांजलि सभा में डांसर तक बुलाई जाती है। देखो मरने वाले के घर पर एक शोकाकुल वातावरण बनाना पड़ता है ताकि लगे कि कोई बड़ा आदमी निकल लिया। इसके लिए 15920 औरत मर्द व बच्चों का एक सेट है । हमारे ही इंप्लाइज है । वह सफेद कपड़ों में आपके घर पहुंच जाएंगे ताकि दादाजी की लोकप्रियता का जरा रूआब पड़े। छोटे बच्चे भी होंगे उसमें ,जो एकदम नेचुरल रोते हैं। फिक्स पैकेज में इनके ?15000 लगते हैं पर आदमी बढ़ाना हो तो हर एक एक्स्ट्रा का पंद्रह सौ अलग से होगा , बोलो तो मैं वैसा बुक कर दूंगा ।

और क्या-क्या है पैकेज में ?

मरने के बाद भैया कई लिखा पढ़ी के भी काम होते हैं । डेथ सर्टिफिकेट बनवा कर चिप्स में रजिस्ट्रेशन कराना पड़ता है , वह हम करके देंगे । अगर बीमा करा रखा होगा तो बीमा का क्लेम भी निकलवाने का काम हमारे पैकेज में है। सब सिर दर्दी हमारी है। अच्छा इसमें कैसे कैसे करते हैं ?जटाशंकर ने पूछा।

डॉक्टर हमारी टीम में है ,वह डेथ सर्टिफिकेट देगा। नगर निगम वाले सब सेट हैं । पूजा वाला महाराज और नाई भी करना होता है वह हम देंगे । अगर दो पंडित लेंगे तो चार्ज डेढ़ा लगेगा, 50त्न कंसेशन है। चार अर्थिवाहक लगेंगे ,उनके ?4000 लगते हैं। हट्टे कट्टे लड़के हैं दूसरे को हाथ भी नहीं लगाना पड़ता है एकदम बैलेंस में अर्थी लेकर चलेंगे दादाजी को खरोच तक नहीं आएगी ।

अच्छा भाई ये लोग तो लगेंगे ही सही कह रहे हैं आप । जटाशंकर ने कहा । हां इसके अलावा चार पांच ऐसे लोग चाहिए अलग-अलग उम्र के ,जिनके बाल मूंडने पड़ेंगे। आजकल सगा रिश्तेदार तो कोई बाल कटवाता नहीं है इसलिए इसकी व्यवस्था अपनी है। ये नहाकर नया कपड़ा पहनेंगे ।नई चड्डी बनियान धोती का और इन सब का वैसे दस हजार होता है पर आप पहचान वाले हैं तो आठ में करके देता हूं। रमाकांत ने आश्वस्त किया।

अच्छा और क्या करेंगे?

आपको वो दहाड़े मारकर रोने वाली मॉडल गर्ल भी लगेगी क्या? यह इतना रोती हैं

रु दाली के जैसा कि आपको भी रोना आ जाएगा। रोते-रोते बेहाल हो जाएगी पक्का लगेगा कि दादा जी को बहुत चाहने वाले हैं।

इसका कितना लगता है?

यह पांच हजार रुपए में चार लोगों का सेट है, परंतु इतनी बढ़िया रोती हैं कि पंद्रह बीस लोग इनको देखकर फोकट में रोएंगे ,एकदम सस्ता पड़ता है। इसमें चाहो तो एक दो सीनियर सिटीजन भी डाल सकता हूं उनका पांच पांच सौ रुपया अलग से लगेगा। आपकी बात सुनकर तो ऐसा लगता है कि इससे तो हमारा मोहल्ले में सिक्का ही जम जाएगा। अरे क्यों नहीं एक बड़ी टैलेंटेड बच्ची है मेरे पास वह दादाजी से ऐसा चिपटकर रोएगी कि दो दो लोग छुड़ा नहीं पाएंगे इसका रौब अलग से पड़ता है।

तो ऐसा करो आप ऐसे दो बच्चे भेजना .आपके महाराज पूजा-पाठ बराबर कराते हैं कि नहीं? महाराज तो देखो हर प्रकार के हैं मेरे पास, रेट अलग-अलग है ,संस्कृत का विद्यापाठी महाराज पूरे संस्कार कराने के कस के पैसा लेते हैं दस हजार से कम नहीं करते। पर वैसे दो-तीन हजार वाले भी हैं। यह सस्ते वाले कैसे हैं? इनको खुद नहीं पता होता कि वह क्या बोल रहे हैं, परंतु देखने में लगेगा कि कोई प्रकांड पंडित पूजा करा रहे हैं। नहीं-नहीं दद्दा की मिट्टी खराब नहीं करानी, पंडित जी तो ज्ञानी वाला ही लेंगे । वाह आप यार सच्चे पोते हो, दादा जी जिंदगी भर याद रखेंगे कि पोते ने क्या पूजा कराई सीधे स्वर्ग ही जाएंगे। हमारे पास एक रो रो कर बेहोश होने वालों का भी सेट है ,पर जरा महंगा पड़ता है ,

महंगा क्यों ?

अरे उसमें एक डॉक्टर ,एंबुलेंस ,नर्स स्ट्रेचर सहित भेजते हैं वह बेहोश होने वाले को उठाकर स्टेचर में डाल कर ले जाते हैं। इसका तो इतना ज्यादा इंप्रेशन पड़ता है कि हफ्तों मोहल्ले में चर्चा रहती है कि बुजुर्ग के चाहने वाले बेहोश होकर गिर पड़े अस्पताल ले जाना पड़ा। बीस हजार का पैकेज है नर्स नहीं लेंगे तो दो हजार कम हो जाएंगे।

ठीक है बिना नर्स का यह सेट डाल देना और रुपए तो पंद्रह हजार ही लेना यार और भी तो बहुत कुछ करवा रहे हैं ना अच्छा जलाने के लिए साधारण लकड़ी की जगह थोड़ी चंदन की लकड़ी मिलाएंगे क्या? पर रहने दे किसको पता पड़ता है कि कैसी लकड़ी है? यह फालतू खर्चा है। एलिट क्लास वाले कराते हैं। आप रहने दो ।वैसे भी बीमा तीन लाख का ही तो है। मेरी सलाह है यह रहने दो।

ठीक कह रहे हैं रमाकांत जी और अब आपके पैकेज में क्या बचा है?

काम तो इतने में चला लेते हैं कई लोग, परंतु जितना गुड़ डालोगे मीठा बढ़ता जाएगा. अभी जो पीपल पर घड़ा बंधता है उसमें सादा पानी डालते हैं, आप बिसलेरी डलवा सकते हैं। वीआईपी लोग सब बिसलेरी डलवाते हैं ।आजकल पूल पार्टी का रिवाज भी है ।बड़े लोगों में बहुत मांग है तो प्रोवाइड करना पड़ता है।

इसमें पूल पार्टी कैसी होगी?

बारहवां पर जब सब रिश्तेदार आते हैं तो बढ़िया होटल में पूल पार्टी रखते हैं ।लोवॉइस में सैड सॉन्ग बजाते हैं। सब रिश्तेदार अपने-अपने मूड से इसको खूब इंजॉय करते हैं। आप चाहे तो ड्राई रखो चाहे तो वेट भी कर सकते हैं। वाइन एकदम टॉप क्लास प्रोवाइड करते हैं। एक बात आपसे हमको और जाननी थी ।

वह क्या?

आप अस्थि विसर्जन कहां चाहेंगे? कस्टमरी विसर्जन तो इलाहाबाद या हरिद्वार में होता है। इसमें खर्चा ठीक-ठाक आता है और शौकीन तबीयत वालों के विसर्जन बैंकाक या माले में भी करा सकते हैं। अरे तब तो बैंकॉक ठीक रहेगा। दादाजी मरते मर जाएंगे और जिंदगी में ऐसा मजा ना लेंगे । कम से कम मरने के बाद ही मजा तो लें। हैं तो यह सुविधा पांच लाख वाले पैकेज में मिलती है। उसमें डीजे पार्टी का प्रावधान भी करते हैं ।उसमें बढ़िया सैड सॉन्ग बजाते हैं ताकि मेमोरेबल पार्टी हो। पूरी जिंदगी लोग ऐसे क्रिया कर्म याद रखेंगे। नहीं तो बारहवें की बूंदी खाकर लोग बारह दिन में ही भूल जाते हैं । हां रमाकांत भाई ,जटाशंकर मेरे खास है और दादा अभी तो जिंदा है पर एडवांस बुकिंग है तो वह आप पंद्रह परसेंट जो डिस्काउंट करते हैं वह जरूर देना। हम कल एडवांस जमा कर देते हैं । प्रकाश ने कहा।

कोविशील्ड को लेकर कोई भी चिंता है तो विशेषज्ञ से लें सलाह

ब्रिटेन की फार्मास्युटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया है कि उनकी कोविड-19 वैक्सीन से कुछ दुर्लभ साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं.भारत के सीरम इंस्टीट्यूट ने एस्ट्राजेनेका के फॉर्मूले से ही कोविशील्ड वैक्सीन को मैन्युफैक्चर किया था. ब्रिटेन की मीडिया के अनुसार, कंपनी के खिलाफ 51 मुकदमे चल रहे हैं. दर्जनों मामले ऐसे हैं जिनमें यह आरोप लगाया है कि टीके के कारण जानें गई हैं और कई लोग गंभीर रूप से बीमार पड़े हैं।

एस्ट्राजेनेका ने इंडिया टुडे से कही ये बात

वहीं, इसी बीच एस्ट्राजेनेका ने इंडिया टुडे के साथ बातचीत में कहा, 'हमारी सहानुभूति उन लोगों के साथ है जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है या जिन्हें इससे स्वास्थ्य समस्या हुई हैं. मरीजों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और हमारे अधिकारियों के पास टीकों सहित सभी दवाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए

स्पष्ट और कड़े मानक हैं.' 'परीक्षण और जांच के आधार पर एस्ट्राजेनेका-ऑक्सफोर्ड वैक्सीन ने खुद को सुरक्षित साबित किया है और दुनिया भर के वैज्ञानिक लगातार कह रहे हैं कि टीकाकरण के दुष्प्रभाव बेहद दुर्लभ हैं जबकि इन बेहद रेयर साडि इफेक्ट की तुलना में लाभ कहीं अधिक हैं।'

क्या कहते हैं भारत के डॉक्टर

डॉक्टरों से बात की जिन्होंने महामारी का बारीकी से अध्ययन किया गया है. आइए जानते हैं कि इस मुद्दे पर डॉक्टरों का क्या कहना है। एस्ट्राजेनेका कंपनी ने कोर्ट में माना है कि कोविड वैक्सीन लेने वाले व्यक्तियों में दुर्लभ दुष्प्रभाव देखे गए हैं, इस बारे में आप क्या कहेंगे? हैदराबाद के अपोलो हॉस्पिटल में न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. सुधीर कुमार ने कहा कि एस्ट्राजेनेका ने कोर्ट में स्वीकार किया है कि कोविशील्ड और वैक्सजेवरिया ब्रांड नामों के तहत बेची जाने वाली उनकी वैक्सीन के टीटीएस नामक साइड इफेक्ट्स होने की संभावना बहुत ही कम है. पहले भी एक्वायर्ड टीटीएस कोविड के टीकों समेत कई अन्य टीकों के प्रतिकूल प्रभाव से जुड़ा रहा है.

क्या है टीटीएस बीमारी

आपको बता दें कि टीटीएस एक दुर्लभ कंडीशन है जिसमें शरीर में खून के थक्के बनने लगते हैं और खून में प्लेटलेट्स की संख्या कम होती जाती है.

नेशनल इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सह अध्यक्ष डॉ. राजीव जयदेवन ने कहा, 'यह सब ब्रिटेन की मीडिया ने रिपोर्ट किया है जो ब्रिटेन में अदालती कार्यवाही के दौरान हुआ. वैक्सीन से होने वाले दुर्लभ दुष्प्रभाव टीटीएस पर पहले ही चर्चा हो चुकी है. वास्तव में डब्ल्यूएचओ ने मई 2021 में इस पर एक रिपोर्ट भी प्रकाशित की थी।' भारत में जिन लोगों ने लगभग 2 साल पहले वैक्सीन ली थी, वे आज बहुत चिंतित हैं, क्या उन्हें चिंतित होना चाहिए? डॉ. सुधीर कुमार ने वैक्सीन से संबंधित प्रतिकूल प्रभाव पर कहा कि आमतौर पर वैक्सीन लगने के बाद कुछ हफ्तों (1-6 सप्ताह) के भीतर साइड इफेक्ट होते हैं. इसलिए भारत में जिन लोगों ने 2 साल पहले वैक्सीन ली थी, उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है।

आज का इतिहास

5 मई 1260 में आज ही के दिन कुबलई खान मंगोल सम्राट बना था। 1640 में 5 मई के दिन इंग्लैंड के राजा चार्ल्स प्रथम ने संसद भंग की थी। 1646 में इंग्लैंड के राजा चार्ल्स प्रथम ने स्कॉटिश सेना के सामने आत्मसमर्पण किया। 1762 में आज ही के दिन रूस और प्रशिया के बीच सेंट पीटर्सबर्ग की संधि हुई थी। 1809 में आज ही के दिन संयुक्त राज्य अमेरिका में पेटेंट प्राप्त करने वाली पहली महिला मैरी कीज़ को रेशम और धागे का उपयोग करके घास बुनाई के विचार के लिए पेटेंट प्रदान किया गया। 1821 में आज ही के दिन चर्च के वर्चस्व को ढहाने और यूरोप को विज्ञान व बहुसंस्कृति की ओर मोड़ने वाले नेपोलियन का निधन हुआ था। 1916 में आज ही के दिन भारत के पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह का जन्म हुआ था। 2006 में आज ही के दिन संगीत के जादूगर कहे जाने वाले संगीत निर्देशक नौशाद अली ने दुनिया को अलविदा कहा था। 2009 में आज ही के दिन पाकिस्तान की स्वात घाटी को तालिबान उग्रवादियों के कब्जे से मुक्त कराने के लिए प्रस्तावित सैन्य कार्रवाई को देखते हुए इलाके के हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया था।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:53, सूर्यास्त : 18:55, चन्द्रोदय : 27:41, चन्द्रास्त : 15:07,

अयन : उत्तरायण

ऋतु : ग्रीष्म, शक सम्वत : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (कालयुक्त) पिंगल, संवत्सर क्रोधी, संवत्सर (उत्तर) कालयुक्त, युगाब्द (कलि संवत) 5126, मास वैशाख, पक्ष : कृष्ण, तिथि : द्वादशी, नक्षत्र : उत्तरभाद्रपदा, योग : वैधृति, प्रथम करण : बव (10:03 तक), द्वितीय करण : बालव (20:38 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : मीन (16:36 से), मंगल : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : वृष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मेष (अस्त, पूर्व, मार्गी), शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:58 से 12:50, राहुकाल : 09:08 से 10:46, यमगण्ड :14:02 से 15:39, दुर्मुहूर्त : 07:37 से 08:29, अमृत काल : 14:47 से 16:15, त्रिपुष्कर योग : 20:38 से 22:07, विजय मुहूर्त : 14:28 से 15:22, गोधूलि मुहूर्त : 18:55 से 19:16, सायाह्न सन्ध्या : 18:56 से 20:00, निशिता मुहूर्त : 23:52 से 24:35, राहुकाल : 16:30 से 18:00, राहुवास : पूर्व।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) हाल ही में खबरों में रहा के2-18बी क्या है?

2) हाल ही में किस देश ने तीरंदाजी विश्व कप में पुरुषों की रिकर्व स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता?

3) विष्णु के अवतारों में से एक कला में महासागर से पृथ्वी को लाने के रूप में दर्शाया गया है। वह कौन सा अवतार है?

4) राजगिरि महोत्सव किस प्रदेश में मनाया जाता है?

5) हाल ही में प्रतिष्ठित गोल्डमैन पर्यावरण पुरस्कार 2024 से किसे सम्मानित किया गया है?

उत्तरमाला- (1) एक्सोप्लेनेट (2) भारत (3) वराह (4) बिहार (5) आलोक शुक्ला

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन भी आपके लिए बीते दिनों से लाभदायक सिद्ध होगा। शत्रु पक्ष निर्बल रहेगा सरकारी कार्यो आसानी से बन सकते है।

वृषः आज का दिन भी आपके लिए शुभ फलदायी रहेगा। सेहत आज सामान्य ही रहेगी।

मिथुनः आपका आज का दिन मानसिक रूप से शांति वाला रहेगा। दिन का पहला भाग धर्म-कर्म में व्यतीत होगा।

कर्कः आपका आज का दिन विपरीत परिस्थितियों वाला रहेगा। आज कंदीन धैर्य से बिताए कल से स्थिति में सुधार आने लगेगा।

सिंहः आज का दिन आपके लिए पिछले कुछ दिनों से बेहतर रहेगा।

कन्याः आज के दिन आपका व्यवहार अन्य लोगो को अत्यंत लापरवाह दिखेगा आप परिस्थिति अनुसार ही कार्य करेंगे ।

तुलाः आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायी रहेगा। दिन के आरंभ से ही किसी जुगाड़ में रहेंगे लेकिन परिस्थिति बार बार सनफलता के नजदीक पहुचाकर वापस खींचेगी।

वृश्चिकः आज का दिन भी प्रतिकूलता से भरा रहेगा। रक्त पित्त विकार से परेशानी होगी।*

धनुः आपका आज का दिन सुख शांति से व्यतीत होगा। स्वास्थ्य में सुधार रहने से मानसिक एवं शारीरिक रूप से चुस्त रहेंगे फिर भी ठंडी वस्तुओ से परहेज करें।

मकरः आपका आज का दिन मिलाजुला रहेगा। दिन के पहले भाग में सोची हुई योजनाएं बनती नजर आएंगी परन्तु मध्यान आते आते कार्यो में विघ्न आने लगेंगे।

कुंभः आज का दिन हर प्रकार से शुभ फलदायी रहेगा। आज दिन भर स्फूर्ति और स्वस्थता का अनुभव करेंगे।

मीनः आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायी रहेगा। सेहत प्रातःकाल में कुछ नरम जैसी रहेगी कमर दर्द पेट संबंधित व्याधि कुछ समय के लिये असहज बनायेगीं।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -047

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

ऊपर से नीचे

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 046 का हल

दा	ढ़ी		की		खा	सो	आ	म
वा		त	म	न्ना			जा	
न	जा	क	त		बा	अ	द	ब
ल		ली		वि	ला	प		हा
	अ	फ	सा	ना		मा	हि	र
दा	ब			श	गु	न		
न		उ	प	का	र		शि	
व		त्स		र		त	क	ला
	सा	व	न		गु	रु	वा	र

■ न्यूज गैलरी

शुक्ला एडवोकेट आन रिकार्ड बार एसोसिएशन के संयुक्त सचिव बने

बिलासपुर/नवप्रदेश। सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट आन रिकार्ड बार एसोसिएशन सुप्रीम कोर्ट का एक प्रमुख बार एसोसिएशन है। एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड बार परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले वकील ही इसके सदस्य बनने के लिए पात्र होते हैं। एसोसिएशन ने अपनी कार्यकारी समिति के चुनाव के लिए 29 अप्रैल को चुनाव कराया। चयनित कार्यकारी समिति का प्राथमिक कार्य सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड की आवश्यकता और मुद्दों को संबोधित करना होता है। चुनाव के दिन अधिवक्ताओं ने बड़ी संख्या में मतदान किया और अपनी कार्यकारी समिति का चुनाव किया। छत्तीसगढ़ के कौस्तुभ शुक्ला एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड को का संयुक्त सचिव चुना गया है। कौस्तुभ शुक्ला रायपुर के रहने वाले हैं और उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा भिलाई में की। स्कूली शिक्षा के उपरांत अपने कानूनी की पढ़ाई सिंबियोसिया लॉ स्कॉल पुणे से किया। उन्होंने अपने कानून करियर की शुरुआत दिल्ली में ट्रायल कोर्ट से की, फिर हाई कोर्ट और वर्तमान में विगत कई वर्षों से सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस करते हैं। सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस करते हुए उन्होंने विभिन्न मुद्दे जैसे संवैधानिक, सिविल, कमर्शियल, इनकम टैक्स, क्रिमिनल आदि पे कार्य करते रहते है। वह छत्तीसगढ़ से बनने वाले पहले वकील भी हैं जो प्रतिष्ठित एसोसिएशन के कार्यकारी समिति में पदाधिकारी बने। वह छत्तीसगढ़ बार काउंसिल के पंजीकृत सदस्य हैं। उनका चयन छत्तीसगढ़ के वकीलों के लिए गौरव की बात है।

दिव्यांग व वरिष्ठ मतदाताओं के लिए निःशुल्क परिवहन सुविधा

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिये मतदान दिवस 7 मई को दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं के लिए निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। निःशुल्क परिवहन सुविधा का लाभ लेने के लिए मतदाता 1950 पर डायल कर सकते हैं। दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं की मांग पर मतदान दिवस 7 मई को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक पहुंचाने तथा मतदान पश्चात् वापस घर तक पहुंचाने के लिए निःशुल्क वाहन उपलब्ध कराया जाएगा। समाज कल्याण विभाग की संयुक्त संचालक श्रद्धा मैथ्यू ने बताया कि दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए 7 मई को मतदान के दिन जिले में दिव्यांग रथ संचालित किये जाएंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1950 से संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि यह सुविधा ऐसे दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं के लिए फायदेमंद होगी जो वोट तो डालना चाहते हैं, लेकिन साधन और सुविधा नहीं होने के कारण घर से बाहर नहीं निकल पाते हैं। निर्वाचन में प्रत्येक मतदाता महत्वपूर्ण है और इसी महत्व को दृष्टिगत् रखते हुए दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक लाने व ले जाने के लिए दिव्यांग रथ चलाया जायेगा। वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाता उक्त सुविधा का लाभ लेकर लोकतंत्र के महापर्व पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते है।

कठपुतली शो के जरिए दिया मतदान का संदेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कठपुतली शो के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। विकासखंड तखतपुर के कम मतदान प्रतिशत वाले बूथ के पास कठपुतली के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा ग्राम छतौना में कठपुतली प्रदर्शन के माध्यम से आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में डीपीओ जीतेन्द्र पाटले, रमेश गोपाल एडीपीओ, आशा उज्जैनी, साक्षरता विभाग से अवनीश तिवारी, समस्त अधिकारी कर्मचारी तखतपुर विकासखंड के बीईओ ,एबीईओ और साक्षरता प्रभारी गण ग्राम छतौना के सरपंच दुर्गा रमेश साहू,पंच दिनेश कौशिक प्रबुद्ध एवं गणमान्य नागरिको, महिलाए, बच्चे, छतौना स्कूल के शिक्षक कमलेश कौशिक, गौरव भट्ट, पुष्पा साहू, शांति सुमन बड़ा, नीतू मिश्रा, मनीषा कौशिक, अग्निशिया एक्का, प्रेम कुमार कौशिक, अनुसुइया साहू, रुखमणी सूर्यवंशी, रमेश साहू, अश्वनी निर्मलकर, दीनबंधु आनंद, विकास कौशिक, शशिकांत कौशिक और गांव के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कठपुतली कलाकार उषा कोरी द्वारा मतदाता जागरूकता शपथ, गीत एवं छत्तीसगढ़ी में अपील किया गया। इस कार्यक्रम में छतौना के महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे एकत्रित हुए।

बिहान की दीदियों ने निकाली मतदान जागरूकता रैली

जिले में होने वाले निर्वाचन के मद्देनजर वृहद तौर पर मतदाता जागरूकता अभियान जारी है। शहरों से लेकर गांवों तक बड़ी संख्या में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूर्ण करने जिला प्रशासन के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। रैली, नृत्य, नारा, मानव श्रृंखला जैसे भिन्न-भिन्न कार्यक्रम से मतदाताओं को मतदान के महत्व से परिचित कराया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड मस्तुरी अंतर्गत ग्राम पंचायत ओखर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बिहान समूह की दीदियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो के नारों से पूरा गांव गूंज उठा। बड़े ही उत्साह के साथ दीदियों ने गांवों की बस्तियों में घूमकर मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया।

मोदी सरकार की योजनाओं के केंद्र में महिलाएं: किरणदेव

महतारी वंदन सम्मान कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश शामिल हुए

बिलासपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव अंतर्गत पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक की अध्यक्षता में विधानसभा बिल्हा के तिफरा में झूलेलाल मंगलम भवन में आयोजित महतारी वंदन सम्मान कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, बिलासपुर लोकसभा प्रत्याशी तोखन साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता गण एवं माताएं बहने उपस्थित हुईं। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष किरण देवसिंह कार्यक्रम को सम्बोधित किया और कहा कि चुनाव कोई साधारण चुनाव नहीं है, ये बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव है। ये चुनाव देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। श्री मोदी 140 करोड़ देशवासियों के लिए दिन-रात काम करते हैं। 24 घंटे में 18 घंटे काम करते हैं। वो गांव, गरीब, मजदूर, किसान सबकी चिंता करते हैं। उन्होंने पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ाया, भारत का डंका बजाया। उन्हें फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने कहा भाजपा का संकल्प पत्र और किए गए वादे ही मोदी की गारंटी है। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल में भारत ने ऐतिहासिक रूप से पूरे विश्व में अपने विकास का लोहा मनवाया है। भारत आज हर क्षेत्र में तेजगति से बढ़ने वाले देशों में शुमार हो चुका है। यूपीए की सरकार के मंदी के दौर से निकालकर आज भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन चुका है। आज जारी भाजपा के संकल्प पत्र में मोदी की गारंटी है कि 2029 तक भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के साथ ही 2047 तक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आ जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरे विश्व में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। वह दिन अब दूर नहीं कि विश्व गुरु कहलाएगा उन्होंने कहा कि. विश्व गुरु कहलाएगा । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव सिंह ने कहा कि मोदी के गारंटी में भाजपा ने 'जीवायएएन' यानी गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी शक्ति पर फोकस किया है। भाजपी की थीम है बीजेपी का संकल्प, मोदी की गारंटी। जिसमें देश के सभी वर्गों के विकास की बातें समाहित है। प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को और इसमें अधिक से अधिक लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीबों को 4 करोड़ पक्के घर बनाकर दिए हैं। अब 3 करोड़ और गरीब परिवारों को पीएम आवास दिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ को केंद्र ने 10 वर्षो में दिए 4 लाख करोड़: टंकराम

यूपीए सरकार में मिले थे सिर्फ 1 लाख करोड़

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज बिलासपुर के जिला भाजपा कार्यालय में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार में राजस्व व खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कांग्रेस सरकार ने 10 वर्षों में केवल 1 लाख करोड़ दे पाई थी वही मोदी सरकार ने 4 लाख करोड़ की राशि छत्तीसगढ़ को दी है।

मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि यूपीए सरकार एवं मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यों की तुलना करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश में विकास नए आयाम गढ़े है। यूपीए सरकार में 10 वर्षों में कुल कर संग्रह लगभग 68 लाख करोड़, मोदी सरकार के 10 वर्षों में लगभग 215 लाख करोड़। मोदी सरकार में 215 प्रतिशत की वृद्धि। कांग्रेस सरकार में एमएसपी पर दालों की खरीद 1.52 एमएलटी, मोदी सरकार में 82.21 एमएलटी यानि 54 गुना वृद्धि। मोदी सरकार में मेडिकल कॉलेज 387 से 660, एम्स 7 से 23, पीजी सीटे 31,185 से 65,335 एमबीबीएस की सीटे 51,348 से 1,01,043 हुई। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के अंतिम बजट का आकार 16 लाख करोड़, मोदी सरकार के अंतिम बजट का आकार 48 लाख करोड़, यानि बजट में तीन गुना की वृद्धि हुई। यूपीए सरकार ने 10 वर्षों में राज्यों को दिए 33 लाख करोड़, मोदी सरकार ने दिए 129 लाख करोड़, मोदी सरकार में 300 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि यूपीए सरकार में किसानों को धान खरीदी पर कुल भुगतान 4.4 लाख करोड़, मोदी सरकार में 12.18 लाख करोड़ रुपए भुगतान किया। कांग्रेस सरकार के 10 वर्षों में औसत जीडीपी 6.81 प्रतिशत, मोदी सरकार में 7.13 प्रतिशत कोविड के वर्ष को छोड़कर रही। मोदी सरकार में विश्वविद्यालयो की संख्या 723 से 1113, आईआईटी की संख्या 16 से 23 आईआईएम की संख्या 13 से 20 हुई। यूपीए सरकार में 10 वर्षों के कुल पूंजीगत व्यय 12 लाख करोड़, मोदी सरकार के 10 वर्षों में 44 लाख करोड़ लगभग तीन गुना की वृद्धि। यूपीए सरकार के 10 वर्षों में निर्यात 99 लाख करोड़ रुपए था, मोदी सरकार के 10 वर्षों में निर्यात 235 लाख करोड़ रुपए। यूपीए सरकार में एमएसपी पर गेहूं खरीद पर किसानों को कुल भुगतान 2.2 लाख करोड़, मोदी सरकार में 5.4 लाख करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। यूपीए के 55 वर्षों में राष्ट्रीय राजमार्ग 91,287 किमी बनी, मोदी सरकार के 10 वर्षों में 146,145 किमी 10 वर्षों में राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क में 54,858 किमी की वृद्धि हुई। कांग्रेस सरकार की तुलना में मोदी सरकार में सड़क निर्माण की गति 12 किलोमीटर प्रतिदिन से बढ़कर 42.03 किमी हुई। श्री वर्मा ने अपनी बात जारी रखते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने अपनी चुनावी घोषणा पत्र जिसे मोदी जी की गारंटी बताया था और जिस पर छत्तीसगढ़ की जनता ने भरोसा जताते हुए कुशासन में डूबी हुई कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फेंका और प्रदेश में पुनः भाजपा की सरकार बनाई।

अब घर बैठे बनेगा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र

बिलासपुर/नवप्रदेश। अब कोई भी जरूरतमंद जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र घर बैठे बनवा सकेगा। भारत के महापंजीयक कार्यालय ने जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र पंजीयन के लिए नया आनलाइन पोर्टल सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम शुरू किया गया है। इस पोर्टल में ऐसे ढ़ेर सारे फीचर्स डाले गए हैं जो आम जनता के लिए बेहद ही फायदेमंद साबित हो रहा है। खासतौर से जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाना इसके माध्यम से बहुत ही सरल हो गया है। कोई भी इन प्रमाण पत्र को बनवाने के लिए पोर्टल का उपयोग कर सकेगा। इसके साथ ही जरूरी प्राथमिकता पूरी करने के बाद ही पोर्टल के माध्यम से ये दोनों महत्वपूर्ण प्रमाण पत्र की कापी प्राप्त कर सकेगा। भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना कार्यालय नई दिल्ली ने भारत में सबसे पहले छत्तीसगढ़ में बीते 22 मार्च से यह सेवा शुरू की है।

मोदी सरकार हिली हुई है और जाने के कगार पर : गुरदीप सप्पल

रायपुर/नवप्रदेश। एआईसीसी के प्रशासन प्रभारी एवं कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य गुरदीप सप्पल ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछले वर्ष बहुत ही सफल अधिवेशन हुआ। रायपुर से जो यात्रा शुरू होने वाली है वो अपने मुकाम में पहुंचने वाली है। मोदी डर रहे है कांग्रेस को उल्टा सलाह दे रहे थे कि डरो मत। मोदी सरकार हिली हुई है और जाने के कगार पर है अब 400 पार बोलने की हिम्मत नहीं हो रही है। मोदी और भाजपा के लोग नहीं बोल पा रहे है। मोदी जी जवाब दे कश्मीर में भारतीय जनता पार्टी को किसने निपटा दिया। कश्मीर में भारतीय जनता पार्टी चुनाव से क्यों भाग रही है? कश्मीर के अंदर तीन सीट है। भाजपा कश्मीर के अंदर एक भी प्रत्याशी नहीं उतार पाये। कश्मीर को वह सबसे बड़ी उपलब्धि मानते थे। कश्मीर से राहुल गांधी जी भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत हुयी थी। कश्मीर में राहुल गांधी ने देश के लोगो को कहा डरो मत। कश्मीर में राहुल गांधी हजारो कार्यकर्ता के साथ पहुंचकर वह लाल चौक पर झंडा फैराया। कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। मोदी कांग्रेस के घोषणा न्याय पत्र को लेकर झूठ फैला रहे है। मोदी झूठ इसलिये बोल रहे है क्योंकि वह कांग्रेस के घोषणा न्याय पत्र के सच से डरे हुये है। देश में सबसे बड़ा सच यह है कि महंगाई जिसका मुकाबला मोदी नहीं कर पा रहे। पिछले 10 सालों में महंगाई बेतहाशा बढ़ी। रिजर्व बैंक इंडिया का डेटा यह बताता है कि पिछले एक साल के अंदर भारत में आम जनता की देनदारी है वह 75 प्रतिशत बढ़ी है यह वो जनता है जो महंगाई से त्रस्त है। लोगो को महंगाई चुभ रही है पढ़ाई के लिये, दवाई के लिये लोग अपने बचत का ईस्तमाल कर रहे है। मोदी जी मंगलसूत्र की बात बार-बार करते है और वह भी डेटा रिजर्व बैंक आफइंडिया का है कि पिछले पांच साल में देश के अंदर गोल्ड लोन पांच गुना बढ़ गया है। केन्द्र में कांग्रेस इंडिया एलाइंस की सरकार आने पर सबसे पहले महालक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को एक-एक लाख रू. सालाना देंगे और सरकारी नौकरी में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा।

4 दशक में बेरोजगारी इस देश में सबसे ज्यादा बढ़ गयी है।

एक-दो दिनों में फिर बदलेगा मौसम

बिलासपुर/नवप्रदेश। आसमान में फिर से काले बादल होने की संभावना है। आंधी के साथ हल्की बारिश भी हो सकती है। तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव भी महसूस होगा। यह स्थिति एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के बाद छह मई से दिखाई पड़ सकता है। फिलहाल बिलासपुर का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से अधिक है।

मौसम वेधशाला के विज्ञानी डा.एचपी चंद्रा के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ 45 डिग्री पूर्व और 26 डिग्री उत्तर में मध्य क्षोभमंडल में स्थित है। इसके कारण नमी की मात्रा में थोड़ी वृद्धि होने की संभावना है। इसके कारण प्रदेश में चार मई को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान में अगले दो दिनों तक कोई विशेष परिवर्तन होने के संकेत नहीं हैं। प्रदेश के कुछ जिलों में हल्के बादल रह सकते हैं। इधर शनिवार की सुबह से सूर्य का तेवर तेज हैं। आसमान आग उगल रही है। शहर भीषण गर्मी की चपेट में है। दिन में घर से निकलना भी मुश्किल है। झुलसा देने वाली इस गर्मी के बीच लोगों को छांव और पानी तर कर रहा है। सड़क किनारे शीतल पेय की दुकानों में प्रतिदिन भीड़ जुट रही है। गन्ना जूस, आइसक्रीम और फलों की डिमांड काफी अधिक बनी हुई है। इसके कारण लोग दिन के बजाए शाम को घर से निकलना अधिक पसंद कर रहे है। दिन के साथ रात में तापमान 22 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है, जो सामान्य से ज्यादा है।

10 मई तक छाए रहेंगे बादल

मौसम विशेषज्ञ अब्दुल सिराज खान की मानें तो पश्चिमी विक्षोभ के असर से 10 मई तक आसमान में बादल छाए रहेंगे। छह, आठ, नौ और 10 मई को हल्के बादल छाए रहेंगे। अचानक बूंदाबांदी हो सकती है। सात मई को शाम के समय हल्की वर्षा की संभावना बन रही है। इस दौरान दिन के अधिकतम तापमान में बहुत अधिक वृद्धि की संभावना नहीं है।

अंधेकत्ल की गुत्थी सुलझी, आरोपी पुत्र गिरफ्तार

सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम सेलर का मामला

सीपत/नवप्रदेश। सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम सेलर के एक खेत में 70 वर्षीय बुजुर्ग कुशल प्रसाद साहू का शव मिला था। सूचना पर तत्काल सीपत थाने की टीम घटना स्थल पर पहुँच जांच में जुट गई थी। प्रथम दृष्टया हत्या का अपराध पाए जाने से धारा 302 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। मामले में पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के द्वारा उक्त अंधेकत्ल के अपराध में त्वरित गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। बिलासपुर पुलिस द्वारा लगातार घटनास्थल में कैम्प करके तकनीकी साक्ष्य संकलन एवं पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड तथा मृतक की पारिवारिक पृष्ठभूमि के आधार पर विवेचना प्रारंभ की गई।

विवेचना के दौरान ज्ञात हुआ कि मृतक का बेटा दीपक साहू घटना के बाद से फरार है एवं मृतक के अंतिम संस्कार में भी नहीं आया है। मृतक और दीपक साहू के बीच खेत जमीन बटवारा की बात को लेकर पूर्व से विवाद चल रहा है। जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम लगातार संदेही दीपक साहू की पतासाजी में जुट गई. सभी संभावित स्थानों में संदेही की पता तलाश हेतु अलग- अलग टीम बनाकर भेजा गया, मुखबिर तैनात किए गए तकनीकी साक्ष्यों का अवलोकन किया गया। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि संदेही आज तड़के ग्राम सेलर आने वाला है जिस पर ताक लगाकर पुलिस की टीम बैठी रही एवं संदेही के गांव में पहुंचने से पहले ही उसे अपने हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जिस पर उसने जमीन विवाद को लेकर अपने पिता की हत्या करना स्वीकार किया। आरोपी के अनुसार वर्ष 2016 में उसके पिताजी के द्वारा जमीन बटवारा के विवाद की बात को लेकर थाना में उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाया गया था। तथा उसके पिता उसकी पत्नी को गलत दृष्टि से देखते थे, जिससे क्षुब्ध होकर उसने लोहे के चाकू से हमला कर उसकी हत्या करना बताया। आरोपी दीपक साहू के खिलाफ अपराध सबूत पाए जाने से उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक बिलासपुर द्वारा इस अंधे कत्ल पर त्वरित कार्रवाई हेतु अति. पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अर्चना झा, अनुविभागीय अधिकारी मस्तूरी निमितेश सिंह की प्रशंसा की गई। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार पासवान, राजेश मिश्रा प्रभारी एसीसीयू बिलासपुर सउनि शिव सिंह बक्सपाल प्र. आर. उमाशंकर राठौर आरक्षक धर्मेन्द्र सूर्यवंशी, दीपक साहू, विनोद केंवट, एसीसीयू आरक्षक बोधुराम कुम्हार, निखिल जाधव, की विशेष भूमिका रही ।

बिलासपुर/नवप्रदेश। लोकसभा की बिलासपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी तोखन साहू के साथ आज तिफरा सिरगिट्टी के सिरगिट्टी गुरुद्वारा से बन्नाक चौक तक रैली निकाली गई। ग्राम सिलपहरी व पोडी स में भी नुक्कड़ सभा की गई। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, डॉ. देवेन्द्र कौशिक, मंडल अध्यक्ष बलराम देवांगन, मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ता ग्रामीण ज़न बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

निरीक्षण | सीवीओ के निर्देशन में कोल स्टाक सहित आईटी प्रयासों के प्रयोग व रखरखाव को देखने सतर्कता टीम खदानों के दौरे पर

कोल स्टाक मेजरमेंट, सीसीटीवी, वे-ब्रिज व आईटी टूल्स का किया निरीक्षण

कोल कम्पनियों में सतर्कता जागरूकता अभियान की शुरूआत

बिलासपुर/नवप्रदेश। एसईसीएल के विभिन्न संचालन क्षेत्रों में सतर्कता विभाग की टीम द्वारा खदानों का निरीक्षण किया गया। कोयला मंत्रालय के निर्देशानुसार समस्त कोल कम्पनियों में सतर्कता जागरूकता के अंतर्गत इस नए अभियान की शुरूआत की गयी है।

एसईसीएल के सीवीओ जयंत कुमार खमारी स्वयं कोरबा कोलफील्ड्स के कुसमुण्डा खदान पहुँचे जहाँ उन्होंने कोल स्टाक, बूम बेरियर, वे-ब्रिज आदि का निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश जारी किए। तदन्तर वे कोल फेस पहुंचे एवम प्रत्येक स्थान पर संग्रहित कोल स्टाक को देखा । सीवीओ एसईसीएल ने सीएचपी व साइलो का भी अवलोकन किया। सतर्कता विभाग की एक अन्य टीम द्वारा रायगढ़ एरिया के छाल खदान का निरीक्षण किया गया। सतर्कता टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में पहुँचकर औचक कोल स्टाक मेजरमेंट, सीसीटीवी, वे-ब्रिज जैसे आईटी टूल्स के प्रयोग व दक्षता का निरीक्षण किया जा रहा है। टीम में अन्य सम्बद्ध विभागों के विशेषज्ञ अधिकारी भी शामिल है। आने वाले दिनों में टीम द्वारा अन्य क्षेत्रों व खदानों में भी निरीक्षण की प्रक्रिया जारी रखी जाएगी। विदित हो कि सतर्कता विभाग द्वारा समय-समय पर औचक निरीक्षण, जाँच आदि के प्रयास किए जाते रहे हैं, वहीं प्रिवेन्टिव विजिलेंस के अंतर्गत वर्ष भर जागरूकता के प्रयास किए जाते हैं।

न्यूज गैलरी

गंगरेल बांध में सुविधाएं बढ़ाने कलेक्टर ने ली बैठक

धमतरी/नवप्रदेश। रविशंकर सागर जलाशय गंगरेल बांध में सुविधाओं के विस्तार और बांध क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कलेक्टर नम्रता गांधी ने अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने गंगरेल स्थित एडवेंचर कैंप, बरदिहा लेक व्यू, अंगारमोती माता मंदिर, गार्डन और बांध स्थल में मूलभूत सुविधाएं, रंग-रोगन, झूलों, गार्डन की साफ-सफाई, पेयजल आदि को व्यवस्थित कराने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, वनमंडलाधिकारी जाधव श्रीकृष्ण सहित एसडीएम धमतरी डॉ.विभोर अग्रवाल और जल संसाधन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर सुश्री गांधी ने गंगरेल बांध को पर्यटन के क्षेत्र में और अधिक सुंदर, सुविधाजनक व रोमांचित बनाने के लिए अधिकारियों से सुझाव भी मांगे। उन्होंने कहा कि जिले में पर्यटन के क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं, इस लक्ष्य को सभी मिलकर पूरा करेंगे, ताकि यहां प्रदेश के दूर-दराज से आने वाले पर्यटक अपनी अच्छी यादें लेकर यहां से जाएं। कलेक्टर ने बांध क्षेत्र में प्लास्टिक का उपयोग रोकने के लिए समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे पेपर बैग और दोना-पत्तल आदि स्थानीय दुकानों में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बांध के दूसरी ओर जाने के लिए सशुल्क ई-रिक्शा सुविधा प्रारंभ करने कहा।

उद्यानिकी छात्रों ने सब्जियों के भंडारण के लिए बनाया शीत कक्ष

धमतरी/नवप्रदेश। केएल उद्यानिकी महाविद्यालय पोटियाडीह धमतरी के चतुर्थ वर्ष के छात्र- छात्राओं ने ग्रामीण उद्यानिकी कार्य अनुभव शिक्षा अंतर्गत ग्राम लोहरसी के किसानों एवं ग्रामवासियों को शून्य ऊर्जा शीत कक्ष बनाकर प्रदर्शन किया। जो एक प्रकार का वास्पीकरण कूलर है जो बिजली के उपयोग के बिना सब्जियों को ताजा रखने का सरल और सस्ता तरीका है। इसमें सतह से पानी का वास्पीकरण से गर्मी दूर हो जाती हैं। जिससे शीतलन प्रभाव पैदा होता है। जिससे सब्जियों के भंडारण के सेल्फ जीवन में सुधार हो सकता है। चतुर्थ वर्ष के ग्रुप ई के द्वारा यह प्रदर्शन किया गया। ग्रुप लीडर योगेश पटेल तथा ग्रुप के सदस्य सुरभि वर्मा, त्रिभुवन गौर, विनोद साहू, विवेक चक्रधारी,यमन साहू, उमाशंकर, वर्षा, उज्ज्वला, योगाकांत आदि ने इसका संचालन एवं क्रियान्वयन किया। इस अवसर पर ग्राम के किसान घनाराम सोनकर, शशि सोनकर, मंजू बाई एवं अन्य महिला समूह के कृषकों एवं ग्राम वासियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। महाविधालय के प्राचार्य राकेश पांडे एवं विषय शिक्षिका उमा साहू, केसरी साहू, एवं गीतेश्वर पाठक, प्रियदर्शी तिवारी सर द्वारा इस कार्यक्रम की सराहना की गई।

अधिक दाम पर शीतल पेय बेचने का विधायक ने लिया संज्ञान

■ विधायक ने कहा मामला गंभीर कार्यवाही करने नापतौल विभाग को दिए निर्देश

कांकेर/नवप्रदेश। एक तरफ भीषण गर्मी पारा 40 के पार भीषण गर्मी से जूझता आमजन गर्मी से राहत पाने ठंडा पीने की सोचे उससे पहले अधिकतम मूल्य से अधिक की दाम पर आम लोगों की जेब ढीली करते दुकानदारों की खबर को दैनिक नवप्रदेश ने 2 मई को बड़ी ही प्रमुखता से उठाया था।

प्रिंट रेट से अधिक मूल्य पर ठंडा पेय पदार्थ को बेचने नवप्रदेश की खबर पर कांकेर के लोकप्रिय विधायक आशा राम नेताम ने सुध लेते हुए खबर की सराहना करते हुए आमजनों की जेब ढीली करने वालो पर कड़ी कार्यवाही करने नाप तौल इंस्पेक्टर युवराज साहु से चर्चा कर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। गौरतलब है कि कांकेर जिले भर में ठंडा पेय पदार्थ जैसे थम्सअप कोकोकोला स्प्राईट जैसे अन्य प्रोडक्ट पर डेली नीडस और छोटे छोटे पान की दुकानों में तयदाम से अधिक पर धड़ुले से बेची जा रही है।

आमजनों के द्वारा प्रिंट रेट से अधिक दाम लेने पर दुकान दारो द्वारा उक्त प्रोडक्ट का शोर्टेज बताकर ठंडा पेय पदार्थों का प्रिंट रेट अधिक दाम पर बेचना बताया जा रहा है। हमने 2 मई को बताया था कि दैनिक नवप्रदेश की टीम के निरीक्षण में हमने स्वम 20 का ठंडा 25 में 40 का ठंडा 45 में खरीदा था। हमने इसकी पड़ताल ठंडा पेय पदार्थ प्रोडक्ट के एजेंसी संचालक से इस संबंध में चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि गर्मी के सीजन में जरूर कुछ प्रोडक्ट शॉर्टज होता है लेकिन एजेंसी से प्रिंट रेट से अधिक दाम से कम में माल सप्लाई किया जाता है। जिसके बिल मौजूद है और जो चलित प्रोडक्ट है उसकी आपूर्ति हर दिन होती हैं हमारे यहां ठंडा पेय पदार्थ की सभी रेंज उपलब्ध है। किसी प्रकार का कोई शॉर्टज नही है।अधिक दाम लेने वालो पर कार्यवाही होनी चाहिए। बाहरहाल नवप्रदेश की खबर के बाद जिले भर में हड़कंप मच गया है। लोगो ने सोसल मीडिया में नवप्रदेश की खबर की जमकर सरहाना करते नजर आए।

अधिक दाम पर बेचा जा रहा पेय
नाप तौल विभाग का नियंत्रण नहीं

ठंडा प्रोडक्ट एजेंसी के अलावा

उसी ब्रांड के प्रोडक्ट शहर में........

ब्रांडेड ठंडा कंपनी की शहर में एक ही एजेंसी है।जहां से शहर के लोग गर्मी में ठंडा पेय पदार्थ लेते हैं। एजेंसी संचालक ने बताया कि शहर की अधिकांश दुकानों में बाहर से माल लाकर कुछ लोग सप्लाई कर रहे हैं।इस स्थिति से निपटने मैंने कई बार मेन डीलर रायपुर में शिकायत कर चुके हैं। इसके बावजूद शहर से लेकर ग्रामीण अंचल में महाराष्ट्र सहित रायपुर छत्तीसगढ़ से लाकर खुलेआम बेच रहे हैं। जिससे उक्त माल एक्सपायरी या ब्रांडेड कंपनी के नकल वाले माल की भी आशंका जताई गई है।

नाप तौल विभाग के जिम्मेदार अफसर नहीं करते निरीक्षणः

गर्मी के प्रचंड प्रहार से बचते आमजनों का सूखा गला तर करना भी भारी पड़ता दिख रहा है। शोर्टेज बताकर तय दाम से अधिक पर धड़ुले से ठंडा बेचने वालो पर दो दिनों बाद भी कार्यवाही नहीं होना विभाग की निरंकुशता को दर्शाता है। इतना ही नहीं कांकेर विधानसभा के विधायक आशाराम नेताम भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए नाप तौल इंस्पेक्टर को कार्यवाही करने का निर्देश के बावजूद विभाग के अफसर सुध लेते नही दिख रही है। कार्यवाही के आश्वासन के दो दिन बाद भी नाप तौल विभाग अपनी कुंभक्रणीय नीद से नहीं जागी है जो विभाग पर सवालिया निशान लगा रहा है?

विधायक कांकेर : आशा राम नेताम

ने बताया की नवप्रदेश की खबर के माध्यम से तय दाम से अधिक पर बेचने की खबर वाकई गंभीर मामला है निश्चित रूप से ऐसे लोगों पर कार्यवाही होनी चाहिए। इस प्रकार आमजनों से लूट पर नाप तौल विभाग को कार्यवाही के निर्देश दिए गए है। इस प्रकार जनहित की खबर से पारदर्शिता बनी रहती है।

कोरबा लोकसभा में कांकेर विधायक ने किया धुआंधार प्रचार

भारत को सशक्त राष्ट्र बनाने पीएम नरेंद्र मोदी को बागडोर सौंपने मांगा समर्थनः आशा नेताम

कांकेर/नवप्रदेश। कोरबा लोकसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के निर्देशानुसार कांकेर विधायक आशा राम नेताम ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कोरबा लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय के पक्ष में प्रचार प्रसार करने पहुंचे।

कांकेर विधायक आशा नेताम एक सप्ताह से कोरबा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पाली तानाखार के ग्राम बर्रा में जनसंपर्क कर विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने ग्रामीणों से भेंट कर आशीर्वाद मांगा आगामी 7 मई को होने वाले मतदान में कमल निशान पर बटन दबाकर भारी मतों से भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडे को विजयी बनाने आग्रह किया। कांकेर विधानसभा के विधायक आशाराम नेताम अपने एक सप्ताह के प्रवास के दौरान पाली तानाखार विधानसभा के ग्राम हरदेवा भी पहुंचे जहां उन्होंने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओ का गांव के ग्रामीणों को लाभ अंतर्गत पाली तानाखार विधानसभा के ग्राम मिसिया और सिरमिना गांव में जनसंपर्क कर विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने ग्रामीणों से भेंट कर आशीर्वाद मांगा विधायक आशा नेताम ने ग्रामीणों से कहा की आगामी 7 मई को होने वाले मतदान में कमल निशान पर बटन दबाकर भारी मतों से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडे को विजयी बनाकर फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सौंपने की बात कही गई है। लेकर अब की बार 400 पार फिर एक बार मोदी सरकार का नारा बुलंद करते हुए भारत को शसक्त राष्ट्र बनाने मोदी की गारंटी पर भरोसा जताते 7मई को कमल का बटन दबाकर भारी बहुमत से भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय को जिताने की अपील किया गया।प्रचार के दौरान विधायक आशा नेताम ने रात्रि विश्राम गांव में करते हुए रात को ग्रामीणों की बैठक लेकर लोगो से भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय लिए समर्थन मांगा।विधायक आशा नेताम ने प्रचार के अंतिम दिन कोरबा लोकसभा

नए मतदाता राष्ट्र को मजबूत करने करेंगे मतदानः रंजना साहू

धमतरी/नवप्रदेश। तीसरे चरण का चुनाव नजदीक आ रहा है। भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता एवं धमतरी की पूर्व विधायक रंजना साहू भाटापारा क्षेत्र में प्रचार कार्य में जुटी हैं। वे नुक्कड़ सभा, गांव के चौक चौराहों और शहर के वार्डों में ले रही हैं। भाजपा प्रत्याशी के लिए सघन जनसंपर्क कर रही हं। इस दीरान भाटापारा के ग्राम कोहिला, मनोहरा, केसदा, गुरुनानक वार्ड में भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को प्रचंड मतों से विजयी बनाने महिलाओं से मुलाकात की। मातृ-शक्तियों ने संकल्प लिया की रायपुर लोकसभा क्षेत्र में कमल खिला कर मोदी जी के नेतृत्व को मजबूत बनाने भाजपा प्रत्याशी को जिताएंगे। श्रीमती रंजना साहू नए मतदाताओं से कहा कि आपका एक वोट राष्ट्र को मजबूत, विकसित भारत बनाने, देश में सुशासन लाने, भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाएगा। आपका बहुमूल्य वोट राष्ट्र हित में हो। इस मौके पर युवा मतदाताओं ने भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रंजना साहू के साथ सेल्फी ली।

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को जेल

कांकेर/भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। नाबालिग से अनाचार करने के मामले में भानुप्रतापपुर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस के अनुसार 2 मई को पीड़िता ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 29 अप्रैल को अपने मित्र के साथ मोटर साइकिल में भानुप्रतापपुर से ग्राम पांडरपुरी कुछ काम से गए थे।

ग्राम पांडरपुरी से वापस भानुप्रतापपुर होते हुए ग्राम भीरागांव जाने निकले थे कि ग्राम कन्हारगांव रेलवे लाइन पुलिया के पास पहुंचने पर पीड़िता एवं उनके मित्र को आरोपी संजू गावडे (36 वर्ष) निवासी वार्ड नंबर 10 ग्राम कन्हारगांव थाना भानुप्रतापपुर द्वारा जबरदस्ती रास्ता रोककर अपने आपको बाए पैर में चोट लगना बताकर उनके बाइक में बैठकर घर पहुंचाने की बात बोला। रेलवे लाइन के किनारे सुनसान जंगल में ले जाकर 3000 रुपए की मांग करते हुए पीड़िता एवं उसके मित्र को गाली गलौज व जान से मार देने की धमकी दी। मारपीट कर पीड़िता के पास रखे 300 रुपए को लूटकर पीड़िता के मित्र को डरा धमकाकर जंगल तरफ भगा दिया। नाबालिग के साथ जबरदस्ती संबंध बनाया और फरार हो गया।

पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी संजू गावडे के ख़िलाफ़ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस वरिष्ठ अधीक्षक कांकेर इन्दिरा कल्याण ऐलिसेला के दिशानिर्देशन में,अति.पुलिस अधीक्षक भानुप्रतापपुर संदीप पटेल ,अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) भानुप्रतापपुर प्रशांत कुमार सिंह पैकरा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी निरीक्षक अमित पद्मशाली के द्वारा तत्काल टीम गठित कर रवाना होकर आरोपी की पता तलाश किया जाकर आरोपी संजू गावड़े को पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने पर 3 मई को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल दाखिल के लिए भेजा गया।प्रकरण में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित पद्मशाली द्वारा गठित ठीम उपनिरीक्षक कीर्तू राम दीवान.सहायक उपनिरीक्षक कैलाश पाण्डे, प्र.आर.नरोत्तम लाटिया प्र.आर.विजय कटकवार राजेश नेताम राजेंद्र रावटे का विशेष योगदान रहा।

भीषण गर्मी और लू से बचने के उपाय, ज़िला प्रशासन ने जारी किए आवश्यक दिशा निर्देश

कांकेर/नवप्रदेश। ग्रीष्म ऋतु के चलते वर्तमान में भीषण गर्मी पड़ रही है। इस दौरान तापमान में वृद्धि होने की वजह से लू लगने की आशंका अधिक होती है। लू से बचाव एवं उसके उपाय हेतु कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश जारी जारी किए गए हैं।

लू के लक्षण- सिर में भारीपन और दर्द होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक हो जाने के बाद भी पसीने का न आना, अधिक प्यास और पेशाब कम आना, भूख कम लगना और बेहोश होना आदि लू लगने के प्रमुख लक्षण हैं।

लू से बचाव के उपाय- लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने का मुख्यतया शरीर में नमक की कमी होना है। अतः इससे बचाव के लिए निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए। बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जाएं, धूप में निकलने से पहले सिर व कानों को

कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें, पानी अधिक मात्रा में पिएं, अधिक समय तक धूप में न रहें, गर्मी के दौरान नरम मुलायम सूती कपड़े पहनने चाहिए ताकि हवा और पसीने को सोखते रहे। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस. घोल पिएं, चक्कर आने, उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें तथा शीतल पेय तथा जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श लिया जावे तथा उल्टी, सिर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से जरूरी सलाह ली जाए।

लू लगने पर किये जाने वाला प्रारंभिक उपचार- बुखार पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठण्डे पानी की पट्टी लगायें, अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलायें जैसे कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि। पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लिटा दें, शरीर पर ठण्डे पानी का छिड़काव करते रहें, पीड़ित व्यक्ति को यथाशीघ्र किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जावें। मितानिन, ए.एन.एम. से ओ.आर.एस. के पैकेट हेतु संपर्क करें।

हीट वेवः क्या करें और क्या न करें- जितना हो सके पर्याप्त पानी पिएं, भले ही प्यास न लगी हो। मिर्गी, हृदय, गुर्दे या लीवर से संबंधित रोग वाले जो तरल प्रतिबंधित आहार लेते हो. तरल पदार्थ लेने से पहले डॉक्टर से परामर्श लें। हल्के रंग के, ढीले सूती कपड़े पहनें, ओ.आर.एस. (ओरल हाइड्रेशन) घोल, घर का बना पेय लस्सी, (तोरानी चावल) का पानी, नींबू का पानी, छाछ, आदि का उपयोग करें।

मोदी जी महंगाई के नाम पर चुप्पी साध लेते है: ओंकार साहू

धमतरी/नवप्रदेश। ओंकार साहू ने मोदी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि मोदीजी सरकार सत्ता में आने से पहले बोलते थे कि भाजपा सरकार बनते ही 100 दिन के अंदर महंगाई कम हो जाएगी। परन्तु आज महंगाई कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। सभी सामानों की कीमत में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। 2013 में नरेंद्र मोदी महंगाई पर बड़े - बड़े भाषण दिया करते थे। परन्तु आज प्रधानमंत्री महंगाई के नाम पर चुप्पी साधे हुए हैं। और महंगाई का प्रथम वर्ण म तक बोलने को तैयार नहीं है। क्योंकि आज 60 रुपए । पेट्रोल सेंचुरी मार दी है।

जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र में प्रचार कर रहे धमतरी विधायक ओंकार साहू ने 2024 के लोकसभा चुनाव पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र की जनता कांग्रेस के पूर्ववर्ती सरकार के काम- काज पर मतदान करेगी। किसानों का कर्जा माफ हो,चाहे धान उचित मूल्य देने कि बात हो, युवाओं को बेरोज़गारी भत्ता देने कि बात हो, चाहें भूमिहीन मजदूरों को सालना 7000? देने की बात हो हमारे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाले कांग्रेस सरकार ने युवा, किसान, मजदूर, बुजुर्ग, छात्र सभी वर्गों के लिए बेहतर काम किया है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

लोकसभा चुनावः चौथे चरण में 476 करोड़पति और ...

उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 13.53 करोड़ रुपये, 19 सपा उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 9.86 करोड़ रुपये, 3 एआईएमआईएम उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 9.53 करोड़ रुपये, 4 राजद उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 8.23 करोड़ रुपये और 4 बीजद उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 8.23 करोड़ रुपये है।

चौथे चरण के तीन सबसे ज्यादा संपत्ति वाले प्रत्याशी-लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में चुनाव लड़ रहे सबसे अधिक घोषित संपत्ति वाले शीर्ष 3 प्रत्याशियों में पहले नंबर पर आंध्रप्रदेश के गुंटूर लोकसभा क्षेत्र से तेदेपा के प्रत्याशी डॉ. चन्द्रशेखर पेम्मासानी है जिनकी कुल संपत्ति 5705 करोड़+ से ज्यादा है। वहीं दूसरे नंबर पर कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी है जो तेलंगाना के चेवेल्ला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी है उनकी कुल संपत्ति 4568 करोड़+ से ज्यादा है। तीसरे नंबर पर आंध्रप्रदेश के नेल्लोर से तेदेपा प्रत्याशी प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी है जिनकी कुल संपत्ति 716 करोड़+ से ज्यादा है। वहीं इस चरण में शून्य संपत्ति वाले कुल 24 प्रत्याशी भी है जिन्होंने अपने हलफनामों में शून्य संपत्ति घोषित की है।

98 फोन के साथ 3 राज्यों से पकड़...

के कृष्णा पिकुंज एवं राजदीप अपार्टमेंट स्थित 2 अलग-अलग फ्लैट में रहकर सट्टा खिला रहे थे। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट टीम के सदस्यों ने लगातार 7 दिवस तक उक्त जगह में दूधवाला, सब्जी वाला, पेपर वाला बनकर रेकी की गई तथा प्रत्येक व्यक्ति के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। उसके बाद सभी की लोगों की उपस्थिति होते ही दोनों स्थानों पर एक साथ रेड कार्यवाही की गई। रेड कार्रवाई के दौरान दोनों फ्लैट में कुल 26 व्यक्ति उपस्थित थे, जो लैपटॉप, मोबाईल फोन व अन्य के माध्यमों से सेटअप तैयार कर ऑनलाईन सट्टा संचालित कर रहे थे। सटोरियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान रेड्डी 67, महादेव 149 एवं लेजर 10 आईडी पैनल के माध्यम से ऑन लाईन सट्टा का संचालन स्वीकार करने के साथ ही पप्पू जेठवानी जो थाना पुरानी बस्ती रायपुर का हिस्ट्रीशीटर है, को इस व्यवसाय में संलिप्त होना पाया गया, जिनसे मिलकर सट्टा संचालित करना बताया गया। रायपुर निवासी नवीन वैद्य, कोरबा निवासी पिंटू एवं चांपा निवासी नयन तीनों मुरली से जुड़े हुए हैं तथा इसी से आईडी लेते हैं। मुरली एवं पिंटू के दुबई में होने की संभावना है। वर्तमान में सभी 26 सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लैपटॉप 11 नग, मोबाईल फोन 98 नग, कैल्कुलेटर 1 नग, वाईफाई 2 नग, रजिस्टर 3 नग, पास बुक 30 नग, चेक बुक 9 नग, एटीएम 81 नग तथा सिम कार्ड 50 नग के साथ जुमला कीमत लगभग 25 लाख रुपए जप्त किया गया है। सटोरियों के पास जप्त लैपटॉप एवं मोबाईल फोन में लगभग 30 करोड़ रुपए से अधिक के लेन-देन की जानकारी प्राप्त हुई है तथा 1000 से अधिक प्लेयर की जानकारी भी इनके द्वारा दी गई है, जिनके आंकड़े व जानकारी जुटाये जा रहे हैं।

राज्यवाल आरोपियों की संख्या

गिरफ्तार आरोपियों में 22 छत्तीसगढ़ (रायपुर-07, दुर्ग-06, राजनांदगांव-03, जांजगीर-चांपा-02, कोरबा-02, सूरजपुर-01 एवं मानपुर मोहला-01) 03 मध्य-प्रदेश एवं 01 उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। प्रकरण में संलिप्त अन्य सटोरियों की पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं।

भाजपा के रहते संविधान को कोई...

गया। ऐसे प्रधानमंत्री को फिर से तीसरी बार पीएम बनाना है।

कांग्रेस नेताओं ने किया भाजपा प्रवेश

वहीं इस जनसभा के दौरान कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं सहित अनेक कार्यकर्ता भाजपा में प्रवेश किए। इसमें बेमेतरा जिला पंचायत सदस्य प्रजा निवार्णी, मुंगेली के पूर्व विधायक बारमते सहित दर्जनभर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा में प्रवेश किया है। जनसभा में भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल, नवागढ़ विधायक व मंत्री दयालदास बघेल, साजा विधायक ईश्वर साहू समेत भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इधर राहुल ने नामांकन दाखिल किया, उधर दिल्ली कांग्रेस...

शराब घोटाले को लेकर जो रुख अख्तियार किया वह दिल्ली के हित में है, लेकिन उनकी पुरानी पार्टी ने इसकी परवाह नहीं की और शराब घोटाले के आरोपियों से ही चुनावी गठबंधन कर लिया। इस पर सर्वश्री लवली, चौहान, बसोया और मलिक ने कांग्रेस छोड़ने का फैसला किया। यह बहुत साहस की बात है। उन्होंने कहा कि ये चारों नेता भाजपा में सक्रिय भूमिका निभाएंगे और दिल्ली के एवं देश के विकास में उनका योगदान लिया जाएगा। चार बार के विधायक, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और दिल्ली में शीला दीक्षित सरकार में दस साल तक कैबिनेट मंत्री रहे लवली और चौहान ने श्री मोदी, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि वह देश के हित में प्रधानमंत्री और नड्डा के नेतृत्व में काम करेंगे।

जिला पंचायत अध्यक्ष यानिता यशवंत..

जिला पंचायत अध्यक्ष भी चरणदास महंत ने बनाया था।

मूल सिद्धांत व विचारधारा से भटक गई कांग्रेस इस्तीफा सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। यनिता यशवंत चंद्रा ने कांग्रेस पार्टी को लेकर कहा कि वह 20 वर्षों से कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और मुख्यधारा से जुड़ कर काम करती रही। पार्टी के दिए दायित्व का निर्वहन करते हुए कांग्रेस पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करती रही। उन्होंने कहा मगर कुछ वर्षों से कांग्रेस अपने मूल सिद्धांत व विचारधारा से भटक गई है।

हॉस्टल गेट तोड़ छात्राओं का प्रदर्शन वार्डन..

गईं। जानकारी अनुसार यूनिवर्सिटी में जिला प्रशासन ने स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम रखा था, जहां जाने से वार्डन ने हॉस्टल की छात्राओं को रोक दिया, जिससे वे नाराज हो गईं। छात्राओं का कहना है कि यहां वार्डन हिटलर जैसा बर्ताव करती हैं। उनके तानाशाही रवैए से वे परेशान हैं।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में जाने से रोका

शुक्रवार शाम स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में 'स्वीप म्यूजिक फेस्ट लोकतंत्र और संगीत का संगम' कार्यक्रम था। इसमें सभी स्टूडेंट्स को बुलाया गया था, लेकिन बिलासा देवी गर्ल्स हॉस्टल की छात्राओं को वार्डन ने कार्यक्रम में जाने नहीं दिया। जिससे छात्राएं भड़क गई और हॉस्टल की समस्याओं समेत अपनी पुरानी मांगों को लेकर हॉस्टल का गेट तोड़कर बाहर आ गईं और जमकर हंगामा किया।

बीजेपी के चुनावी प्रचार को देखने ...

देखा। ये राजनयिक चुनाव प्रचार को करीब से देखा-छत्तीसगढ़ आने वाले सदस्यों में बांग्लादेश की पार्टी बांग्लादेश आवामी लीग के सांसद डॉ. सलीम महमूद, रूस की यूनाइटेड रशिया पार्टी की सांसद वालेरिया गोरोकोवा, क्रिस्टीना अनैनीना, मॉरीशस की पार्टी मॉरिशियन सोशल डेमोक्रेट के सांसद ओगेन्द्र नाथ सिंह सिकुन, नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़नेपाल के सांसद विष्णु रीमल, मात्रिका प्रसाद यादव, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के सांसद शिशिर खानाल ने भारतीय जनता पार्टी के बीजेपी को जानें कैंपेन के तहत छत्तीसगढ़ में भाजपा के चुनाव प्रचार को करीब से देखा।

लोस चुनाव देखने 23 देशों के...

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव के लिये अपनाई जाने वाली सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों से परिचित कराना है।÷ आयोग ने कहा है कि इन पर्यवेक्षकों को मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में संबोधित करेंगे। दिल्ली से ये विदेशी मेहमान छोटे-छोटे समूहों में छह राज्यों- महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे तथा वहां के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान और चुनाव संबंधित तैयारियों का निरीक्षण करेंगे। उनका यह कार्यक्रम नौ मई को सम्पन्न होगा। विदेशी पर्यवेक्षकों के इस दल में भूटान, मंगोलिया, ऑस्ट्रेलिया, मेडागास्कर, फिजी, किर्गिज़ गणराज्य, रूस, मोल्दोवा, ट्यूनीशिया, सेशेल्स, कंबोडिया, नेपाल, फिलीपींस, श्रीलंका, जिम्बाब्वे, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, जॉर्जिया, चिली, उज्बेकिस्तान, मालदीव, पापुआ न्यू गिनी और नामीबिया से विभिन्न चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) और संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने में सभी दें योगदान: सीएम साय

- कांग्रेस ने केवल घोटाले किए
- युवराज को लांच कर सत्ता का परिवार के लिए उपयोग

भाटापारा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार 3 मई को रायपुर संसदीय सीट के भाटापारा विधानसभा अंतर्गत ग्राम गुडेलिया में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर कड़ा प्रहार किया। खासकर उन्होंने गांधी परिवार पर आक्रमण किया। कांग्रेस की राजनीति का उद्देश्य युवराज को लांच कर परिवार के लिए सत्ता का उपयोग करना ही है। उन्होंने कहा, जनता के वोट से भाजपा जनकल्याण की योजनाएं बनाती है और कांग्रेस घोटाले करती है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस शासन के पांच वर्षों की कमियां गिनाई। तीन महीने में भाजपा सरकार द्वारा जनहित में किए गए कार्यों को गिनाए।

सीएम साय ने कहा कि पीएम मोदी ही गरीब, किसान, आदिवासी, पिछड़े, वंचित और युवा का कल्याण कर सकते हैं। कांग्रेस का तो एक मात्र उद्देश्य है युवराज को लांच करना और परिवार के लिए सत्ता का उपयोग करना। उन्होंने कहा गरीब को जनधन खाते, पक्का आवास, गैस सिलिंडर, निशुल्क राशन, उपचार की सुविधा सिर्फ नरेन्द्र मोदी ही दे सकते हैं। वे एक गरीब के बेटे हैं, इसलिए गरीब की ज़रूरत समझते हैं। कांग्रेस के लोग कहते थे राम मंदिर नहीं बन सकता, लेकिन जनता के सहयोग से मंदिर भी बना और 370 भी हट गया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्राचीन काल में भारत विश्व गुरु था, एक बार फिर हम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर हैं,इसलिए उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना अत्यंत आवश्यक है। साय ने कहा कि तीसरे चरण के लिए सात मई को होने वाली वोटिंग में रायपुर लोकसभा समेत सभी सात सीटों पर प्रदेश की जनता कमल खिलाएगी। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार पीएम बनाने के इस उत्सव में कोई भी व्यक्ति पीछे न छूटे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ में पांच साल कांग्रेस की सरकार द्वारा किए गए भ्र्ष्टाचार का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना की तीसरी किश्त भेज दी गई है, कांग्रेस के लोग भी खाते चेक कर लें। साय ने कहा कि भाजपा आपके हर वोट से जनकल्याण की स्कीम बनाती और उसे लागू करती है जबकि कांग्रेस आपके वोट से स्कैम करती हैं।

भाजपा महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध: शर्मा

उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार और मुख्यमंत्री विष्णु देंव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार प्रदेश के विकास एवं जनता के अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध होकर उसे संवारने का कार्य कर रही है। महिला सशक्तिकरण के लिए संवेदनशील भाजपा सरकार ने हमेशा ही महिलाओं के उत्थान एवं उन्हें आर्थिक रूप से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने का कार्य किया है, जिसमें महतारी वंदन योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। देश में सुशासन,विकास और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र के इस महापर्व लोकसभा चुनाव में अपने इन्हीं मुद्दों को लेकर जनता के समक्ष खड़ी है। बीते 10 वर्षों में जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सक्षम नेतृत्व में देश का अभूतपूर्व विकास देखा है। नए भारत निर्माण के लिए किये जा रहे उनके प्रयत्नों को जन-जन का समर्थन भी मिल रहा है। सर्वांगीण विकास का क्रम निरंतर निर्बाध रूप से चलता रहे इसके लिए एक सशक्त नेतृत्वकर्ता हमे पुनः चुनना है। हमे देश के उज्जवल भविष्य के लिए, विकसित, विकासशील और समृद्ध भारत निर्माण के लिए पुनः नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है। इसके लिए हमे रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को ऐतिहासिक मतों से जीत दिलाने हेतु मतदान करना भी है और लोगों को प्रोत्साहित कर मतदान करवाना भी है..

भाजपा में हुए शामिल

लक्ष्मी नारायण शर्मा, नारायण यदु, अभिषेक मोदी, अमरजीत सलूजा सैकड़ो साथियों के साथ एवं अधिवक्ता संघ के जितेंद मिश्रा, माधव साव, सहित 35 अधिवक्ताओ ने भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए।

सीएम को नागर खुमरी भेंट

इस दौरान मुख्यमंत्री को नागर, खुमरी, राम मंदिर का प्रतीक चिन्ह ग्रामवाशियों की ओर से भेट किया गया..साथ ही मंडल पदाधिकरियों एव युवा मोर्चा द्वारा गज माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया.. उक्त कार्यक्रम को राकेश तिवारी, पिंकी शाह, हीरा सिंह मरकाम, सतना के महाराजा ने भी संबोधित किया..कार्यक्रम में बंशी लाल नेताम, संतराम ध्रुव, सरपंच लोकेश ध्रुव, उपसरपंच संकेत अग्रवाल,लछु राम कश्यप पूर्व विधायक केशकाल, हीरा सिंह मरकाम सहित भारतीय जनता पार्टी के तीनों मंडलों के जिला मंडल पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों, घायलों को 10 लाख की मदद

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों एवं गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों के लिए 10 लाख रूपए की सहायता अनुदान राशि का अ आबंटन किया है। कलेक्टर ने सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के परिजनों को 25 हजार रूपए एवं गंभीर रूप से घायल होने पर 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता के लिए अनुविभागीय अधिकारियों को 10 लाख रूपए प्रत्यायोजित किया है। इसके अंतर्गत राजनांदगांव तहसील अंतर्गत 3 लाख 50 हजार रूपए, डोंगरगांव तहसील अंतर्गत 2 लाख रूपए, छुरिया तहसील अंतर्गत 2 लाख 50 हजार रूपए एवं डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत 2 लाख रूपए का आबंटन पुनर्आबंटित किया गया है।

चलित टायलेट में लगी आग

धमतरी/नवप्रदेश। गौरवपथ पर स्थित इंडोर स्टेडियम के अंदर खड़ी चलित टॉयलेट में शुक्रवार 3 मई की सुबह अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। जिससे बड़ी घटना टल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह लगभग 11 बजे आमातालाब रोड स्थित इंडोर स्टेडियम परिसर में मोबाइल टॉयलेट वैन में अचानक आग लग गई। इसकी सूचना मिलते ही जिला अग्निशमन अधिकारी शोभा ठाकुर ने तत्काल फायर टीम को आग बुझाने के लिए आदेशित किया। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुँची और आग पर काबू पाया । वाहन चालक दिलीप निषाद, फायरमैन रोहित सिवना एवं देवेंद्र साहू ने भी इस काम में टीम की मदद की। गाड़ी में आग कैसे लगी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। आशंका है कि किसी ने जानबूझकर आग लगाई होगी। इंडोर स्टेडियम के अंदर अक्सर शरारती लोगों का जमावड़ा रहता है।

जिला सहकारी बैंक की छत पर राजनीतिक दल का झंडा

सरसींवा/नवप्रदेश। सरसींवा स्थित जिला सहकारी बैंक की छत पर राजनीतिक दल का झंडा लगाया गया है । जबकि आचार संहिता लागू है। नियमानुसार किसी भी सरकारी कार्यालय में ऐसी किसी पार्टी का झंडा होना नियम के विरुद्ध है। यह कार्यालय सरसींवा से सराईपाली रोड से महज सराईपाली मोड़ से 700 मीटर दूर पेट्रोल पंप के पास संचालित है। बैंक मैनेजर एवं कर्मी अनजान हैं। यहां खुलेआम आचार संहिता का उल्लंघन है । जिला सहकारी बैंक सरसींवा शाखा आए दिन सुर्खियों में बना रहता है।

डीआरटी कोर्ट के आदेश पर यूनियन बैंक द्वारा की गई कुर्की

रायपुर/नवप्रदेश। माननीय न्यायलय ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर म.प्र. छ.ग. वसूली अधिकारी वात्सल्य कुमार के निर्देश पर पर कोर्ट कमिश्नर एडवोकेट महेश पाण्डेय के द्वारा यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया की पंडरी शाखा रायपुर छ.ग. के एन. पी.ए. खाता प्रेमलाल सागर डेयरी प्रकरण में बंधक संपत्ति भूमि एवं शेड, प्लाट न. ष्ट-3, गोकुल नगर, चन्द्र शेखर आजाद वार्ड न. 52, मठपुरेना, रायपुर को कुर्क किया गया.

कुर्की प्रक्रिया के दौरान अचल संपत्ति पर कुर्की वारंट चस्पा कर मुनादी कराई गयी. उल्लेखनीय है कि ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर में केस वसूली हेतु लगभग 5 वर्षो से लंबित है. ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर के आदेश पर पुलिस थाना टिकरापारा द्वारा संपत्ति की कुर्की की गयी. शीघ्र ही माननीय न्यायलय ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा संपत्ति की नीलामी कर बैंक की बकाया राशि वसूल की जायेगी. उक्त कार्यवाही बैंक के अधिकारी शाखा प्रबंधक राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, मुख्य प्रबंधक विधि अपर्णा गुप्ता, ऋण वसूली अधिकरण कोर्ट कमीश्नर एवं पुलिस बल थाना टिकरापारा के सहयोग से संपन्न की गयी.

बृजमोहन के पक्ष में प्रचार कर रही रंजना साहू

धमतरी/नवप्रदेश। भाजपा सबका-साथ सबका-विकास सबका-विश्वास के सिद्धांत पर चलकर देशहित में निरंतर कार्य कर रही हैं, मातृ शक्तियों के उत्थान के लिए अनेक योजना एवं सुविधाएं लाकर नया आयाम स्थापित कर रही है। दूसरी ओर कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा जो की एक महिला है और कांग्रेस भवन में उनके साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है ऐसी स्थिति कांग्रेस में है। आम महिलाएं कांग्रेसियों की महिला विरोधी मानसिकता से कहां तक सुरक्षित रहेंगी। यह बातें भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना साहू ने रायपुर लोकसभा क्षेत्र में प्रचार के दौरान भाटापारा में कही। भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को विजयी बनाने के लिए भाटापारा क्षेत्र के गांवों और शहर के वार्डो में महिला को संबोधित करते हुए सभा में कहीं। श्रीमती रंजना साहू भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के समर्थन में सिमगा मंडल के कंकालीन पारा वार्ड क्रमांक 13, कड़का पारा वार्ड क्रमांक 08, फोकट पारा वार्ड, संत मां कर्मा एवं बलभद्र वार्ड, ग्राम दामाखेड़ा, ग्राम औरेठी, ग्राम ढेकुना, ग्राम लिमतरा, संजारी नवागांव, ग्राम करहुल में प्रचार किया। प्रियंका गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके बोल लड़की हूं लड़ सकती हूं सिर्फ जुमलेबाजी है, कांग्रेस के द्वारा महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार के अनेक मामले आए हैं, महिलाओं के सम्मान बढ़ाने के लिए सिर्फ दिखावा करती है कांग्रेस, चिकनी चुपड़ी बातें करके प्रलोभन देती है, वास्तविकता कुछ और है जहां महिलाओं का सम्मान नहीं वहां महिलाएं सुरक्षित कैसी।

देवरी स्कूल की परीक्षा परिणाम घोषित

खैरागढ़/नवप्रदेश। ब्लाक के शास प्राथ शाला देवरी में वार्षिक परीक्षा का परिणाम शिक्षकों की उपस्थिति मे घोषित किया गया । शिक्षक राजेश प्रजापति ने बताया कि शाला में कक्षा पहली से पाँचवी तक का परीक्षा परिणाम की घोषणा मे प्रत्येक कक्षा में वर्षभर में सबसे %यादा उपस्थित रहने वाले एवं शाला में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं कक्षा पहली से हिमांशी एवं योगिता, कक्षा दूसरी से अमन एवं डिगेश, कक्षा तीसरी से हेमपुष्पा एवं देवकुंवर, कक्षा चौथी से दामिनी एवं राधिका, कक्षा पाँचवी से लिलेश्वरी एवं हेमचंद को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

अवैध रेत खनन व परिवहन, 5 सरपंच और सचिवों को नोटिस

- एसडीएम राजिम ने जारी किया नोटिस

गरियाबंद/नवप्रदेश। रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामले में जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी संबंध में राजिम क्षेत्र के पांच गांवों के सरपंच एवं तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिवों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। एसडीएम राजिम के द्वारा ग्राम पंचायत चौबेबांधा, रावड़, सिंधौरी एवं हथखोज के सरपंच एवं ग्राम पंचायत सचिवों को गांवों में हो रहे अवैध उत्खनन के संबंध में जवाब प्रस्तुत करने कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत परसदाजोशी में पूर्व में

अवैध रेत उत्खनन की शिकायत प्राप्त होने पर एसडीएम राजिम द्वारा सीमांकन प्रतिवेदन की जानकारी मांगे जाने पर तीन माह उपरांत भी जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर परसदाजोशी के सरपंच एवं तत्कालीन सचिव को भी कारण बताओं नोटिस दिया गया है।

एसडीएम राजिम द्वारा जारी किये गये नोटिस में उल्लेखित है कि अनुविभाग राजिम अंतर्गत रेत खदानों द्वारा निर्धारित समय से परे रेत का परिवहन बगैर आवश्यक दस्तावेज के किया जा रहा है। जिसके संबंध में वरिष्ठ कार्यालयों एवं एसडीएम कार्यालय द्वारा समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण कर नियमानुसार परिवहन करने के निर्देश दिए गए थे। इसके उपरांत भी संबंधितों द्वारा शासन द्वारा बनाये गये नियमों को ताक में रखकर रेत का अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा है। अतएव उक्त कृत्य हेतु क्यों न संबंधितों के विरुद्ध पंचायती राज अधिनियम की धारा 40 के अधीन कार्यवाही की जावे, उक्त संबंध में एसडीएम कार्यालय में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, जवाब संतोषप्रद नहीं पाये जाने की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। यूनियन बैंक ऑफइंडिया देश में पांच अग्रणी बैंकों में से एक है एवं 8519 से अधिक शाखाओं के साथ जन सामान्य को बैंकिंग सुविधा एवं सेवाएं प्रदान कर रही है।

यूनियन बैंक ऑफइंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर द्वारा दिनांक 04-05-2024 को अपने स्टाफ सदस्यों के लिए एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान स्टाफ सदस्यों हेतु विभिन्न राजभाषा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा उन्हें पुरस्कृत भी किया गया.

इस कार्यशाला में बैंक के वृहद परंपरा अनुसार राजभाषा के प्रति सभी स्टाफ सदस्यों को जागरुक करने एवं राजभाषा कार्यान्वयन को बढ़ाने प्रत्येक तिमाही इस प्रकार की हिन्दी कार्यशाला का नियमित आयोजन किया जाता है7 कार्यशाला के दौरान यूनियन बैंक के उप क्षेत्र प्रमुख श्री सीताराम भोई द्वारा अध्यक्षीय भाषण में अपनी मातृभाषा के साथ-साथ राजभाषा हिंदी को महत्व देते हुए अपने दैनिक कार्यो में हिंदी का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सरकारी क्षेत्र का बैंक होने के नाते हमारा यह संवैधानिक दायित्व है कि हम भारत सरकार तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशानुसार सरकार की राजभाषा नीति को प्रभावी ढ़ंग से क्रियान्वित करें.

उप क्षेत्र प्रमुख, श्री संदीप श्रीवास्तव ने राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को जोर देते हुए कहा अत्यंत कुशल व त्वरित ग्राहक सेवा देते हुए अपनी उत्पादकता एवं लाभप्रदता बढ़ाना हमारा परम लक्ष्य है और इसकी प्राप्ति में जनभाषा एक अमोघ शस्त्र है. कारोबारी भाषा के रुप में हिन्दी में प्रचुर संभावनाएं हैं, जिनके दोहन हेतु व्यापक सोंच एवं दूरदर्शिता होनी आवश्यक है.

उपरोक्त आयोजित कार्यक्रम में यूनियन बैंक ऑफइंडिया के उप क्षेत्र प्रमुख श्री सीताराम भोई, उप क्षेत्र प्रमुख श्री संदीप श्रीवास्तव, मुख्य प्रबंधक सुश्री वीणा प्रसाद, मुख्य प्रबंधक श्री अभिषेक शर्मा एवं अन्य सभी स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे, इस एक दिवसीय कार्यशाला का संचालन श्री प्राणेश वर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक राजभाषा द्वारा किया गया.

भाजपा शासन में महिलाएं सुरक्षित और सम्मानित हुई

- महतारी वंदन सम्मान समारोह आयोजित

नवागढ़/नवप्रदेश। भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के प्रचार अभियान को गति प्रदान करने भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा इन दिनों नवागढ़ क्षेत्र में महिला वंदन सम्मान समारोह में पहुंचकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के हित में किए गए कल्याणकारी योजनाओं से मातृशक्ति को अवगत कराते हुए उन्हें सम्मानित करने का कार्य कर रही हैं। इसी परिपेक्ष में शुक्रवार को नवागढ़ विधानसभा अंतर्गत ग्राम मऊ में महिला सम्मान कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्गा सोनी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रीना साहू एवं महिला मोर्चा जिला महामंत्री मधु रॉय सहित पदाधिकारी शामिल हुई।

दुर्गा सोनी ने कहा कि भाजपा शासनकाल में महिलाएं सुरक्षित एवं सम्मानित हुई हैं, अनेक योजनाओं के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महिलाओं को लाभान्वित किया हैं। इन लाभान्वित लाभार्थियों के सम्मान के लिए भाजपा गाँव-गाँव में

ऐसे सम्मान समारोह आयोजित कर रही है।रीना साहू ने कहा कि भाजपा ने महिलाओं को 33 फीसद आरक्षण देकर साबित किया है कि वह उन्हें पूर्ण अधिकार देने की वकालत ही नहीं काम भी करती है।मधु राय ने कहा कि यह निश्चित हो गया हैं कि नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल भारी मतों से विजयी हो रहे हैं। अब हमें उनके जीत के अंतर को बढ़ाने के लिए मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने हेतु घर-घर संपर्क करके शतप्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करना हैं।इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष खेमिन साहू, प्रमिला साहू, शीलू साहू, ताराचंद पाल, निर्मल साहू, रमेश निषाद, डेरहु साहू, दिलेश्वर ध्रुव, बसंत साहू, दुर्गेश साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

फ़ोटो - 01

विधायक ने दिए रेत माफियाओं पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

नवापारा/राजिम । विधानसभा क्षेत्र में चल रहे अवैध रेत उत्खनन को लेकर विधायक रोहित साहू ने अंकुश लगाने के निर्देश गुरुवार को कलेक्टर को दिए हैं। विधायक ने प्रशासन को फटकार लगाते हुए कहा है कि उनके विधानसभा क्षेत्र में एक भी अवैध रेत उत्खनन नहीं होना चाहिये। वहीं रेत उत्खनन में जो गुंडागर्दी चल रही हैं, उस पर अंकुश लगे। साथ ही इस मामले में कठोर कार्रवाई के निर्देश प्रशासन को दिए हैं। उन्होंने जिले के खनिज अधिकारी को दो टूक कहा कि किसी भी हाल में चेन माउंटिंग से रेत का अवैध उत्खनन का कार्य बर्दास्त नहीं किया जाएगा क्योंकि कहा कुछ लोग सरकार की छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। तत्काल छापा मारकर कार्रवाई करें।

छत्तीसगढ़ नेटबॉल की बालिका टीम ने जीता कांस्य पदक

भाटापारा/नवप्रदेश। 67 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में गत दिनों रेवाड़ी (हरियाणा) में नेटबॉल बालक/बालिका 19 वर्ष आयु वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें छत्तीसगढ़ की 19 वर्ष बालिका की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ के लिए ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया ।

छत्तीसगढ़ टीम के मुख्य दल प्रबंधक एवं प्रशिक्षक शरद पंसारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ की 19 वर्ष बालक बालिका की दोनों टीमें अपने पुल के लीग मैच में सभी को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। 19 वर्ष बालक टीम ने अपने पुल सी में रहते हुए मध्यप्रदेश को 10- 20 से तथा तेलंगाना को 5- 10 से हराकर क्वॉर्टर फाइनल में विद्या भारती को 1- 15 से हराकर सेमी फाइनल में दिल्ली से हारकर हार्ड लाईन मैच में पंजाब से 14 - 18 से हार गई जिससे चौथे स्थान पर ही संतोष करना पड़ा।

19 वर्ष बालिका टीम ने पुल बी में रहते हुए डी ए व्ही को 7- 16 से तथा चंडीगढ़ को 9 - 21 से हराकर क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु को 9 - 21 से हराकर सेमीफाइनल में दिल्ली से 11 - 13 से हार गई तथा हार्ड लाईन मैच में केरल को 27- 31 से हरा कर तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा किया । बालिका वर्ग में सर्वाधिक 6 खिलाड़ी बलौदाबाजार - भाटापारा जिला से टीम में शामिल हुए जिसमें गायत्री साहू, राजकुमारी भारती, टनिसा साहू, रागिनी साहू सभी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरेगा, चंचल यदु शिवलाल मेहता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा, तनीशा नामदेव गुरुकुल स्कूल भाटापारा, झरना धमतरी, साक्षी वर्मा सेवांर बिलासपुर, तुलसी मानिकपुरी कोरबा, केवरा मदकु मुंगेली कृष्णा चंद्राकर दुर्ग, कृषि राजपुत राजनांदगांव से टीम में शामिल थी । कोच और मेनेजर निर्मल जांगड़े व्यायाम शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदकू एवं राजनंदिनी निराला व्यायाम शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरगांव थी । इस सफलता पर सहायक संचालक कीड़ा अनिल मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती , सहायक संचालक राकेश शर्मा,विकासखंड शिक्षा राम जी पाल, प्रभारी सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी आलोक गुप्ता, विकास खंड स्रोत समन्वयक लेख राम साहू, प्राचार्य सुधांशु मिश्रा, शैलेंद्र नामदेव, वीरेंद्र राजपूत, राजकुमार मल, अरुण छाबड़ा बंटी अजय नाथ, फादर सीरियक, बाबू मैथ्यू, नंदलाल बाजपेई, प्रीति तम्हाने, केशव देवांगन, जितेंद्र यादव, आनंद मिंज, परस देवांगन, सुनील यदु, अविचल पांडे, सतीस सोनी, परिचय मिश्रा, चंद्रकांत बागड़े, योगेश, तरुण, उमाप्रसाद, सुमन साहा, सनप्रित सिंह, महेश्वरी पंसारी , फिरोज टंडन, सोनचंद ध्रुव, आकाश आनंद, गीतेश,ओमाकुमार कुर्रे, चित्ररेखा, स्वाति, नेहा पटेल, डीकेश्वरी, मनोज साहू, हीना यादव, आदि ने शुभकामनाएं दी।

अमलीडीह में महिलाओं ने भाजपा को जिताने का लिया संकल्प

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा विधानसभा के ग्राम पंचायत अमलीडीह में मातृशक्तियों से आगामी चुनाव में रायपुर लोकसभा से बृजमोहन अग्रवाल को प्रचंड मतों से जिताने के लिए केंद्र व राज्य सरकार के जन कल्याणकारी योजना विशेष कर नल जल योजना,

महतारी वंदन योजना, उज्ववला योजना, मुफ्त राशन योजना, आयुष्मान योजनाओ पर प्रकाश डालकर मोदी जी सरकार बनाने का आह्वान भाजपा ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष खुमान सिंह वर्मा ने किया। इस बैठक में प्रचार-प्रसार मंत्री सुरेश कुमार वर्मा , जगदीश ध्रुव, घनश्याम वर्मा,गिरिजा वर्मा,संतोष वर्मा,प्रहलाद वर्मा, अजय वर्मा गोपाल वर्मा से साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाजपा के पक्ष में वोट करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर मधु, सुमित्रा,ईश्वरी, सकुन्तला, शकुन, गुवालीन, भुनेश्वरी,सविता,जामबाई,संतोसी, नंदनी,लोशन,ललिता, राधा,चंदा,मानमति, शैलबाई, उमेश वर्मा, अमित वर्मा सहित काफी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुलिस रहेगी मुस्तैद

एसपी ने जिले के पुलिस अधिकारियों व केंद्रीय बलों के प्रभारी अधिकारियों के साथ की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा

बिलासपुर/नवप्रदेश। 7 मई को तृतीय चरण हेतु निर्वाचन बिलासपुर जिले में संपन्न होना है। इस हेतु चुनाव की तैयारी को लेकर पुलिस अधीक्षक जिला बिलासपुर रजनेश सिंह, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देशन में आज सभी पुलिस अधिकारियों एवं बाहर से आए केंद्रीय बलों के पदाधिकारियो की समन्वय बैठक आयोजित की गई। जिसमें जनरल ऑब्जर्वर अभय ए महाजन, एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर श्रीकांत नामदेव, पुलिस ऑब्जर्वर राहुल देव, के द्वारा सभी अधिकारियों की ब्रीफिंग की गई।

पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने पीपीटी के माध्यम से सभी अधिकारियों को बिलासपुर जिले की मूलभूत जानकारीयो, मतदान केंद्रों की स्थिति, पुलिस द्वारा निर्वाचन हेतु की गई तैयारी, फोर्स डेप्लॉयमेंट प्लान, मतदान केंद्रों में बल वितरण, के बारे में बताया गया। पुलिस द्वारा क्षेत्र में आम जनता के बीच कॉन्फिडेंस बिल्डिंग एवं एरिया डोमिनेशन के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार पैदल पेट्रोलिंग, फ्लैग मार्च एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग, होटल लॉज धर्मशाला आदि की चेकिंग, मोबाइल चेक पोस्ट के माध्यम से की जा रही है। जिससे आम जनता निर्भीक होकर मतदान कर सके। बिलासपुर पुलिस द्वारा लगातार और असामाजिक तत्वों पर भी कार्यवाही की जा रही है। आचार संहिता के उपरांत आदतन बदमाशों के विरुद्ध अब तक 44 जिला बदर के प्रकरण तैयार किए गए हैं, जिसमें 7 प्रकरणों में जिला बदर का आदेश हो चुका है। अवैध शराब बिक्री करने वाले अब तक 186 व्यक्तियों को जेल दाखिल कर, लगभग 5000 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है। 59 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही की गई है जिसमें पांच फायर आर्म्स भी जप्त हुए हैं। अब तक लगभग 5000 लोगों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही की जा चुकी है। लगभग 1000 गैर जमानती वारंट तामील किए गए हैं। इस प्रकार अवैध कार्यों में लिफ्ट और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार कार्यवाहियों से, जिले में शांति व्यवस्था कायम रहेगी एवं निष्पक्ष एवं निर्भीक चुनाव संपन्न कराया जा सकेगा।

पुलिस ऑब्जर्वर राहुल देव आईपीएस, द्वारा पुलिस द्वारा आचार संहिता के दौरान की जा रही उक्त कार्यवाहियों की सराहना की गई, तथा निर्वाचन हेतु की गई तैयारी की प्रशंसा की गई। एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर श्रीकांत नामदेव द्वारा फ्लाइंग स्क्वाड, एवम् स्थैतिक निगरानी दल द्वारा की गई कार्यवाहियों की प्रशंसा करते हुए, आगामी दो दिनों और सावधानी पूर्वक कार्यवाही करने का निर्देश दिए। जनरल ऑब्जर्वर अभय ए महाजन द्वारा के द्वारा सभी पुलिस बलों के अधिकारियों को द्वारा की गई इलेक्शन की तैयारीयो की प्रशंसा करते हुए, उन्हें आगे तीन दिवस और सतर्क रहते हुए इसी प्रकार आगे भी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मीटिंग के दौरान सभी अधिकारियों के द्वारा अपने-अपने एरिया ऑफ़ रिस्पांसिबिलिटी में की जाने वाली कार्यवाही एवं आगे की प्लानिंग को डिस्कस किया गया, केंद्रीय बलों के पुलिस अधिकारियों द्वारा भी उनके प्लानिंग को शेयर किया गया। सभी अधिकारियों को पुलिस डेप्लॉयमेंट हेतु बनाए गए बुकलेट को सर्कुलेट किया गया। इस मीटिंग में निर्वाचन नोडल अधिकारी एवम् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमती अर्चना झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश कश्यप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनुज कुमार, एवम जिले के समस्त सीएसपी एवं एसडीओपी तथा कमांडेंट, डिप्टी कमांडेंट, असिस्टेंट कमांडेंट एवं कंपनी कमांडर्स उपस्थित थे।

विवाह कार्यक्रम से चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। प्रार्थी ईश्वरी प्रसाद हरित ने थाना पुरानी बस्ती में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह हर्षित नगर टाटीबंध का निवासी है। दिनांक 30.04.2024 प्रार्थी तथा उसकी पत्नी उसके भतीजे की शादि कार्यक्रम बारात में शामिल हुए थे, रात्रि लगभग 08.30 बजे प्रार्थी के भतीजे की बारात लाखेनगर चौक पास पहुंची थी। बारात के दौरान बग्गी में विवाह से संबंधित सोने चांदी के जेवरात तथा नगदी से भरा बैग को चेक करने पर पाया गया कि उक्त बैग वहां नही था। कोई अज्ञात चोर बग्गी से उक्त मशरूका को चोरी कर फरार हो गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना पुरानीबस्ती में अपराध क्रमांक 198/24 धारा 379 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

चोरी की घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम श्री दौलत राम पोर्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध श्री संदीप मित्तल, नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती श्री राजेश देवांगन, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम श्री संजय सिंह द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी पुरानी बस्ती को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना पुरानी बस्ती पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी, रिश्तेदारों सहित आस-पास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ-साथ घटना स्थल तथा उसके आस-पास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही अज्ञात आरोपी के पतासाजी हेतु प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गये।

सुरक्षा बलों ने किया फ्लैग मार्च

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। शांति पूर्ण एवं भयमुक्त निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु नगर में सुरक्षा बलों द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च में जवानों के साथ थाना प्रभारी मनोज प्रजापति भी शामिल रहे। फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गों से गुजरा। फ्लैग मार्च में सुरक्षा बलों के जवान शामिल रहे। फ्लैग मार्च का मकसद 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नगर वासियों को भयमुक्त होकर अधिकाधिक संख्या में मतदान करने हेतु जागरूक करते हुए सुरक्षित शांति पूर्ण मतदान के लिए प्रेरित करना है। फ्लैग मार्च निर्वाचन के प्रति आम वोटरों के दिलों में यकीन को बढ़ायेगा। असमाजिक तत्वों को सुरक्षा बलों की तैनाती से साफ़ पैगाम देने का प्रयास किया गया है। निर्वाचन प्रक्रिया को ख्याल में रखते हुए नगर में सुरक्षा की चाक चौबंद इंतजामात किये गये हैं। ताकि आगामी 7 तारीख को लोकसभा चुनाव निर्बाध रूप से मुकम्मल हो सके।

बूथों पर कतार में खड़े होकर नहीं करना पड़ेगा इंतजार

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार मतदाताओं की सुविधा एवं गर्मी को ध्यान में रखते हुए सभी मतदान केन्द्रों में प्रतीक्षा कक्ष की व्यवस्था की गई है। मतदाताओं को 07 मई को मतदान के लिए कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। प्रत्येक प्रतीक्षा कक्ष में क्यू मैनेजर की व्यवस्था की गई है, जो क्रम के अनुसार मतदाताओं को मतदान करने भेजेंगे। प्रतीक्षा कक्ष में बैठने के लिए कुर्सी एवं पीने के पानी के साथ यथासंभव पंखा एवं कूलर के साथ निर्वाचन आयोग के गाइडलाईन के अनुरूप आधारभूत व्यवस्थाएं भी की जाएंगी। केन्द्रों में मतदाताओं के सहयोग के लिए वोटर सहायता केन्द्र भी स्थापित किया गया है। मतदान केन्द्रों में दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर, रैम्प आदि व्यवस्था भी की जाएगी। जिले के दिव्यांग मतदाता, जो अपने घर से मतदान केन्द्र तक जाना चाहते हैं, उनके लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग मतदाता रथ भी उपलब्ध रहेगी। इसके लिए सक्षम एप में जाकर पंजीयन करना होगा।

अक्षय तृतीया पर खरीदारी होगी खास

मुंगेली/नवप्रदेश। अक्षय तृतीया 10 अप्रैल को मनाया जाएगा। जिसके चलते बाजार सजकर तैयार हो चुका है। शापिंग का एक अलग अनुभव लेने ग्राहक बेसब्री से इंतजार में है। इस साल अक्षय तृतीया पर बंपर खरीदारी की उम्मीद है। सराफा, किराना, कपड़ा, इलेक्ट्रानिक्स, फर्नीचर, आटो मोबाइल, रियल स्टेट एवं बर्तन दुकानों में अभी से एडवांस आर्डर होने लगा है।

अक्षय तृतीया पर सामूहिक सहित अन्य विवाह आयोजन होंगे।विवाह आयोजनों को लेकर बाजार में अभी से रौनक लौट आई है। विवाह के लिए खरीदे जाने वाले परंपरागत समानों की दुकाने सज चुकी है। बाजार में इस बार ग्राहकी की बूम है। शादियों की तैयारियों को लेकर बड़ी संख्या में लोग गोल बाजार, पुराना बस स्टैंड, पड़ाव चैक, दाऊपारा, नया बस स्टैंड सहित नगर के प्रमुख मार्गो की दुकानों में खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। अंचल में सैकड़ों की संख्या में शादियां होंगी और मैरिज गार्डन, केटरर्स, बैंड बाजे, हलवाई, सभी बुक हैं। दुकानदार और व्यापारियों के चेहरे पर मुस्कान आ चुकी है।

42 डिग्री से अधिक तापमान-मौसम की बात करें तो वर्तमान में मुंगेली का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से अधिक है।अक्षय तृतीया पर तापमान और अधिक बढ़कर 45 डिग्री सेल्सियस हो जाने की संभावना है। इस भीषण गर्मी के बावजूद बाजार में खरीदारों की भीड़ जुट रही है। शुभ कार्यो सहित शादियों के लिए बड़ा मुहूर्त माना जाता है। क्योंकि इसके बाद सीधे मई में विवाह के लिए मुहुर्त है। कास्मेटिक दुकानों में भीड़-कपड़ा, फर्नीचर, इलेक्ट्रानिक, सराफा, जनरल स्टोर सभी जगह अच्छी बिक्री हो रही है। इलेक्ट्रानिक बाजार में कूलर, फ्रिज, एसी, वाशिंग मशीन, एलइडी टीवी की खरीदी कर रहे हैं। तो कुछ पहले से बुकिंग कर रहे हैं। कास्मेटिक की दुकानों में दोपहर से लेकर देर शाम तक महिलाओं की भीड़ जुटने लगी है। शादियों के कारण दुकानदारों ने अच्छी रेंज उपलब्ध भी करा दिया है।

कलेक्टर ने मतदान दलों को सामग्री वितरण व वापसी की तैयारियों का लिया जायजा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 01 सरगुजा हेतु 07 मई को निर्वाचन होना है। जिस हेतु 06 मई को मतदान दलों की रवानगी होनी है। इस दिन मतदान दलों को सामग्री वितरण, सामग्री प्राप्ति, रवानगी आदि का कार्य शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज अम्बिकापुर से किया जाना है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर ने शनिवार को पॉलीटेक्निक कॉलेज का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान दिवस की तैयारियों, मतदान कराने मतदान दलों की रवानगी, मतदान संपन्न कराने, एवं वापसी सहित मतगणना दिवस के संबंध में की जा रही आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने पार्किंग स्थल, भोजन हेतु स्थल, मेडिकल इमरजेंसी स्थल आदि का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मतदान दलों हेतु समय-सीमा में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान उपजिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक सहित सम्बन्धित उपस्थित थे।

आत्मानंद विद्यालय में छात्राओं के लिए 2,205 सीटें आरक्षित

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी व हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रक्रिया जारी है। पांच मई आवेदन की अंतिम तिथि है। अब तक 4410 सीटों में प्रवेश के लिए लगभग आठ हजार आवेदन प्राप्त हो चुके है। बेटियों के लिए 2,205 सीटें आरक्षित हैं। वहीं 25 प्रतिशत आरटीई के माध्यम से प्रवेश होगा। प्राप्त आवेदनों को आनलाइन एंट्री करने 34 स्कूलों के प्राचार्यो को जिम्मेदारी दी गई है। शिक्षण सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी व हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालयों में आवेदन जमा लिए जा रहे हैं। शहर के चार प्रमुख विद्यालय स्वामी आत्मानंद तारबाहर, लाला लाजपतराय, मगरपारा और मंगला के लिए सर्वाधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं।

नीट-प्री मॉक टेस्ट का हुआ आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ से संबद्ध डॉ. ब्रॉस मास्टर की एकेडमी द्वारा नीट परीक्षा की तैयारी करने वाले जशपुर, अम्बिकापुर, कोरबा, बिलासपुर, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली जिले के कुल 120 छात्रों के लिए जेईई, नीट, बीएससी नर्सिंग सीयूईटी के लिए चैंथी बार 45 दिवसीय निःशुल्क क्रैशकोर्स कोचिंग दिया गया।

नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी के गाइड लाइन के अनुसार डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय में प्रातः 11 से 2.20 बजे तक नीट प्री मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व प्रवेश द्वार पर प्रातः 9 बजे से ही कोचिंग टीम द्वारा आधार कार्ड, प्रवेश पत्र एवं फोटो की जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा परीक्षार्थियों को सेनेटाइज कर मास्क वितरण किया गया। उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरजाशंकर जायसवाल ने सभी परीक्षार्थियों का गहन जांच एवं निरीक्षण का स्वयं अवलोकन किया। सर्वप्रथम उपस्थित परीक्षार्थियों, पर्यवेक्षक, वीक्षक एवं संस्थान के पदाधिकारियों, सदस्यों तथा जिला प्रशासन की ओर से पुलिस विभाग के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में छात्रों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। निर्धारित समयानुसार दो परीक्षार्थियों एवं दो वीक्षकों की उपस्थिति में प्रश्न पत्र एवं ओएमआर शीट के पैकेट को केन्द्राध्यक्ष श्रीमती आशा दिवाकर एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष सह उपप्राचार्य छत्रपाल डाहिरे द्वारा खोला गया। परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र बुकलेट एवं ओएमआर सीट दिया गया। परीक्षा के दौरान आब्जर्वर प्रादेशिक सचिव एचआर भास्कर ने परीक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। परीक्षा उपरांत परीक्षार्थियों से ओएमआर सीट की मूल प्रति एकत्रित कर कार्बन प्रति दी गई। परीक्षा समाप्त होते ही आंसर-की जारी किया गया।

परीक्षा पश्चात छात्रों से फीडबैक भी लिया गया। मॉक टेस्ट के प्रति परीक्षार्थियों में काफी उत्साह देखा गया। परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था दो हॉल में किया गया। 120 परीर्क्षार्थियों में से 82 उपस्थित रहे। 25 छात्र-छात्राओं ने आवासीय सुविधा का लाभ प्राप्त किया। उक्त टेस्ट के आयोजन में वीक्षक का कार्य जितेन्द्र कुमार, शत्रुहन कान्त, सत्या कोशले, नीलू जांगड़े ने किया। कोचिंग, प्रशिक्षण, प्रश्न पत्र एवं परीक्षा आदि की तैयारी में कोचिंग टीम के सदस्यों सुश्री पदमनी रात्रे, साहू सर, नरेश कुमार, अरविंद बंजारा, अनित साहू आरक्षक शशि गंधर्व का विशेष योगदान रहा। अंत में संस्था के पदाधिकारियों द्वारा कोचिंग प्राप्त करने वाले छात्रों, अभिभावकों तथा कोचिंग टीम के साथ बैठक का आयोजन किया गया। सभी की उपस्थिति में पढ़ाने वाले साहू सर, पदमनी रात्रे, निशांत पैगवार, नरेश कुमार को नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। कलेक्टर राहुल देव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र सिंह पैकरा, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एमके राय, जिला शिक्षा अधिकारी सीके घृतलहरे, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेपी कौशिक तथा संस्थाध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर एवं संस्था के वरिष्ठ सदस्य एसपी कौशिक के मार्गदर्शन में उक्त नीट प्री मॉक टेस्ट का आयोजन सफल रहा।

लोकसभा चुनाव कलेक्टर एसपी ने ली जिला एवं पुलिस सेक्टर अधिकारियों की बैठक

'सेक्टर अधिकारी तनाव न लें, दायित्व निभाएं'

सहयोग के लिए पुलिस होगी साथ: एसपी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोसकर और पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने शनिवार को सेक्टर अधिकारियों की बैठक लेकर मतदान दिवस पर उनके दायित्वों के गंभीरता से निर्वहन हेतु प्रोत्साहित किया। बैठक में कलेक्टर श्री भोसकर ने कहा कि मतदान दिवस पर सेक्टर अधिकारियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। मतदान केंद्रों में मतदान करा रहे दलों के लिए किसी भी स्थिति में पहला संपर्क सूत्र सेक्टर अधिकारी होते हैं। इसलिए सेक्टर अधिकारी अपने क्षेत्र के मतदान दलों के साथ सतत संपर्क में रहें। मतदान दलों द्वारा मतदान सामग्री प्राप्त करने से लेकर मतदान दलों की वापसी तक दलों पर अपनी निगरानी बनाए रखें। मतदान समाप्ति के बाद प्राथमिकता से मतदान दलों की समय पर वापसी भी सुनिश्चित करें। इस काम में किसी तरह की लापरवाही ना बरतें। उन्होंने कहा कि 393 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग की जाएगी, इसकी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कर लें।

पुलिस अधीक्षक श्री अग्रवाल ने कहा कि सभी 91 सेक्टर अधिकारी और 47 सेक्टर पुलिस अधिकारी आपसी समन्वय कर निर्वाचन शांतिपूर्ण संपन्न कराने की जिम्मेदारी निभाएं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत पालन करें। किसी भी तरह की लापरवाही ना हो। किसी तरह की आपात स्थिति में धैर्य रखें, पैनिक ना करें। जिले की टीम आपके साथ है। मेडिकल इमरजेंसी, सुरक्षा व्यवस्था जैसी परिस्थितियों से अग्रिम रूप से निपटने सभी टीमों से सतत संपर्क में रहें। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह, सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर सहित समस्त सेक्टर अधिकारी और निर्वाचन से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

चुनाव कार्य में लापरवाही ग्राम सचिव निलंबित

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 तहत जंप क्षेत्र लखनपुर के ग्राम पंचायत निम्हा सचिव द्वारा चुनाव कार्य में लापरवाही बरतने कारण जंप मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेदप्रकाश पांडेय द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सरगुजा ने पंचायत सचिव मुगेश्वर राम को निलंबित कर दिया है। दरअसल पंचायत सचिव ने मतदान केन्द्र के समय लेखन कार्य में लापरवाही किया था।

मतदान के 48 घंटे पहले बंद होंगी शराब दुकानें

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी लोकसभा निर्वाचन 2024 कार्यक्रम अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1 सरगुजा में मतदान 7 मई को होना है। छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग के निर्देश के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विलास भोस्कर ने छत्तीसगढ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) में प्रदत्त शाक्तियों का प्रयोग करते हुए मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व की अवधि अर्थात 5 मई को सायं 5 बजे से 7 मई को सम्पूर्ण दिवस तक शुष्क अवधि घोषित किया है। इस दौरान जिले में संचालित समस्त देशी मदिरा दुकाने(सी.एस.2 घघ), विदेशी मदिरा दुकानें (एफ.एल.-1घघ),62वीं बटालियन एफ.एल.-8 तथा देशी मदिरा भण्डारण भण्डागार पूर्णतः बंद रहेगा। इस अवधि में मदिरा विक्रय, परिवहन एवं परोसना पूर्णतः बंद रहेगा।

■ न्यूज गैलरी

संत हरकेवल शिक्षा महाविद्यालय व लक्ष्य एकेडमी ने निकाली मतदान रैली

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। स्वीप गतिविधियों के तहत स्वीप टीम के साथ संत हरकेवल शिक्षा महाविद्यालय अम्बिकापुर एवं लक्ष्य एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने शुक्रवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली संत हरकेवल शिक्षा महाविद्यालय से शुरू होकर, नावापारा, फोकटपारा, अटल आवास, गांधीनगर त्रिपुति किराना स्टोर पटेल पारा होते हुए डाइट कॉलेज में समाप्त हुई। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने लोगों को मतदान करने प्रेरित किया तथा रैली के पश्चात मतदाता जागरूकता नृत्य के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल नूतन कंवर ने मतदान के महत्व को बताते हुए 07 मई मतदान दिवस पर मतदान अवश्य करने अपील की। उपजिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक ने कहा कि स्वयं मतदान करने के साथ ही साथ अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करें। इस दौरान लक्ष्य एकेडमी के छात्रों को कलेक्टर की चिट्ठी मतदाताओं के नाम वितरण हेतु प्रदान की गई।

ईव्हीएम मशीनों की हुई एफएलसी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। ईवीएम कमीशनिंग पश्चात रिजर्व मशीनों में हुई मशीनों को रिक्ति को पूर्ण करने के लिए शुक्रवार को कम्पोजिट बिल्डिंग में स्थित वेयरहाउस में रखी गई अतिरिक्त बीयू,सीयू एवं वीवीपैट मशीनों का राजनीतिक दलों की उपस्थिति में एफएलसी किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर ने स्वयं एफएलसी कार्य का जायजा लिया। कमीशनिंग के पश्चात कुल 8 बीयू, 40 सीयू एवं 26 वीवीपैट की रिक्ति पाई गई थी। इसके लिए आज 40 बीयू, 39 सीयू एवं 39 वीवीपैट की एफएलसी की गई जिसके पश्चात पूर्व में रखी एफएलसी ओके मशीनों को मिलाकर कुल 40 बीयू, 53 सीयू एवं 118 वीवीपैट मशीनें अब एफएलसी ओके की श्रेणी में है। इनमें से 8 बीयू, 40 सीयू एवं 26 वीवीपैट मशीनों की आपूर्ति के लिए जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में रेंडमाइजेशन किया गया तथा अब विधानसभावार स्ट्रांग रूम में रखा जाएगा। मतदान दिवस पर मॉकपोल के दौरान मशीनों में किसी प्रकार की खराबी पाए जाने पर रिज़र्व मशीनों का उपयोग किया जा सकेगा।

कलेक्टर ने नेवता-पाती देकर मतदान करने किया प्रेरित

जांजगीर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने आज नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत जगमहंत के मतदान केन्द्र का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्र में में छाया, पेयजल, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, वेबकास्टिंग आदि व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा - निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत जगमहंत के मतदाताओं को 7 मई को होने वाले लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता निभाने के लिए नेवता पाती देकर आमंत्रित किया। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ श्री अनिल कुमार सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें।

कलेक्टर ने दिखाई मतदाता रथ को हरी झंडी

जांजगीर/नवप्रदेश। कलेक्टर कार्यालय से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने मतदान दिवस के दिन उपलब्ध कराये जाने वाले निशुल्क परिवहन व्यवस्था के प्रचार-प्रसार हेतु मतदाता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मतदान केन्द्रवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हांकन किया जाकर उनके द्वारा मांगे जाने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात वापस उनके आवास स्थल तक छोड़ने हेतु निःशुल्क वाहन व्यवस्था की गई है। उक्त कार्य के नोडल अधिकारी उप संचालक समाज कल्याण टी पी भावे एवं सहायक नोडल उप संचालक पंचायत अभियन्यू साहू है। इस दौरान अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मडावी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री मोदी ने दी देश को नई दिशा-देवांगन

उद्योग व वाणिज्य मंत्री लखन लाल देवांगन का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोशीला स्वागत, प्रत्याशी कमलेश के लिए मांगा समर्थन

सक्ती/नवप्रदेश। देवांगन समाज सम्मेलन सक्ती उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री लखनलाल देवांगन ने यहां कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने 10 साल में उन्होंने विकास के अनेक कार्य किए हैं। श्री मोदी ने अपने शासनकाल में देश को नई दिशा दी है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार जब विदेशों में जाती थी तो विदेश के लोग समझते थे की फिर से भारत कर्ज मांगने आ गया है लेकिन जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं विदेशों में भारत का मान बढ़ा है देश को शक्तिशाली बनाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है।

अभी कोरोना के समय हमारे देशवासीयो को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना के दो से तीन वैक्सीन लगाने का कार्य किया है भारत के साथ-साथ कई देशों को वैक्सीन पहुंचाने का कार्य किए हैं प्रधानमंत्री जी अपने आप को कभी प्रधानमंत्री नहीं समझे बल्कि प्रधान सेवक समझते हैं और जनता से ईमानदारी के साथ सेवा करने का कार्य करते हैं चाय बेचने वाले का बेटा देश के आज प्रधानमंत्री हैं जो गरीब के जमीन स्तर के पीड़ा को समझते हैं की पीड़ा क्या होता है इसलिए बड़े-बड़े ऐतिहासिक निर्णय के साथ-साथ गरीब कल्याण योजना चलाने के कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी करते हैं और देश के गरीब परिवार को मुफ्त राशन देने का कार्य किए माता बहनों को उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस चूल्हा देने का कार्य किया है जनधन योजना में खाता खुलवाने का कार्य किया है कोरोना कल में गरीबों के खाते में पैसा डालने का काम किए हैं किसानों को किसान सम्मान निधि देने का कार्य किया घर-घर नल से जल पहुंचाने का कार्य किए हैं जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने का कार्य किए हैं देश में राम मंदिर का निर्माण हुआ है मुस्लिम महिलाओं का तीन तलाक कानून संशोधन करके मुस्लिम बहनों का पीड़ा दूर करने का कार्य नरेंद्र मोदी जी ने किया है।

नागरिकता संशोधन बिल लाया विकास के कार्य किए देश भर में सड़के रेल कॉरिडोर बनाअटल बिहारी वाजपेई जी ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया प्रधानमंत्री सड़क योजना से गांव गांव तक सड़कों का जाल बिछाया सर्व शिक्षा अभियान के तहत गांव-गांव में स्कूल खोले गए देश को शक्तिशाली बनाने के लिए परमाणु परीक्षण किया दुनिया में आज भारत का अलग पहचान बना है वह भारतीय जनता पार्टी की सरकार की देन है कांग्रेस की सरकार ने देश में गरीबों का कोई ध्यान नहीं रखा नहीं विकास कार्य किया ना सड़के बनी छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी माता बहनों को 500 पेंशन देने का वादा किया था जो नहीं दिया वृद्धो को 1000 से 1500 पेंशन देने का वादा किया नहीं दिए युवाओं को 2500 भत्ता देने का वादा किए थे नहीं दिया इसी तरह के 36 प्रकार के वादा किया पर कोई वादा पूरा नहीं कर सके जनता को सरकार बनने के बाद कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को लूट कर अपना जेब भरने का कार्य किया मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा मेरे क्षेत्र कोरबा से कोयला निकलता है जिस पर पूर्व की कांग्रेस की सरकार ने कमिशन खाने का कार्य किया है पूर्व सरकार ने शराब में भ्रष्टाचार गोबर में भ्रष्टाचार यहां तक गरीबों के चावल में 500 करोड़ खाने का कार्य किया पूरा हर क्षेत्र में कांग्रेस ने भ्रष्टाचार किए हैं यहां तक कि इनका मुखिया का भी महादेव सट्टा एप में नाम आ चुका है।

अभी कई जगह नाम आएगा कांग्रेस पूरा देश में 543 सीट में प्रत्याशी खड़ा नहीं कर पाया जब सांसद प्रत्याशी नहीं खड़ा कर सकी तो सरकार कांग्रेस की नही बनेगी छत्तीसगढ़ में विष्णु देव की सरकार ने 3 महीने में ही अपना वादा पूरा करने का कार्य किया किसानों को 3100 क्विंटल की दर से धान की खरीदी की गई धान की अंतर की राशि एक मुस्त खाता में डालने का कार्य किया है विवाहित माता बहनों को 1000 हर महीना खाते में आ रहा है 18 लाख आवास जो कांग्रेसी रोक दिए थे उसको चालू कर दिया गया है गांव-गांव में नल से जल पहुंचने का कार्य चालू हो गया है 3 महीने में सभी बड़े वादा को छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव की सरकार ने पूरा किया है।

चुनाव के बाद बाकी वादा को विष्णु देव की सरकार जल्द पूरा करेगी तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रखा है जिसको पूरा किया जा रहा है श्री मोदी ने जो बोला है वह वादा पूरा हुआ है यह श्री मोदी की गारंटी है सभा को पूर्व मंत्री मेघाराम साहू ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री मेघाराम साहू पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल मंडल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल कार्यक्रम के प्रभारी संजय रामचंद्र गोविंद देवांगन समाज के मेहर सक्ती लखन लाल देवांगन टेमर से कृष्ण लाल देवांगन सोंठी राजीव लोचन देवांगन झुलकदम संतोष देवांगन कसेरपारा कुंदन देवांगन अखराभाठा घनश्याम देवांगन सहित समाज के प्रमुख जन देवांगन युवा संगठन के पदाधिकारी सदस्य एवम एवं देवांगन समाज की महिलाएं भाजपा महिला मोर्चा के रीता पटेल अनिता सिंह सरलाकांत भगवती देवांगन अंजनी देवांगन रेखा देवांगन पार्षद धनंजय नामदेव पार्षद पिंटू यादव दीपक गुप्ता सुरेश कृपलानी मनोज सिसोदिया प्रमेंद्र ठाकुर सूर्य प्रकाश गुप्ता संजय कश्यप हर्ष देवांगन सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता शामिल रहे।

मतदान की अंतिम तैयारियों की कलेक्टर-एसपी ने की समीक्षा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोसकर ने शनिवार को निर्वाचन की अंतिम तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी नोडल अधिकारियों से अब तक की प्रगति और मतदान दिवस की कार्ययोजना की जानकारी ली। उन्होंने समस्त शहरी और ग्रामीण मतदान केंद्रों में न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था, मतदाता निर्वाचक नामावली की अंतिम चिन्हांकित प्रति तैयार करने, पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर्मियों, सुरक्षा कर्मियों, सहित अन्य पात्र कर्मियों द्वारा मतदान, होम वोटिंग के आंकड़े, वाहनों के अधिग्रहण, अधिकारियों कर्मचारियों को परिचय पत्र, मतदान सामग्री वितरण की तैयारी, काउंटर निर्माण, भोजन और पेयजल व्यवस्था, पॉलीटेक्निक कॉलेज और मतदान केंद्रों में विद्युत की निर्बाध आपूर्ति, आदि पर विस्तृत जानकारी लेकर समीक्षा की। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने बैठक में सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की। उन्होंने जिले में तीन चरणों में की जा रही सुरक्षा व्यवस्था में संलग्न सभी अधिकारियों कर्मचारियों को चौकस रहने कहा।बैठक में कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन की तैयारियों को लेकर रविवार 9 बजे से ड्राय रन किया जाएगा। जिसमें मतदान सामग्री वितरण और मतदान दिवस पर रिपोर्टिंग का ट्रायल होगा। उन्होंने इस दौरान गर्मी के मौसम के मद्देनजर मेडिकल टीमों के गठन और उनकी ड्यूटी पर भी बात की। जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया कि हर मतदान केंद्र में मितानिन रहेंगी। इसके साथ ही जनपद और जिला स्तर कंट्रोल रूम भी तैयार किया गया है जिनमें मतदान शुरू होने के समय से पूर्व ही कंट्रोल रूम एक्टिव होंगे और मतदान के अंत तक सक्रिय रहेंगे।

सावधानी व सतर्ककता से निपटाएं चुनावी कार्य- सोम

उप जिला चुनाव अधिकारी ने माईक्रो आब्जर्वरों की बैठक में काम की बारीकियां बताई

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार सोम द्वारा आज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र जांजगीर-चांपा अंतर्गत निर्वाचन संबंधी कार्यों के सुव्यवस्थित संपादन के लिए सक्ती कलेक्ट्रेट परिसर सभाकक्ष में जिला अंतर्गत सभी माईक्रो आब्जर्वरो की बैठक ली गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार सोम ने माईक्रो आब्जर्वर के कार्यों को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण लोकसभा निर्वाचन के लिए पूरी सावधानी एवं सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने कहा। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी माईक्रो आब्जर्वरो को उनके द्वारा मतदान दिवस के दिन किये जाने वाले कार्यों की पुनः विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने सभी माईक्रो आब्जर्वरो को निर्वाचन आयोग के निर्देशनुसार सभी आवश्यक कार्यों को बारीकी से आब्जर्व करते हुए निर्धारित समय पर अपने रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सोम ने कहा कि मतदान दिवस को मतदान स्थल पर तैयारी, पीठासीन अधिकारी एवं अन्य मतदान अधिकारियों के कार्य, व्हीव्हीपेट में मॉकपोल कराने की कार्यवाही के पश्चात सीआरसी, सीलिंग की कार्यवाही आदि के संबंध में निगरानी करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करे। उन्होंने कहा कि मतदान स्थलों के सभी प्रक्रियाओं पर माइक्रो ऑब्जर्वर्स कड़ी नजर रखेंगे तथा सामान्य प्रेक्षक को मतदान से संबंधित फीडबैक, पोलिंग बूथ में रैम्प, पानी, छाया, मतदान केंद्र का साईन बोर्ड, विद्युत व्यवस्था, शौचालय आदि की उपलब्धता सहित अन्य आवश्यक जानकारी भी देंगे। इस अवसर पर निर्वाचन पर्यवेक्षक राधेश्याम साहू, निर्वाचन कार्यालय के श्रवण गभेल सहित सभी माइक्रो ऑब्जर्वर्स और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर-एसपी भी सुरक्षा बलों के फ्लैग मार्च में शामिल

कलाकेंद्र मैदान से निकल कर चौक-चौराहों से होते हुए सद्भावना चौक में हुआ समापन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में 7 मई को मतदान होना है। इससे पहले शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, निर्भीक एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न करवाने हेतु शुक्रवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विलास भोसकर एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने 200 से ज्यादा सुरक्षा बलों के जवानों के साथ शहर में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान सीआरपीएफ, एसएपी असम, सीएएफ एवं पुलिस के हथियारबंद जवान शहर के कलाकेंद्र मैदान से मुख्य चौक घड़ी चौक, संगम चौक, महामाया चौक से मुख्य मार्गों में होते हुए सद्भावना चौक पहुंचे। फ्लैग मार्च में कलेक्टर-एसपी ने शत प्रतिशत शांतिपूर्ण मतदान की सभी से अपील की।

कलेक्टर श्री भोस्कर ने कहा कि जिले में शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न करवाने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, सीआरपीएफ की कंपनियों के संयुक्त तत्वावधान में फ्लैग मार्च निकाला गया है। जिले में लगभग 2200 का सुरक्षा बल लगा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में सुगम निर्वाचन सम्पन्न कराए जाने हेतु जिला तथा पुलिस प्रशासन की टीम तैयार है। पुलिस अधीक्षक श्री अग्रवाल ने कहा कि सुरक्षा बल के जवानों के साथ शहर के संभावित संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया गया है, जिले में तीन चरणों में सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई है। आज 200 से ज्यादा सुरक्षा जवानों के साथ राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों द्वारा फ्लैग मार्च किया गया है। उल्लेखनीय है कि फ्लैग मार्च के माध्यम से मतदान को प्रभावित करने वाले तत्वों को कड़ी चेतावनी के साथ संदेश दिया जा रहा है कि मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की अशांति या असामाजिक कार्य कर जिले की शांति भंग करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमोलक सिंह ढिल्लो, पुलिस एवं जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

7 आदतन अपराधी जिलाबदर

सक्ती/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 को मद्देनजर रखते हुये जिले में शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त चुनाव सम्पन्न कराने हेतु जिले के आदतन अपराधियों तथा अपने स्वभाव मे सुधार नही लाने वाले व्यक्तियो के विरूद्ध जिला बदर हेतु पुलिस अधीक्षक सक्ती सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा थाना प्रभारियों को निर्देशित करने पर, थाना प्रभारी सक्ती द्वारा 1 समीर बघेल पिता पारस बघेल उम्र 21 साल साकिन सोसायटी चौक सक्ती थाना सक्ती जिला सक्ती छ.ग., निर्मल राही पिता परसराम राही उम्र 35 साल साकिन वार्ड क्र.01 सक्ती थाना सक्ती जिला सक्ती छ.ग., राजकुमार उर्फ भोलू पिता पवन अग्रवाल उम्र 29 साल साकिन हटरी चौक राम मंदिर के पास वार्ड नं. 07 सक्ती थाना सक्ती जिला सक्ती छ.ग., थाना प्रभारी हसौद द्वारा त्रिदेव राय पिता राजकुमार राय उम्र 24 साल साकिन नरियरा थाना हसौद जिला सक्ती छ.ग., किशन राय पिता नीलकंठ राय उम्र 25 साल साकिन नरियरा थाना हसौद जिला सक्ती छ.ग., राजेन्द्र कश्यप पिता रामनाथ कश्यप उम्र 23 साल साकिन मल्दा थाना हसौद जिला सक्ती छ.ग., थाना प्रभारी बाराद्वार द्वारा प्रकाश यादव उर्फ भांचा पिता कीर्तन उर्फ रामभरोस उम्र 26 साकिन वार्ड नं. 10 बाराद्वार थाना बाराद्वार के विरूद्ध जिला बदर हेतु प्रतिवेदन पेश करने पर पुलिस अधीक्षक सक्ती अंकिता शर्मा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के माध्यम से अनावेदको के विरूद्ध छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 के तहत कार्यवाही करने हेतु प्रस्ताव कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कार्यालय को प्रतिवेदन प्रेषित गिया गया था जिस पर कार्रवाई की गई।

सम्मेलन जिले के सभी हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में पालक शिक्षक सम्मेलन का हुआ आयोजन

बोर्ड परीक्षाओं में परिणाम जो भी आए, बच्चे रहें तनाव मुक्त

जांजगीर/नवप्रदेश। माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम प्रतिवर्ष घोषित किए जाते हैं विद्यार्थियों के अपेक्षित परिणाम नहीं आने से विद्यार्थी प्रायः तनाव में रहते हैं तथा कुछ तो डिप्रेशन में चले जाते हैं।

कलेक्टर आकाश छिकारा ने निर्देशन में जिले के सभी हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में पालक शिक्षक बैठक का आयोजन हुआ। इसी तारतम्य में कलेक्टर आकाश छिकारा ने आज नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत धुरकोट हाई स्कूल में आयोजित पालक शिक्षक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सभी बच्चों ने लगन व मेहनत के साथ पढ़ाई करके बोर्ड की परीक्षा दी है। परीक्षा का परिणाम जो भी आये बच्चे उस परिणाम को लेकर किसी भी प्रकार का तनाव न महसूस करें व इसे सहज ग्रहण करें। इसलिए यह बैठक रखा गया है ताकि समन्वय से हम सब बच्चें को तनाव मुक्त रख सकें।

बैठक में अभिभावकों को अपने बच्चों के परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने आवश्यक परामर्श व विचार-विमर्श किया गया एवं परीक्षा परिणाम को लेकर एक सकारात्मक माहौल बच्चों व पालकों के मध्य तैयार कर तनाव से ग्रसित बच्चों के आवश्यक लक्षण को देखते हुए समुचित निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करने संबंधी सुझाव दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि परीक्षा परिणाम घोषित होने के पहले या बाद में विद्यार्थियों को निराश होने या तनाव लेने की आवश्यकता नहीं है। पालकों को भी बच्चों से बहुत अधिक अपेक्षा नहीं करनी चाहिए और परीक्षा परिणाम को लेकर अधिक दबाव नहीं देना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि पैरेन्टस् टीचर मीटिंग के माध्यम से हम सभी अभिभावकों को जोड़ना है। बोर्ड के परीक्षा परिणाम के तनाव से बच्चों को मुक्त रखना है और उन्हें बताना है कि जिन्दगी में हमेशा दूसरा मौका भी मिलता है इसलिए हमे निराश नहीं होना है और सकारात्मक सोंच के साथ आगे बढ़ना है। उन्होंने पालकों से कहा कि परीक्षा परिणाम आने के बाद बच्चों के व्यवहार पर हमेशा नजर रखें। बच्चों के साथ बाते साझा करें और हर कदम उनके साथ रहें। उन्होंने कहा कि बच्चें ऐसा कोई कदम न उठाये जिससे हमे बाद में परेशानी का सामाना करना पड़े। कलेक्टर ने कहा कि हमे परीक्षा परिणाम से हताश और निराश नहीं होना है। इस दौरान उन्होंने बहुत सारे भी बच्चों और अभिभावकों को सफलता और असफलता को उदाहरण देकर बताया। इस दौरान उन्होंने पालकों एवं विद्यार्थियों के प्रश्नों का समाधान भी किया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ममता यादव, जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी कुमार भारद्वाज, डीएमसी श्री आर के तिवारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बोर्ड परीक्षा परिणाम का हो तनाव तो हेल्पलाईन का लें मदद

माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम प्रतिवर्ष घोषित किए जाते हैं विद्यार्थियों के अपेक्षित परिणाम नहीं आने से विद्यार्थी प्रायः तनाव में रहते हैं तथा कुछ विद्यार्थी तो डिप्रेशन में चले जाते हैं। जब भी ऐसा लगे तो विद्यार्थी, पालक हेल्पलाईन नंबर 18002334363 पर संपर्क कर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। इसके साथ ही मानसिक स्वस्थ्य से संबंधित जानकारी के लिए 14416 पर संपर्क सकते है।

न्यूज गैलरी

प्लास्टिक रीसाइक्लिंग कान्फ्रेंस में जीता पहला इनाम

बस्तर/नवप्रदेश। जिला पंचायत बस्तर ने 2024 के प्लास्टिक रीसाइक्लिंग कांफ्रेंस एशिया में लोकल बॉडी चैंपियन श्रेणी में पहला पुरस्कार जीता है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के पीछे कलेक्टर बस्तर विजय दयाराम के. के सतत मार्गदर्शन के साथ ही सार्थक प्रयास और नेतृत्व का अहम योगदान है। जिला प्रशासन बस्तर एवं एचडीएफसी बैंक, सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एजुकेशन एवं श्रष्टि वेस्ट मैनेजमेंट सर्विसेज द्वारा रूरल एंड अर्बन लैंडस्केप फ्री ऑफ ड्राई एंड प्लास्टिक वेस्ट परियोजना को बस्तर जिले में बेहतर रणनीति के साथ कार्यान्वित किया जा रहा है, जिसके तहत बाबू सेमरा जगदलपुर में मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) का निर्माण किया गया है। उक्त पुरस्कार समारोह 2 से 3 मई को नई दिल्ली के में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश कुमार सर्वे ने पुरस्कार प्राप्त किया। यह महत्वपूर्ण पुरस्कार हासिल होने से अब प्लास्टिक सामग्री रीसाइक्लिंग के लिए जिले के अधिकारी-कर्मचारियों सहित आम नागरिकों को प्रोत्साहन मिलेगा।

अवैध अंग्रेजी शराब लाता व्यक्ति चढ़ा पुलिस के हत्थे

सरसीवां/नवप्रदेश। नवनिर्मित जिला सारंगढ़ बिलाईगढ के सरसीवां नगर पंचायत बस स्टैंड परिसर पर स्थित अल्ली भोजनालय होटल मे काम करने वाला स्टाफ 30 पाव अंग्रेजी शराब के लाते पुलिस के हथ्थे चढ़ गया । अली भोजनालय सालो से सरसींवा बस स्टैंड मे चलता है जहा सैकड़ो लोग डेली खाना खाने जाते है । 02 मई गुरूवार को अल्ली भोजनालय के होटल में काम करने वाले एक 22 साल के युवक को सरसीवां पुलिस ने 30 पाव अंग्रेजी शराब परिवहन करने वाले एक्टिवा स्कूटी वाहन के साथ गिरफ्तार किया है । जहां सरसीवां पुलिस को मुखबिर से मिले सुचना अनुसार एक व्यक्ति शासकीय मंदिरा दुकान सरसीवां से भारी मात्रा में शराब ले जा रहा है । जिस की सूचना पर सरसीवां पुलिस अपने हमराह स्टाफ व समक्ष गवाहन को 160 जा.फा. का नोटिस देकर अपने साथ लेकर सरसीवां भट्ठी जाने वाले तिराहे रास्ते पर खड़े थे । तभी मुखबिर के बताए हुलिया का व्यक्ति लाल रंग के एक्टिवा स्कूटी में आ रहा था । जिसको रोककर पूछताछ करने पर अपना नाम राजू यादव पिता गणेश यादव उम्र 22 बर्ष शाकिन माधोपाली थाना सारंगढ़ होना बताया एवं एक लाल रंग कि स्कूटी क्र छ्त्त 22 क्र7873 के सामने खाली जगह पर थैला रखा था।

जाम छलका रहे थे दो दोस्त झगड़े में एक ने किया सुसाइड

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिले के लच्छनपुर गांव में एक युवक ने दोस्त से लड़ाई होने के बाद आत्महत्या कर ली। शराब सेवन करते समय दोनों में उठी बहस मारपीट में तब्दील हो गई। जिसके बाद घर आकर युवक ने फांसी से लटकर जान दे दी। परिजन उसे फांसी से उतारकर आनन-फानन में जिला चिकित्सालय बलौदा बाजार पहुँचे लेकिन जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। जिसके बाद परिजनों ने करही बाजार, सिटी कोतवाली थाने में मामले की शिकायत की। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद मृतक को शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं मर्ग जांच के दौरान गवाहों एवं मृतक के परिजनों से पूछताछ में जानकारी प्राप्त हुई कि 2 मई को शाम करीब 6 बजे मृतक राकेश पाटले अपने मोहल्ले के धनलाल जांगड़े उर्फ धन्ना जांगड़े के साथ गांव के जमनईया पुलिया के नीचे शराब सेवन कर रहा था। इसी दौरान राकेश ने नशे की स्थिति में धनलाल के पत्नी के चरित्र के बारे में उल्टी सीधी बातें करने लगा।

कांग्रेस प्रत्याशी मेनका सिंह के चुनाव लड़ने पर उठाए सवाल

■ अरविंद नेताम ने बताया समाज से बहिष्कृत, जाति को लेकर जताया विरोध

रायगढ़/नवप्रदेश। हमर राज पार्टी के संस्थापक अरविंद नेताम ने रायगढ़ लोकसभा प्रत्याशी मेनका सिंह को लेकर बड़ा बयान दिया है. अरविंद नेताम ने मेनका सिंह को समाज से बहिष्कृत बताकर आरक्षित सीट से चुनाव लड़ने पर ऐतराज जताया.

हमर राज पार्टी के संस्थापक अरविंद नेताम एक बार फिर सुर्खियों में हैं. अरविंद नेताम ने रायगढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी मेनका सिंह के चुनाव लड़ने को लेकर सवाल उठाए हैं. अरविंद नेताम ने कहा कि मेनका सिंह ने दूसरे जाति के व्यक्ति से विवाह किया है, ऐसे में उनकी जाति बदल गई है. लिहाजा अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित रायगढ़ लोकसभा सीट से मेनका सिंह चुनाव नहीं लड़ सकती.

सुप्रीम कोर्ट में दावेदारी को चुनौती देने पर विचार = अरविंद नेताम ने मेनका सिंह को समाज से बहिष्कृत बताया है. नेताम की माने तो सामाजिक कानून व्यवस्था के तहत मेनका सिंह को जाति से बाहर किया गया है.क्योंकि उन्होंने दूसरे जाति के व्यक्ति से शादी की थी. नेताम ने इस मुद्दे को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने के बारे में विचार करने की बात कही.

देश में चाहे बीजेपी की सरकार हो या फिर कांग्रेस की, यहां के जंगल खतरे में हैं. भारतीय जनता पार्टी ने देश की जंगलों को प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को देने का मन बना लिया है.जंगलों में पहला अधिकार आदिवासियों की है. धीरे-धीरे जल,जंगल और जमीन में आदिवासियों की अधिकार छिनती जा रही है.%% अरविंद नेताम, संस्थापक, हमर राज पार्टी

अरविंद नेताम ने कहा कि प्रदेश में संविधान के अनुरूप आदिवासी हितों की रक्षा नहीं होने के कारण हमर राज पार्टी की स्थापना की गई है.इस दौरान नेताम ने कांग्रेस और बीजेपी दोनों पर निशाना साधा.

भाजपा लगाएगी सेंध या कांग्रेस मारेगी बाजी!

■ कोरबा लोकसभा सीट

गरियाबंद/नवप्रदेश। बैकुंठपुर /नवप्रदेश - प्रदेश में लोकसभा चुनाव 2024 के अंतिम चरण में कोरबा सीट कांग्रेस और बीजेपी के लिए नाक का सवाल बन गई है । जहा चुनाव की तारिक नजदीक आते ही दोनों प्रमुख पार्टी ने अपना पूरा दम अब घर घर पहुँच लगा रखा हैं । कोरबा लोकसभा सीट को अपनी परंपरागत सीट मानती है कांग्रेस । वही भाजपा इस बार सरोज पाण्डेय के सहारे कांग्रेस के इस अभेद्य किले में सेंध लगाने के लिए तैयार है । वही कांग्रेस सीट को अपने कब्जे में रखने के लिए अपने पुराने प्रत्याशी ज्योत्सना महंत को दुबारा मैदान में उतारकर सबको चौंका दिया है ।

कोरबा सामान्य सीट होने के बावजूद आदिवासी बेल्ट के रुप में गिने जाने वाले कोरबा लोकसभा सीट पर इस बार बीजेपी और कांग्रेस में महामुकाबला होने वाला है। आदिवासी वोटरों का झुकाव जिस ओर होता है जीत उसी पार्टी की होती है । कोरबा लोकसभा सीट पर हमेशा से आदिवासी वोटर हार और जीत के फैक्टर में निर्णायक साबित होते रहे हैं । सरगुजा लोकसभा सीट सामान्य जाति के लिए आरक्षित सीट है। विधानसभा चुनाव 2023 में भारतीय जनता पार्टी ने यहां से छह सीट जीत कर कांग्रेस का एक सीट जीतने पर मजबूर कर दिया वही गोंडवाना पार्टी ने भी एक सीट जीत कर कांग्रेस को चौका दिया जहा भाजपा ने कांग्रेस के कई सीटों में जीत दर्ज पर कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया व कोरिया के पूरे सरगुजा संभाग में सिर्फ कमल खिला जबकि कोरबा लोकसभा सीट को कांग्रेस की परंपरागत सीटों में गिना जाता है । कोरबा लोकसभा सीट में 8 विधानसभा सीटें हैं - कोरबा लोकसभा सीट छत्तीसगढ़ के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक हाई प्रोफाइल सीट है। कोरबा लोकसभा सीट में बैकुंठपुर, मनेन्द्रगढ़, भरतपुर सोनहत , मरवाही , रामपुर , पाली तानाखार ,कोरबा व कटघोरा समेत 8 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। कोरबा लोकसभा सीट सामान्य जाति के लिए आरक्षित सीट है। कोरबा लोकसभा सीट पर हमेशा से मुकाबला कांग्रेस और बीजेपी के बीच रहा है ।जहा आदिवासी वोट बैंक के बढ़ते ग्राफ ने हमेशा दोनों प्रमुख पार्टी के विजय रथ को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । 2019 में ज्योत्सना ने मारी थी बाजी - 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की ज्योत्सना महंत ने कम मार्जिन के वोटों के अंतर से भाजपा को हराकर कांग्रेस को जीत दिलाई थी ।जहा ज्योत्सना मंहत को संयुक्त कोरिया जिले से निराशा हाथ लगी थी वही पाली तानखार व कोरबा कटघोरा से थोड़ी खुशी मिली जहा कांग्रेस को कोरबा में पचास फीसदी से ज्यादा वोट प्रतिशत मिले थे । 2019 में ज्योत्सना महंत का मुकाबला भाजपा के ज्योतिनंद दुबे से हुआ था । साल 2014 में कोरबा सीट से बीजेपी के ने जीत दर्ज की थी वही 2009 में कांग्रेस से चंरण दास महंत ने जीत दर्ज की कुल मिलाकर कोरबा लोकसभा सीट पर हमेशा से कांग्रेस का दबदबा रहा है जहा इस सीट के अस्तित्व में आने से अब तक तीन चुनाव ही हुये हैं यह यहाँ का चौथा चुनाव है जहा दोनों महिला प्रत्याशी में चुनाव प्रचार के अंतिम समय मे चुनाव को लेकर घमासान जारी हैं ।कोरबा में क्या हैं बड़े मुद्दे - कोरबा में बढ़ती बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या है ।

मूर्ति खंडित करने व शराब उड़ेलने पर फूटा गुस्सा, विहिप व बजरंग दल ने लगाया जाम

राजिम/नवप्रदेश। राजिम जिले में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने शनिवार 4 मई को नेशनल हाइवे 130 सी को जाम कर दिया है। आक्रोशित संगठन लगातार नारे बाजी कर रहे हैं। जाम के चलते दोनों छोर में वाहनों की लंबी कतार लग गई है। राजिम थाना क्षेत्र के दुतकैया ग्राम में स्थित शिवालय को 30 अप्रैल की रात कुछ असमाजिक तत्वों ने न केवल खंडित किया था। बल्कि उस पर शराब भी उड़ेल दिया गया था।

गौरतलब है कि 1 मई की सुबह लगते ही ग्रामीण बोधन साहू ने मामले की शिकायत राजिम थाने में की थी। राजिम पुलिस ने 295 भादंवि के तहत मामला पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दिया। पुलिस ने अगले दिन अहमद खान नाम के आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू किया। जिसमें आरोपी ने एक नाबालिग और अन्य समेत 3 लोग मिलकर घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की थी। जिसके बाद पुलिस ने एक आरोपी को 3 मई को जेल दाखिल करा दिया। एक नाबालिग समेत सफी खान नाम का आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर था।

लेकिन कहा जा रहा है कि, इसे भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आज में एकत्रित होकर नेशनल हाइवे को कर दिया जाम।

हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने लगाया खानापूर्ति का आरोप

इधर हिंदू संगठनों के पदाधिकारी शिशुपाल सिंह राजपूत और गौरीशंकर कश्यप ने कहा कि घटना के असली गुनहगारों को नहीं पकड़ा गया है। बल्कि जो आदतन अपराधी है, जिसे दूसरे वारदात में गिरफ्तारी किया जाना था। उसकी गिरफ्तारी कर खाना पूर्ति का आरोप लगाया गया है। इस मामले में फिलहाल अभी पुलिस कुछ भी कहने से बच रही है।

ग्राम भागुटोला के पास कार-ट्रक भिड़ंत में 5 माह की बच्ची की मौत

कबीरधाम/नवप्रदेश। शनिवार 4 मई को कबीरधाम जिले में सड़क हादसे में 5 माह की बच्ची की मौत हो गई। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के कवर्धा-राजनांदगांव रोड़ स्थित ग्राम भागुटोला में दोपहर 11.30 बजे की है। सिटी कोतवाली थाना से मिली जानकारी अनुसार कार व ट्रक की आमने सामने भिड़ंत हुई है।

कार के भीतर पीछे सीट में मां के गोद से 5 माह की बच्ची दक्षिता पिता पेखराज साहू छिटक कर सामने टकरा गई। इससे उसकी मौत हो गई है। ये लोग कवर्धा के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए आए हुए थे। कवर्धा से वापस अपने घर लोहारा जा रहे थे।

इसी दौरान ग्राम भागूटोला के पास एक ट्रक के साथ भिड़ंत हो गया। ट्रक चालक व कार में बैठे किसी भी को चोट नहीं आई है। इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में ले लिया है। हादसे के बाद बच्ची के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

नृशंस हत्या : 12वीं के छात्र को कुल्हाड़ी से काट डाला

खाट पर भाई की लाश देखकर बहन हो गई बेहोश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। खैरागढ़ जिले के छुईखदान थाना क्षेत्र के अमलीडीह कला गांव में दिनदहाड़े 12वीं कक्षा के एक छात्र की उसके घर पर ही टंगिया से वारकर नृशंस हत्या कर दी गई। घटना से गांव में दहशत का माहौल है। पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार छुईखदान थाना क्षेत्र ग्राम अमलीडीह कला निवासी 12 वीं के छात्र देवप्रकाश वर्मा पिता लेखराम उम्र 18 वर्ष शुक्रवार को अपने घर में अकेले था। अज्ञात हमलावरों ने सुबह 11 बजे के आसपास उसके घर में घुसकर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी।

बताया जा रहा है कि घटना के दौरान घर में कोई भी परिजन मौजूद नहीं थे। मृतक के माता और पिता काम पर गए थे। उसकी बड़ी बहन मनरेगा कार्य में अपनी हाजिरी लगाने गई थी। जबकि दूसरी बहन नहाने गई थी। घटना के दौरान छात्र देवप्रकाश घर में अकेला था। छोटी बहन माया नहाकर घर वापस पहुंची तो खाट पर अपने भाई की लाश देखकर हतप्रभ रह गई।

चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे आसपास के ग्रामीणों ने इसकी जानकारी मृतक के माता-पिता को दी। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक छात्र देवप्रकाश ने हाल ही में 12 वीं की परीक्षा दिलाई है। हत्या किस उद्देश्य और क्यों की गई है? इसको लेकर परिजन और ग्रामीण भी अनजान हैं।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची छुईखदान पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मामला दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों को मिलेगा 2-2 लाख का मुआवजा

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा में पिछले सोमवार को भीषण सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई थी। इस भीषण सड़क हादसे में मृतकों और घायलों के लिए केंद्र सरकार ने मुआवजे का ऐलान किया है। गौरतलब है कि जन्मोत्सव में शामिल होकर देर रात लौट रहे एक ही परिवार के लोगों से भीरी मालवाहक सड़क किनारे खड़े दूसरे वाहन से टकरा गई थी। इस हादसे में 9 लोगों की मौत के अलावा 22 लोग घायल हो गए थे। शनिवार को पीएमओ ने इस हादसे के पीड़ितों के लिए मुआवजे का ऐलान कर दिया है।

घायलों को मिलेंगे 50-50 हजार

कलेक्टर बेमेतरा को मिले प्रधानमंत्री कार्यालय के पत्र के मुताबिक मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलो को 50-50 हजार रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। पत्र के मुताबिक उक्त मुआवजा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय सहायता कोष से से दिया जाएगा। मुआवजा को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से बेमेतरा कलेक्टर को लिखे गए पत्र में इस बात का उल्लेख है। 28 अप्रैल को बेमेतरा जिले के के कठिया गांव में सड़क दुर्घटना में 9 लोंगो की मौत के अलावा 22 लोग घायल हुए थे।

युवक पर भालुओं का हमला, गंभीर रूप से घायल

बालोद/नवप्रदेश। बालोद में शनिवार 4 मई की सुबह एक युवक पर दो भालुओं ने हमला कर दिया. युवक जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए गया था. हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने युवक को बालोद जिला अस्पताल में भर्ती कराया है. घटना कांडे वन परिक्षेत्र की है.

जानकारी के मुताबिक, महेंद्र नेताम अपनी पत्नी के साथ जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गया था. इसी दौरान 2 भालुओं ने उस पर हमला कर दिया. इसमें वह बुरी तरह से घायल हो गया. उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, लेकिन हालत गंभीर देख रायपुर के मेकाहारा अस्पताल रेफर कर दिया गया. बता दें कि भालू के हमले से ग्रामीण बुरी तरह घायल हो गया है. साथ ही ग्रामीण के चेहरे पर भी गंभीर चोट आई है.

दरअसल, छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में 3 मई से तेंदूपत्ता तोड़ाई का कार्य शुरू किया गया है. वहीं दूसरे दिन ही भालू के हमले का मामला सामने आ गया. हालांकि पिछले साल भी इसी तरह का मामला सामने आया था. वहीं तेंदू पत्ता संग्रहण कार्य शुरू होने के बाद वन विभाग की टीम ने लोगों से जंगल में सतर्क होकर जाने की अपील की थी, लेकिन इस घटना ने तेंदूपत्ता संग्रहकों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

तेंदू पत्ता संग्रहण कार्य के दौरान हुआ घटना

भाजपा नेता दयानंद ने बताया कि आज सुबह करीब 5-30 बजे घायल ग्रामीण महेंद्र नेताम अपनी अपनी पत्नी के साथ जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गया था. इस बीच भालूओं ने पीछे से आकर ग्रामीण पर हमला कर दिया। वहीं घायल ग्रामीण की पत्नी ने आवाज दी, जिसके बाद लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से घायल को बालोद जिला अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल को रायपुर के मेकाहारा अस्पताल रेफर कर दिया गया।

शराबी दामाद ने सास से की गाली-गलौच मना करने पर गला दबाकर कर दी हत्या

कवर्धा/नवप्रदेश। दो मई की दरयानी रात को आरोपी ने अपनी सास के विवाद किया। सास ने गाली गलौच करने से मना किया तो आरोपी दामाद ने आक्रोश में आकर सास का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। चिल्फी पुलिस ने आरोपी को गिरतार कर जेल भेज दिया है।

चंद्रवती खुसरे(40) निवासी ग्राम बहनाखोदरा ने थाना चिल्पी के रिपोर्ट दर्ज कराया। पुलिस टीम गांव पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के दौरान प्रार्थीया व गवाहों से पूछताछ पर बताया कि उसका पति आए दिन शराब पीकर लड़ाई झगड़ा कर मारपीट करता था। इस वजह से करीब 17 वर्ष पूर्व से अपने मायके ग्राम बहनाखोदरा में अलग से मकान बनाकर अपने पति व बच्चों के साथ रहती थी।पति द्वारा 4-5 दिन पूर्व से लगातार शराब पीकर प्रार्थीया को मारपीट करने के वजह से परेशान होकर अपने भाई व अपनी मां के घर रहती थी। 2 मई की रात्रि 9 बजे उसका पति अमरलाल खुसरे(42) मायके में घर के सामने आकर प्रार्थीया को गाली गलौच कर रहा था। तब उसकी मां सुकोबाई द्वारा आरोपी को गाली गलौच करने से मना करने लगी। तब आरोपी ने मृतिका को बोला कि तुम मुझे आए दिन गाली गलौच करते हो मैं तुम्हें जान से मारकर खत्म कर दूंगा कहकर घर में लगे बिजली को बंद कर दिया और अपनी सास का गला दबाने लगा। उसकी सास 2 बार हिचकने का आवाज आने के बाद आवाज आना बंद हो गया। तब उसकी बेटी चंद्रवती को शंका हुआ तब अपने बड़े भाई बुद्ध सिंह, अमृत मेरावी, कोटवारीन दशरीबाई सोनवानी को बतायी।

बवाल अवैध खनिज मामले में विभाग की दिख रही निष्क्रियता, हथखोज खदान मामले में ग्रामीण हैं परेशान, शिकायतों पर कार्रवाई नहीं

विरोध करने वाले ग्रामीणों से भिड़े अवैध रेत परिवहन में शामिल समर्थक

गरियाबंद/नवप्रदेश। राजिम इलाके में यूटूबर की पिटाई के बाद अब रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर ग्रामीण आपस में भिड़ गए। हथखोज खदान से अवैध परिवहन को रोकने गए ग्रामीणों में आपस में हुई झड़प का वीडियो सामने आया है. चौबेबांधा अवैध खदान का कवरेज करने गए यूट्यूबर की हुई पिटाई का मामला शांत हुआ नही था कि अब हथखोज खदान में ग्रामीणों की पिटाई का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ ग्रामीण रेत का अवैध परिवहन कर रहे हाइवा को रोकते दिख रहे हैं. इसी बीच खदान का समर्थन करने वाले कुछ ग्रामीणों में विवाद हुआ. देखते ही देखते विवाद बढ़ा और खदान समर्थक लोगों ने परिवहन का विरोध करने वालों की जमकर पिटाई कर दी.घटना शुक्रवार की दोपहर की है. दरअसल, अवैध माइनिंग को लेकर अब प्रशासन ने पंचायत को नोटिस थमा दिया है, जिसके बाद गांव में अवैध परिवहन को लेकर भी आक्रोश है. जिले में हथखोज खदान की लीज जारी हुई है, लेकिन चिन्हांकित स्थल के बजाए दूसरे इलाके में अवैध खनन जारी है. अवैध खनन के बाद रेत की निकासी के लिए नदी के टीले को काटकर रास्ता बनाया गया है, जो सीधे रायपुर जिले के सीमा में पड़ने वाले रास्ते पर निकलता है. इस विवाद के अब ग्रामीणों का एक जंबो प्रतिनिधि मंडल राजधानी कूच कर सीएम से शिकायत करने की बात कह रही है. राजिम क्षेत्र में राजनीतिक शह पर 8 से भी ज्यादा अवैध खदान संचालित है. जहां रोजाना 400 से ज्यादा खेप रेत की चोरी हो रही है.

महिला से अश्लील चैट, शिक्षक निलंबित

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ में एक महिला कर्मचारी के साथ अभद्र व्यवहार के मामले में सहायक शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि निलंबन करते हुए शिक्षक ताराचंद पटेल पर कार्रवाई करने की बात कही गई है। इसके साथ ही पीड़िता की शिकायत पर खरसिया थाने में आरोपी शिक्षक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया। वहीं इस खबर के बाद आरोपी शिक्षक फरार बताया जा रहा है। पुलिस मामले में आरोपी शिक्षक की तलाश में जुटी हुई है। यह था पूरा मामलाः सहायक शिक्षक ताराचंद पटेल की ड्यूटी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान सामग्री वितरण एवं प्राप्ति कार्य में लगायी गयी थी। इसी दौरान एक महिला कर्मचारी ने सहायक शिक्षक पटेल पर अभद्र व्यवहार और अश्लील वॉट्सएप चैट के माध्यम से परेशान करने का आरोप लगाया। महिला कर्मचारी की शिकायत पर जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेय गोयल ने प्रारंभिक जांच के बाद शुक्रवार को शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

सरकार ने प्याज पर लगा निर्यात का प्रतिबंध हटाया

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया है। इसी के साथ सरकार ने न्यूनतम निर्यात कीमत (एमईपी) को 500 डॉलर प्रति टन पर निर्धारित किया है। गौरतलब है कि केंद्र का यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब देश में चुनाव जारी हैं और प्याज राजनीतिक दलों के लिए हवा बदलने वाली फसल साबित हुआ है।

विदेशी व्यापार मामलों के महानिदेशालय ने अपने नोटिफिकेशन में कहा, प्याज की निर्यात नीति को प्रतिबंधित से बदलकर मुक्त विषय में लाया जा रहा है। इसका न्यूनतम निर्यात मूल्य तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक 550 डॉलर प्रति टन होगा।इससे पहले पिछले साल अगस्त में केंद्र ने प्याज के निर्यात पर आंशिक तौर पर रोक लगाते हुए 31 दिसंबर 2023 तक के लिए इसकी निर्यात ड्यूटी 40 फीसदी कर दी थी। हालांकि, बाद में सरकार ने आठ दिसंबर, 2023 को इस साल 31 मार्च तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। मार्च में निर्यात प्रतिबंध को अगले आदेश तक बढ़ा दिया गया था। एक रात पहले ही सरकार ने प्याज के निर्यात पर 40 फीसदी ड्यूटी लगाने का एलान किया था। महाराष्ट्र के किसानों ने निर्यात प्रतिबंध का विरोध

कई राज्यों में घटा प्याज का उत्पादन

कृषि मंत्रालय ने मार्च में ही प्याज उत्पादन के आंकड़े जारी किए थे। इसके मुताबिक, 2023-24 (पहले अग्रिम अनुमान) में प्याज का उत्पादन पिछले साल के लगभग 302.08 लाख टन की तुलना में लगभग 254.73 लाख टन होने की उम्मीद जताई गई। आंकड़ों के मुताबिक, महाराष्ट्र में 34.31 लाख टन, कर्नाटक में 9.95 लाख टन, आंध्र प्रदेश में 3.54 लाख टन और राजस्थान में 3.12 लाख टन उत्पादन घटा है।

ट्रांसजेंडर और विविध लिंग के अधिकारों को लेकर हैंडबुक जारी

नई दिल्ली। भारत में ट्रांसजेंडर और विविध लिंग व्यक्तियों के अधिकारों पर हैंडबुक का अनावरण सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति ए.के. सीकरी ने ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के संस्थापक कुलपति प्रो. (डॉ.) सी. राज कुमार और ट्रांस जस्टिस आंदोलन के हितधारकों व कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में किया।यह हैंडबुक जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल में लॉ एंड मार्जिनलाइजेशन क्लिनिक, सेंटर फॉर जस्टिस, लॉ एंड सोसाइटी (सीजेएलएस) द्वारा प्रोफेसर दीपिका जैन और नताशा अग्रवाल की देखरेख में ट्रांस जस्टिस एंड द लॉ क्लिनिक नामक क्लिनिकल कोर्स के हिस्से के रूप में ट्रांसमेन कलेक्टिव, ईगल और फेमिनिस्ट फ्यूचर के सहयोग से तैयार की गई है।कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सांता बारबरा की पहल, हैंडबुक ट्रांसजेंडर व्यक्तियों (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 को उजागर करती है और ट्रांसजेंडर और विविध लिंग व्यक्तियों को उनके संवैधानिक और वैधानिक अधिकारों का दावा करने के लिए सशक्त बनाने का प्रयास करती है।

न्यायमूर्ति ए.के. सीकरी (पूर्व न्यायाधीश, सुप्रीम कोर्ट) ने विशेष संबोधन में हैंडबुक के महत्व पर जोर दिया और 2014 में राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण बनाम भारत संघ में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लिखने और सुनाने के अपने अनुभवों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा – हम फैसले से लेकर अधिनियम और अब इस हैंडबुक जैसे संसाधनों तक एक लंबा सफर तय कर चुके हैं जो समुदाय को उनके अधिकारों का एहसास करने और भारत के संविधान के वादों को पूरा करने में मदद करेगा।न्यायमूर्ति सीकरी ने न केवल न्यायशास्त्रीय दृष्टिकोण से, बल्कि समाज के भीतर सम्मान और प्रतिष्ठा सुनिश्चित करने के लिए भी पहचान का महत्व समझाया।प्रो. (डॉ.) सी. राज कुमार (संस्थापक कुलपति, ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी) ने स्वागत भाषण में नैदानिककानूनी शिक्षा के लिए जेजीयू की प्रतिबद्धता पर जोर दिया और टिप्पणी की कि – कानून स्कूलों के लिए सामाजिक न्याय आंदोलन के साथ जुड़ाव सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है।उन्होंने एक ऐसी हैंडबुक विकसित करने के लिए आवश्यक बौद्धिक कठोरता और सहयोगात्मक दृष्टिकोण पर भी जोर दिया जो व्यापक, सुलभ हो और जिसका उपयोग कार्यकर्ताओं व समुदाय के सदस्यों द्वारा जमीन पर किया जा सके।

हैंडबुक का परिचय देते हुए दीपिका जैन, लॉ की प्रोफेसर, वाइस डीन, निदेशक, लॉ एंड मार्जिनलाइजेशन क्लिनिक, सेंटर फॉर जस्टिस, लॉ एंड सोसाइटी, जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल और नताशा अग्रवाल, क्लिनिकल असिस्टेंट प्रोफेसर ऑफ लॉ, जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल ने बताया कि लॉ एंड मार्जिनलाइज़ेशन क्लिनिक का काम अंतर्संबंध और समुदाय-केंद्रित दृष्टिकोण पर आधारित है।प्रत्येक नैदानिक परियोजना का उद्देश्य और परिणाम ट्रांस मूवमेंट के साथियों द्वारा तैयार किया जाता है।

टेक कंपनियों के कर्मचारियों पर गिर रही गाज, 80,000 बेरोजगार

नई दिल्ली। टेक सेक्टर में इस साल के पहले चार महीनों में 80,000 से ज्यादा कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया। वैश्विक स्तर पर स्टार्टअप इकोसिस्टम में छंटनी जारी है। टेक सेक्टर में नौकरियों में कटौती पर नजर रखने वाला पोर्टल, लेऑफ डॉट एफवाई के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, 279 टेक कंपनियों ने 3 मई तक 80,230 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला। 2022 और 2023 में, दुनिया भर की टेक कंपनियों ने 425,000 से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी की थी। वैश्विक मंदी ने आईटी/टेक और स्टार्टअप इकोसिस्टम को प्रभावित किया।

हाल ही में, यूएस कस्टमर एक्सपीरियंस मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म स्प्रिंकलर ने लगभग 116 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया। एक्सरसाइज इक्विपमेंट और फिटनेस कंपनी पेलोटन ने इस हफ्ते अपने 15 प्रतिशत कार्यबल यानी लगभग 400 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की घोषणा की। रिपोर्ट्स के अनुसार, गूगल ने पुनर्गठन के चलते लगभग 200 कर्मचारियों को नौकरी से हटाया। एलन मस्क द्वारा संचालित टेस्ला ने अपने वैश्विक कार्यबल से 10 प्रतिशत यानी 14,000 कर्मचारियों की कटौती करने के कुछ हफ्ते बाद सैकड़ों कर्मचारियों को भी नौकरी से निकाल दिया। टेक अरबपति ने छंटनी के नए राउंड में पूरी टेस्ला चार्जिंग टीम को हटा दिया। भारत में, राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म ओला कैब्स ने एक पुनर्गठन प्रक्रिया शुरू की है, जिसका कम से कम 10 प्रतिशत कार्यबल पर प्रभाव पड़ेगा।

वॉट्सऐप यूजर्स को मिलेगा चेट फिलटरिंग फीचर्स

नई दिल्ली। वॉट्सऐप अपने यूजर्स के लिए एक ओर खास फीचर लेकर आया है, जिससे यूजर्स की स्टोरेज की प्रॉब्लम काफी हद तक दूर हो जाएगी। जिस फीचर पर इन दिनों काम किया जा रहा है, उसको Android 2.24.6.16 वर्जन के साथ बीटा टेस्टर्स के लिए उपलब्ध करवा दिया गया है। उसका नाम है। इस फीचर के आने के बाद यूजर्स को अपनी चैट लोकेट करने में आसानी होगी। इसमें वह चैट फिल्टर लगाकर चैट्स को खोज पाएंगे और स्टोरेज को मैनेज कर पाएंगे। इस फीचर में तीन चैट फिल्टर मिलेंगे, जो कि: All, Unread और Groups होंगे। इनके जरिये चैट्स को शॉर्ट कर पाएंगे। इसके अलावा वॉट्सऐप के भीतर यह फीचर यूजर्स के इंटरैक्शन को बढ़ाने के और तरीके तलाश रहा है। यह फीचर एंड्रॉइड 2.24.10.8 अपडेट के साथ उपलब्ध है। वेबबीटा के अनुसार, वॉट्सऐप स्टोरेज को प्रबंधित करने के लिए एक चैट फिल्टरिंग सुविधा शुरू कर रहा है।स्टोरेज मैनेज करने के लिए चैट फिल्टरिंग फीचर बीटा टेस्टर्स के लिए उपलब्ध करवा दिया गया है।

डीपफेक पर एक्स का अपडेट फर्जी इमेज पर कसेगा नकेल

नई दिल्ली। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने शनिवार को कहा कि एक्स पर 'इम्प्रूव्ड इमेज मैचिंग' का एक नया अपडेट लॉन्च किया जा रहा है जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डीपफेक के साथ-साथ शैलोफेक की भी निगरानी करेगा।

एक्स ने एक पोस्ट में कहा, हमने अभी अपडेट जारी किया है, जो किसी भी फर्जी इमेज की निगरानी करेगा। मस्क ने कहा कि इस कदम से डीपफेक (और शैलोफेक) को हराने में मदद मिलेगी। शैलोफेक्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद के बिना तैयार की गई फोटोज, वीडियो और वॉयस क्लिप हैं, और व्यापक रूप से उपलब्ध एडिटिंग और सॉफ्टवेयर टूल का इस्तेमाल करते हैं। इमेज पर एक्स नोट्स ऑटोमैटिक तरीके से उन पोस्ट्स पर दिखाई देते हैं, जिनमें इमेज मिलती है। कंपनी ने कहा, इन नोट्स का दर्जनों, सैकड़ों और कभी-कभी हजारों पोस्ट पर मैच होना आम बात है। अब, आप सीधे नोट डिटेल्स में देख सकते हैं कि इमेज नोट कितने पोस्ट से मिलते है। चुनावी मौसम में, एक्सपर्ट्स ने फर्जी खबरों और डीपफेक के प्रसार के बारे में चेतावनी दी है, जिसका उद्देश्य चुनाव को प्रभावित करना है। इंडिपेंडेंट ओवरसाइट बोर्ड ने वैश्विक चुनावों को खतरे में डालने वाले डीपफेक से निपटने के लिए तत्काल कार्रवाई का आह्वान किया है।

खेल, मनोरंजन

बृजेश, आर्यन समेत 7 भारतीयों का फाइनल में प्रवेश

अस्ताना। बृजेश टम्टा और आर्यन ने पांच अन्य भारतीय मुक्केबाजों के साथ एएसबीसी एशियन अंडर-22 और यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 में युवा पुरुष वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया।

भारत के लिए शुरुआत करते हुए, बृजेश ने 48 किग्रा वर्ग में मंगोलिया के तालाइबेक इसूर को 5-0 के ठोस स्कोर के साथ हराया।इसके बाद, राहुल कुंडू (75 किग्रा) और आर्यन (92 किग्रा) ने समान सर्वसम्मत निर्णयों के साथ चीन के कांजी बेई एर्सी और किर्गिस्तान के अलीबेव टाइनिस्तान को पछाड़ दिया। दूसरी ओर, सागर जाखड़ (60 किग्रा) ने अंतिम दौर में किर्गिस्तान के सादिरोव दिलेरबेक पर रेफरी स्टॉप द कॉन्टेस्ट (आरएससी) की जीत के लिए मजबूर किया। आर्यन (51 किग्रा), यशवर्धन सिंह (63.5 किग्रा) और प्रियांशु (71 किग्रा) ने विभाजित निर्णय के साथ भारत की जीत की लय को आगे बढ़ाया।

इस बीच, सुमित (67 किग्रा) और साहिल (80 किग्रा) ने कजाकिस्तान के सबिरखान तोरेखन और किर्गिस्तान के जाकिरोव मुखमदाजिज के खिलाफ 0-5 से हारने के बाद कांस्य पदक के साथ समापन किया। भारतीय युवा दल ने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में महिला वर्ग में 12 सहित 22 पदक हासिल किए हैं। लक्ष्य राठी (92+ किग्रा) और मौजूदा जूनियर विश्व चैंपियन निशा (52 किग्रा) और आकांशा (70 किग्रा) 10 अन्य भारतीय युवा मुक्केबाजों के साथ फाइनल में जगह बनाने के लिए लड़ेंगे। ध्रुव सिंह (80 किग्रा), गुड्डी (48 किग्रा) और पूनम (57 किग्रा) ने अंडर-22 वर्ग के अंतिम-चार चरण में अपनी जगह बना ली। शनिवार को ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी प्रीति (54 किग्रा) और मौजूदा युवा विश्व चैंपियन विश्वनाथ सुरेश (48 किग्रा) 17 अन्य मुक्केबाजों के साथ अंडर-22 सेमीफाइनल में भारत की कमान संभालेंगे।

मुस्कान (75 किग्रा) और अल्फिया पठान (81 किग्रा) को उनके संबंधित अंडर-22 सेमीफाइनल में बाई मिली है।यूथ और अंडर-22 वर्ग के फाइनल क्रमशः सोमवार और मंगलवार को खेले जाएंगे।

एनिमेटेड सीरीज बाहुबली-क्राउन ऑफ ब्लड का ट्रेलर

साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली ने इउंटरनेशनल लेवल पर इतिहास रचा था. इस फिल्म की कहानी को लेकर आज भी दर्शकों में रोमांच कायम है. वहीं पहले भाग की रिलीज के बाद एक इंटरनेशनल सवाल बन गया था कि कटप्पा ने बाहुबली को क्यों मारा ? फिल्म के दूसरे भाग को भी दर्शकों ने काफी पसंद किया था. अब ओटीटी पर बाहुबली अलग अवतार में आने वाली है. एसएस राजामौली की ये फिल्म अब एक एनिमेटेड सीरीज में रिलीज होगी. इसका नाम बाहुबली– क्राउन ऑफ ब्लड रखा गया है. शो का ट्रेलर लॉन्च किया गया है. इसे मेकर्स फिल्म का प्रीक्वल बता रहे हैं. माहिष्मती साम्राज्य पर आधारित ये सीरीज जल्द ही ओटीटी प्लैटफॉर्म हॉटस्टार पर आने वाली है. इसका ट्रेलर रिलीज हो चुका है. नया एनिमेटेड प्रोजेक्ट फिल्म फ्रेंचाइजी का प्रीक्वल है. एक बयान के अनुसार, बाहुबली– क्राउन ऑफ ब्लड, एक ऐसी कहानी है जहां बाहुबली और भल्लालदेव महिष्मति के महान साम्राज्य को बचाने के लिए साथ लड़ते हैं. दोनों भाई अपनी खटास भूलकर रक्तदेव नाम के रहस्यमय सरदार के खिलाफ सिंहासन की रक्षा के लिए हाथ मिलाते हैं. सीरीज देखकर दर्शक एक्साइटमेंट से भर गए हैं. फिल्म में प्रभास, राणा दग्गुबाती, अनुष्का शेट्टी और तमन्ना भाटिया ने अभिनय किया था. एनिमेटेड सीरीज में भी किरदार हूबहू इनके चेहरे से मिले-जुले बनाए गए हैं. हमें प्रभास और राणा दग्गुबाती की झलक देखने को मिलती है.पावर-पैक एक्शन सीरीज़ 17 मई 2024 से डिज़्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है.बाहुबली– क्राउन ऑफ ब्लड के निर्माता राजामौली ने कहा, बाहुबली की दुनिया बहुत विशाल है, और फिल्म फ्रेंचाइजी इसका सटीक परिचय थी. यह कहानी पहली बार बाहुबली और भल्लालदेव के एक काले रहस्य को उजागर करेगी क्योंकि दोनों भाइयों ने मिलकर माहिष्मती को बचाया था. हम बाहुबली के प्रशंसकों के लिए इस नए अध्याय को पेश करके और इस कहानी को एनिमेटेड प्रारूप में लाकर बेहद खुश हैं।

लगातार चौथे हार के बाद प्लेऑफ से मुंबई बाहर

मुंबई। आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस को उसके घर पर हराकर कोलकाता नाइट राइडर्स ने सीजन की 7वीं जीत हासिल कर ली है. कोलकाता ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 170 रनों का लक्ष्य दिया. जवाब में मुंबई की टीम अपने घरेलू दर्शकों के सामने 145 के स्कोर पर ऑलआउट हो गई. नतीजन, कोलकाता 24 रनों से इस मुकाबले को हार गई.

कोलकाता नाइट राइडर्स के दिए 170 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की टीम 145 के स्कोर पर ही ऑलआउट हो गई. पूरी टीम 18.5 ओवरों में 145 रन पर धराशाही हो गई. मुंबई के लिए सूर्यकुमार यादव ने 56(35) रनों की सबसे बड़ी पारी खेली. उनके अलावा, ईशान किशन 13, रोहित शर्मा 11, नमन धिर 11, तिलक वर्मा 4, नेहाल वडेरा 6, हार्दिक पांड्या 1, टिम डेविड 24, गेराल्ड कोएट्जी 8, पीयूष चावला बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए. इस तरह मुंबई इंडियंस की टीम 145 रन पर ही ऑलआउट हो गई.

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता की टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाते हुए 20 ओवर में 169 के स्कोर पर ऑलआउट हो गई थी. केकेआर के लिए वेंकटेश अय्यर ने सबसे बड़ी पारी खेली. वह 52 गेंदों पर 6 चौके और 3 छक्के लगाकर 70 रन के स्कोर पर आउट हुए थे. इसके अलावा मनीष पांडे ने इस मैच में 31 गेंदों पर 42 रन की अहम पारी खेली.

इन दोनों बल्लेबाजों के सिवा अंगकृष रघुवंशी एकमात्र ऐसे बल्लेबाज रहे, जो डबल डिजिट के स्कोर तक पहुंचे और 13 रन बनाकर आउट हुए. वहीं, दूसरे बल्लेबाजों की बात करें, तो फिलिप सॉल्ट 5, सुनील नरेन 8, श्रेयस अय्यर 6, रिंकू सिंह 9, आंद्रे रसेल 7, रमनदीप सिंह 2 और मिचेल स्टार्क शून्य पर ही आउट हो गए. पूरी टीम 19.5 ओवरों में 169 के स्कोर पर ऑलआउट हो गई।

हार्दिक आईपीएल जैसे टूर्नामेंट का दबाव महसूस कर रहे हैं: फिंच

मुंबई। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर आरोन फिंच ने मुंबई इंडियंस के प्रदर्शन का आकलन करते हुए कहा कि हार्दिक पांड्या आईपीएल जैसे टूर्नामेंट का दबाव महसूस कर रहे हैं। केकेआर की पारी के अंत में जसप्रीत बुमराह (3-18) और नुवान तुषारा (3-42) ने तीन-तीन विकेट लिए, क्योंकि मुंबई इंडियंस ने वेंकटेश अय्यर की 52 गेंदों में 70 रनों की शानदार पारी के बावजूद उन्हें 169 रनों पर सीमित कर दिया, जिन्होंने छठे विकेट के लिए मनीष पांडे के साथ 83 रन जोड़े। फिंच ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव से कहा, वानखेड़े स्टेडियम में ओस गिरने के कारण आप उनसे 170 रनों का पीछा करने की उम्मीद कर सकते हैं। यह आम तौर पर बल्लेबाजी करने के लिए एक खूबसूरत जगह है। हां यह थोड़ा अस्वाभाविक था, जिस तरह से यह थोड़ा अधिक टर्न ले रहा था और यह थोड़ा अधिक दो गति वाला था जो हमने अतीत में नहीं देखा था। मिचेल स्टार्क ने 4-33 विकेट लिए, 19वें ओवर में चार गेंदों में तीन विकेट लेकर मुंबई की पारी 145 रन पर समेट दी, जब स्पिन जोड़ी सुनील नारायणन और वरुण चक्रवर्ती ने उन्हें समान 2-22 के विकेट के साथ 61/4 पर रोक दिया था। वह वास्तव में थका हुआ लग रहा है और कोई ऐसा व्यक्ति है जो दबाव महसूस कर रहा है। और मैं उसके लिए महसूस करता हूं, मैं स्वयं उस स्थिति में रहा हूं जहां आप व्यक्तिगत रूप से जो कुछ भी प्रयास कर रहे हैं वह काम नहीं कर रहा है। लेकिन आप टीम के प्रदर्शन के लिए कप्तान के रूप में सारी जिम्मेदारी निभाते हैं और यह एक अविश्वसनीय रूप से कठिन जगह है, केकेआर का अगला मुकाबला रविवार को लखनऊ में लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा जबकि मुंबई इंडियंस सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी।

फिल्म कुबेर से नागार्जुन की दिलचस्प फर्स्ट लुक

शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित एक बहुप्रतीक्षित सामाजिक नाटक कुबेर ने दर्शकों का ध्यान खींचा है। फिल्म में धनुष के किरदार के हालिया खुलासे ने प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है, जिससे इसकी रिलीज की प्रत्याशा बढ़ गई है। अब किंग नागार्जुन अक्किनेनी का आधिकारिक फर्स्ट लुक भी सामने आ गया है, जिसका प्रीमियर आज विशेष रूप से स्टार स्पोर्ट्स पर किया गया।

निर्माताओं ने फिल्म कुबेर से नागार्जुन का पहला लुक जारी किया। वीडियो में अभिनेता साधारण लेकिन आकर्षक लगे। वह हाथ में छाता लिए एक ट्रक के सामने खड़े नजर आ रहे हैं। पहली झलक में कैश से भरा एक भारी कंटेनर नजर आ रहा है। चूंकि बारिश हो रही है इसलिए नागार्जुन छाता लेकर पहुंचते हैं। जब वह 500 का नोट जमीन पर गिरा हुआ देखते हैं तो वह अपने बटुए से दूसरा नोट निकालते हैं और ट्रक में रख देते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि फिल्म में नागार्जुन एक ईमानदार अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। हालांकि, पहली नजर में उनके किरदार के अन्य विवरण सामने नहीं आए हैं। देवी श्री प्रसाद ने क्लिप के लिए एक शानदार बीजीएम स्कोर किया। कुशल निर्माता शेखर कम्मुला धनुष और नागार्जुन को विपरीत भूमिकाओं में दिखा रहे हैं। जहां फर्स्ट लुक में धनुष एक गरीब लड़के के गेट-अप में नजर आए, वहीं नागार्जुन अपने फर्स्ट लुक पोस्टर में बेहद क्लासी लगे। सुनील नारंग और पुस्कुर राम मोहन राव द्वारा निर्मित फिल्म कुबेर में रश्मिका मंदाना की भूमिका भी काफी महत्वपूर्ण बताई जा रही है। कुबेर एक पैन इंडिया फिल्म है जिसमें धनुष, नागार्जुन अक्किनेनी, रश्मिका मंदाना और जिम सर्भ मुख्य भूमिका में हैं।

न्यूज गैलरी

युवक पर चाकू से हमला

रायपुर/नवप्रदेश। टाटीबंध शराब दुकान के पास दो युवकों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी लीलाराम साहू 34 वर्ष आदर्श दिद्वालय के पास टाटीबंध का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी टाटीबंध के शराब दुकान में शराब खरीदने के लिए लाइन में लगा हुआ था। तभी आरोपी आकाश पांडे और विश्वंत यादव ने पहले शराब लेने की विवाद पर प्रार्थी से गाली-गलौज कर चाकू मारकर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 307, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ऑफिस से हजारों रुपए के सामान की चोरी

रायपुर/नवप्रदेश। जागृतिनगर स्थित उड़िसा कांक्रील एंड एलायड इंस्डस्ट्रीज लिमिटेड के ऑफिस से अज्ञात चोर ने हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गुरूप्रित सिंह 25 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि जागृतिनगर स्थित उड़िसा कांक्रील एंड एलायड इंस्डस्ट्रीज लिमिटेड के ऑफिस के दिवाल फांदकर अज्ञात चोर ने अंदर प्रवेश किया और आलमारी में रखे बैरिंग, कॉपर वायर, सिट व अन्य सामान पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 457,380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युवक से की गई मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। सेक्टर 28 नवागांव में पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों ने बाइक सवार का रास्ता रोककर मारपीट किए। प्रार्थी की शिकायत पर राखी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रूपेश टंडन 23 वर्ष सेक्टर 28 नवागांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी आरोपी सोनू पुरैना अपने दोस्त के साथ आया और प्रार्थी का रास्ता रोककर गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं आरोपियों ने उसके बाइक में भी तोड़फोड़ किया। प्रार्थी की शिकायत पर राखी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 341, 427, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

गेट के पास खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। कुंदरू गेट के पास नेवरा में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी क अनुसार प्रार्थी गजानंद वर्मा 38 वर्ष ग्राम जोता का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीएफ 2026 को नेवरा के कुंदरू गेट के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

महिला से छेड़खानी

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम घीवरा में महिला से छेड़खानी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार 30 वर्षीय प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी नवीन वर्मा ने प्रार्थिया का रास्ता रोककर बेइज्जत करने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। प्रार्थिया की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 341, 354, 506 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम शराब पीते 7 पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मंदिरहसौद पुलिस ने शराब भट्ठी के पास सरेआम शराब पीते आरोपी सिकन्दर प्रसाद 31 वर्ष, मोवा पुलिस ने आरोपी रमन पटेल 58 वर्ष, मौदहापारा पुलिस ने आरोपी भावेश पटेल 31 वर्ष एवं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी राधेश्याम देवांगन 55 वर्ष, राधेश्याम देवांगन 50 वर्ष, आयूष प्रधान 37 वर्ष व श्रीकांत साहू 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

बिजली के बिल को लेकर जारी हुए नए निर्देश

- अधिकारियों को लगेगा झटका
- विभाग ने कहा- अधिकारी भरेंगे सरचार्ज
- समय पर बिल जमा नहीं हुआ तो होगा एक्शन

रायपुर/नवप्रदेश। अब नगरीय निकायों को हर महीने बिजली के बिल का भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसा नहीं करने पर अधिकारियों की जेब ढीली हो सकती है। निर्देश के अनुसार समय पर बिजली बिल का भुगतान नहीं करने पर निकायों को अलग से सरचार्ज देना पड़ेगा। यह सरचार्ज अधिकारियों को अपने जेब से भरना होगा। नगरीय प्रशासन विकास विभाग ने प्रदेश के सभी निकायों के आयुक्तों और सीएमओ को हर माह बिजली बिल का परीक्षण और एनर्जी ऑडिट कराने को कहा है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश के लगभग सभी निकायों में बिजली का बिल नहीं भरा गया है, कई निकायों में बड़ा अमाउंट पेंडिंग है। नियमों के अनुसार समय पर बिजली बिल जमा नहीं होने से सरचार्ज और कंपाउंड सरचार्ज जिसे चक्रवृद्धि ब्याज भी कहते हैं, भरना पड़ता है। अब तक इसका भुगतान निकायों द्वारा किया जाता था। अब इसके लिए निर्देश जारी हो गए हैं, जिसके हिसाब से अगर बिजली का बिल समय नहीं भरा गया तो अब सरचार्ज की वसूली आयुक्तों और सीएमओ से होगी।

अधिकारियों ने बताया कहां सबसे ज्यादा होती है खपत

नए निर्देश के बाद अधिकारियों का कहना है कि सबसे अधिक बिल स्ट्रीट लाइटों के जलने से जेनरेट होता है। इसके साथ ही पंप हाउसों, दफ्तरों, गार्डनों में बिजली की खपत ज्यादा होती है। जितना भी बिल आ रहा है, उतना भुगतान नहीं हो पा रहा है।

क्या होता है बिजली विभाग में सरचार्ज?

बिजली बिल के भुगतान की एक समय सीमा होती है। उसी समय सीमा में अगर बिजली बिल का भुगतान नहीं किया गया तो जो अतिरिक्त शुल्क देना पड़ता है, उसे ही सरचार्ज कहते हैं। एक माह बिजली बिल नहीं जमा करने पर संबंधित निकायों को 7 फीसदी सरचार्ज लगता है। इसके बाद एक माह, दो माह जैसे-जैसे बिल पेंडिंग होता है, फिर उसमें कंपाउंड सरचार्ज यानी चक्रवृद्धि ब्याज लगता है।

लू का अलर्ट, रोजाना तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी

रायपुर/नवप्रदेश। छग के कई इलाकों में मई महीने की शुरुआत से ही गर्मी बढ़ने लगी है। तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी के कारण लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश भर में लगातार बढ़ रही गर्मी के चलते दोपहर में लोग घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। इसी बीच मौसम विभाग ने लोगों की चिंता बढ़ाने वाला अपडेट दिया है।

दरअसल, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में तापमान में 3 से 4 डिग्री तक की बढ़ोतरी होने की संभावना जताई है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में प्रदेश में लू की स्थिती बने रहने की संभावना भी जताई है। बात करें प्रदेश के सबसे गर्म शहरों की तो इसमें इस बार दुर्ग पहले नंबर पर रहा। दुर्ग का तापमान 42.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं, राजधानी रायपुर 41.2, बिलासपुर में 40.5, पेंड्रा में 38.0, अंबिकापुर में 37.6, जगदलपुर में 40.2, दुर्ग में 42.8, राजनांदगांव में 42 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है।

स्वास्थ्य रक्षक उपकरणों पर 18 से 28 प्रतिशत जीएसटी, मरीज पर आर्थिक बोझ : डॉ. विनोद तिवारी

रायपुर/नवप्रदेश। आईएमए एसोसिएशन इकाई छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विनोद तिवारी राज्य सचिव नितिन जुनेजा एवं राजधानी के वरिष्ठ चिकित्सक अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेन्द्र शुक्ला ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में संयुक्त रूप से बताया कि स्वास्थ्य रक्षक उपकरणों जैसे वेंटिलेटर, मॉनिटर, शुगर स्ट्रिप्स एवं आपातकालीन मशीन, अल्ट्रासाउंड मशीन, सीटी स्कैन, एमआरआई सहित अन्य उपकरणों पर खरीदी करने पर केन्द्र सरकार द्वारा 18 से 28 प्रतिशत की जीएसटी राशि वसूल की जाती है जो अनुचित है। जीएसटी राशि की वसूली का असर बिस्तर लेटे मरीज पर आर्थिक भार के सिवाय कुछ नहीं है। स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में आने वाली समस्याएं जैसे-चिकित्सा संस्थानों में हिंसात्मक गतिविधि पर रोक, 50 बिस्तरों पर छोटे अस्पतालों और क्लिनिकों को क्लिनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट अधिनियम से छूट दी जाए।

चोरी का चेक लगाकर तीन करोड़ निकालने की कोशिश

- दो आरोपित गिरफ्तार एक हुआ फरार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी थाने की पुलिस ने स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की शिकायत पर कुछ लोगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्होंने चेक चुराकर, उस पर फर्जी हस्ताक्षर कर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अकाउंट से तीन करोड़ रुपये आहरण करने की कोशिश की थी।

इस मामले में शुक्रवार को दो आरोपित और गिरफ्तार किए गए, जबकि एक फरार है। इसके पहले एक अन्य आरोपित भगवान साहू को गिरफ्तार किया गया था। बता दें कि डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के सीनियर अकाउंटेट की शिकायत पर पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी।

जानकारी के अनुसार 19 अप्रैल को प्रार्थी स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के उप महाप्रबंधक मंदार शिलेदार समेत दो अन्य की शिकायत पर पुलिस ने मेसर्स बग्स साफ्ट टेक प्राइवेट लिमिटेड के संचालक बुद्ध भगवान साहू, फाइनेंस एजेंट राजेश यादव और एक अन्य के खिलाफअपराध दर्ज किया था।

सीनियर अकाउंटेट ने पुलिस को बताया है कि कंपनी का एक्सिस बैंक में अकाउंट है। बग्स साफ्ट टेक प्राइवेट लिमिटेड के नाम से तीन करोड़ रुपये भुगतान करने का मैसेज आया। इस संबंध में जानकारी जुटाई गई, तब पता चला कि डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने किसी के नाम से तीन करोड़ रुपये का चेक जारी नहीं किया है। इसके बाद बैंक से चेक क्लियरेंस होने से रुकवाया गया और जिनके नाम से चेक जारी किया गया था, उसके बारे में जानकारी जुटाई गई। इधर पुलिस ने विवेचना के दौरान आरोपित भगवान साहू ने राजेश यादव और अन्य अज्ञात आरोपितों के साथ मिलकर अपराध करना बताया, जिनकी तलाश की जा रही थी।

वोटिंग स्याही दिखाने पर ओम हॉस्पिटल में निःशुल्क ओपीडी

रायपुर/नवप्रदेश। चुनाव आयोग की कोशिश है 100त्न मतदान की, इसके लिए आयोग व् विभिन्न संगठन पूर्ण कोशिश में लगे हैं, इसी क्रम में लोगों को मतदान देने प्रोत्साहित करने व् अपनी सेहत की तरफ जागरूक रखने के उद्देश्य से महादेव घाट रोड स्थित ओम हॉस्पिटल ने अनोखी पहल की है जो भी व्यक्ति वोटिंग स्याही को ओम हॉस्पिटल में दिखायेंगे, उसे OPD पूर्णतः फ्री रहेगी।

जाँच में 50 फिसदी तक की छुट रहेगी तथा इलाज में 10त्न की छूट रहेगी। इस छुट की वैधता वोटिंग डालने के 15 दिन बाद तक रहेगी. ओम हॉस्पिटल मैनेजमेंट जनता से अपील करता है अपनी ताकत को समझे और वोट अवश्य दें व अपने स्वास्थ्य का रूटीन चेकअप भी करायें।

महिलाओं से कैसा व्यवहार करें कांग्रेसियों को पता नहीं : अजय

रायपुर/नवप्रदेश। राधिका खेड़ा के मामले में कांग्रेस की जांच को लेकर भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि यह सब औपचारिकता है. कांग्रेसियों ने एक महिला के साथ अपमानजनक व्यवहार किया. महिलाओं के साथ कैसे व्यवहार करें, यह कांग्रेसियों को नहीं पता है. इस मामले में कार्रवाई होनी चाहिए।

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने मीडिया से चर्चा में कहा कि राधिका खेड़ा इतनी असुरक्षित हो गई कि वे पीसीसी चीफ के पास जाने के लिए अपनी मां को साथ लेकर गई. यह कांग्रेस की संस्कारहीनता है. वहीं पीसीसी चीफ दीपक बैज को स्क्रिप्टेड लीडर बताते हुए कहा कि भूपेश बघेल जो बोल दें या पेपर में वो जो लिख दें, उसे वे अपनी भाषा में दोहरा देते हैं. बैज का कोई मौलिक चिंतन नहीं हैं.चरणदास महंत के बयान कि 'मोदी-शाह 10वीं पास हमें क्या संविधान सिखाएंगे' पर बीजेपी विधायक ने कहा वे संतुलित बोलने वाले आदमी हैं, लेकिन असंतुलित बोल रहे हैं, इसके पीछे कही न कहीं कोई कारण है।

विदेशी संसदीय मंडल को देश में हुए विकास की पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने दी जानकारी

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। पूर्व कृषि मंत्री और पूर्व सांसद चंद्रशेखर साहू ने 2 मई को भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में विदेशी संसदीय मंडल के साथ बैठक की। बैठक में श्री साहू ने विदेशी संसदीय मंडल को मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में देश में हुए अभूतपूर्व कार्यों की जानकारी दी। श्री साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों के कारण भारत पिछले 10 वर्षों में विश्व की 11वीं से 5वीं अर्थव्यवस्था बन गई है। वह भी तब, जब पूरा विश्व 2 वर्षों तक कोरोना महामारी से जूझ रहा था और इस दौरान विश्व की महाशक्ति कहीं जाने वाली कई देशों की अर्थव्यवस्था भी धराशायी हो गई थी। श्री साहू ने बताया कि भारत को अगले 3 वर्षों में विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने की प्रधानमंत्री मोदी ने गारंटी दी है और निश्चित तौर पर भारत, प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त और सक्षम नेतृत्व में इस लक्ष्य को हासिल कर लेगा।

निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए किया गया कंट्रोल रूम स्थापित

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आमजनों की षिकायतों के समाधान हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय में कंट्रोल रूम की स्थापना कर 24 घंटे संचालन के लिए अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। कंट्रोल रूम का संपर्क नंबर 07759-221096 है। यहां सी-विजिल ऐप, एनजीपीएस, सीपीएस, ऑफ्लाइन और टेलीफोन के माध्यम से षिकायत की जा सकती है।



वोटिंग कराने कोरबा जिले से बाहर जाएंगे मतदान कर्मी

- गौरला-पेण्ड्रा के लिए कोरबा, करतला, बरपाली, रामपुर, कटघोरा और पाली से कल बस होंगी रवाना
- मतदान कर्मियों को समय पर उपस्थित होने के दिए निर्देष

कोरबा/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कोरबा जिले से अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी मतदान दल के रूप में गौरेला-पेण्ड्रा (मरवाही विधानसभा) क्षेत्र में लगाई गई है। उक्त मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को गौरेला-पेण्ड्रा ले जाने हेतु वाहन की व्यवस्था की गई है। एसडीएम कोरबा श्री श्रीकांत वर्मा ने बताया कि विकासखण्ड कोरबाके अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए बस पीजी कॉलेज कोरबा, करतला क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करतला खेल मैदान, षासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर खेल मैदान तथा प्राथमिक षाला बरपाली के खेल मैदान के सामने से बस रवाना होगी। पोड़ी-उपरोड़ातथाकटघोरा क्षेत्र के अधिकारी-कर्मचारियों के लिए बस तहसील कार्यालय कटघोरा से तथा पाली क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए षासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाली से बस रवाना होगी।

सभी बसें 05 मई को दोपहर 12 बजे मतदान दल को लेकर गौरेला-पेण्ड्रा के लिए रवाना होगी। बस में जाने वाले सभी मतदान दल की उपस्थिति हेतु अटेंडेंस ली जाएगी। कुल 846 कर्मचारियों हेतु 19 बसों की व्यवस्था की गई है।

प्रेक्षक से आम नागरिक निर्वाचन संबंधी कर सकते हैं शिकायत

लोकसभा निर्वाचन 2024 कोरबा लोकसभा अंतर्गत जिले के सभी चारों विधानसभा (रामपुर, कटघोरा, पाली-तानाखार, कोरबा) हेतु सामान्य प्रेक्षक श्री प्रेमसिंह मीणा (आईएएस)से आमनागरिक सुबह 9 बजे से 10 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस कक्ष क्रमांक-1 में मुलाकात कर सकते हैं। इसी तरह उनके मोबाइल नम्बर 7647045883 में सम्पर्क कर निर्वाचन संबंधी शिकायत की जा सकती है। इसी तरह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कोरबा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के दो विधानसभा (भरतपुर-सोनहत, मनेन्द्रगढ़), जिला कोरिया के 01 विधानसभा (बैकुण्ठपुर) एवं जिला गौरला-पेण्ड्रा-मरवाही के 01 विधानसभा (मरवाही) हेतु सामान्य प्रेक्षक श्री कैलाष सुखदेव पगारे (आईएएस) को नियुक्त किया गया है। उक्त विधानसभा के संबंधित निर्वाचन संबंधी षिकायतों के लिए आम नागरिक एनटीपीसी स्थित कावेरी गेस्ट हाउस में सुबह 09 से 10 बजे तक कक्ष क्रमांक 01 में मुलाकात कर सकते हैं। इसके साथ ही इनके मोबाइल नंबर 7647046318 में संपर्क कर निर्वाचन संबंधी षिकायत कर सकते हैं।